बोनस की गणना के लिए निर्धारित मासिक वेतन सीमा 7,000 रुपए है। इसी आधार पर 78 दिन के बोनस की अधिकतम राशि 17,951 रुपए तय होती है। हालांकि, कर्मचारी संगठनों का कहना है कि बोनस गणना की यह सीमा वर्ष 2014-15 से नहीं बढ़ी है। इससे कर्मचारियों को मिलने वाली राशि में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हो पा रही है।

रेलवे के प्रदर्शन के आधार पर बोनस

सरकार के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय रेलवे ने 1,670 मिलियन टन माल ढुलाई की और करीब 7.41 अरब यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया। उत्पादकता आधारित बोनस का उद्देश्य कर्मचारियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना और रेलवे ▶▶शेष पेज 11 पर

बस में सवार थे 45 यात्री

ग्वालियर से दतिया आ रही बस को डंपर ने मारी टक्कर, 24 घायल



11 पुरुष, 9 महिलाएं और 3 बच्चे जिला अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶दतिया

जिले में बुधवार को बड़ौनी तिराहे के पास तेज रफ्तार डंपर ने यात्री बस को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बस में सवार 23 यात्रियों और डंपर चालक समेत 24 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। जानकारी के अनुसार, यादव बस सर्विस की बस (एमपी 07 पी 1567) करीब 45 यात्रियों को लेकर ▶▶शेष पेज 11 पर

लोकायुक्त ने 15 ठिकानों पर की सर्चिंग

प्रधान आरक्षक के पास आय से 568 प्रतिशत ज्यादा अनुपातहीन संपत्ति



वर्तमान बाजार मूल्य 29.73 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास



फिरोज खान

इंदौर पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में पदस्थ प्रधान आरक्षक चालक फिरोज खान के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में लोकायुक्त ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। लोकायुक्त इंदौर और उज्जैन की संयुक्त टीम ने 14 अक्टूबर को सुबह 6 बजे देवास के आदर्श नगर स्थित आवास सहित 15 ठिकानों पर सर्चिंग ▶▶शेष पेज 11 पर

दुष्यंत गौतम की नियुक्ति के विरोध में अंकिता के माता-पिता का धरना

इंडिया गेट पर राहुल-प्रियंका ने दिया समर्थन

राहुल बोले- चार साल से परिवार को इंसाफ नहीं कथित वीआईपी को मिला संवैधानिक पद

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली



प्रियंका और अंकिता की मां



राहुल गांधी अंकिता के पिता के साथ

भाजपा नेता दुष्यंत गौतम को सिक्किम का राज्यपाल नियुक्त किए जाने के विरोध में अंकिता भंडारी के माता-पिता बुधवार को इंडिया गेट पर धरने पर बैठ गए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने धरनास्थल पहुंचकर उनका समर्थन किया। अंकिता के माता-पिता ने बेटी की हत्या के मामले में कथित वीआईपी का नाम सार्वजनिक करने और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। अंकिता के पिता वीरेंद्र सिंह ने राष्ट्रपति ▶▶शेष पेज 11 पर

सनातन हिंदू एकता रथयात्रा में धीरेंद्र शास्त्री ने कहा

पहले गोमूत्र पिलाएं फिर गरबा पंडाल में प्रवेश की अनुमति दें

लोगों से शराब छोड़कर अपने गांव को नशामुक्त बनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶सागर

नवरात्र का पर्व चल रहा है। गरबा में धर्म विरोधी नाम बदलकर आएंगे, इसलिए गरबा पंडाल में बाहरी लोगों को गोमूत्र पिलाकर एंट्री दी जानी चाहिए। कम से कम उनकी घर वापसी तो हो जाएगी। यह बात बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कही। ▶▶शेष पेज 11 पर

हिंदू भाई-भाई

रहली बायपास पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत किया। रास्ते में कई जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। रथ से शास्त्री ने कहा, जात-पात की करो विदाई, हम सब हिंदू भाई-भाई। उन्होंने शराब छोड़कर अपने गांव को नशामुक्त बनाने की अपील की।

उत्तरी हवाओं से दिन के तापमान में 1 डिग्री तक कमी

भोपाल सहित अधिकांश जिलों में नमी 10 फीसदी तक बढ़ी

पहाड़ों पर बर्फबारी से प्रदेश में पारा गिरना शुरू... कुछ जिलों में हल्की बारिश होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में बुधवार को दिन के तापमान में औसतन एक डिग्री तक कमी आई। पहाड़ों पर शुरू हुई बर्फबारी और प्रदेश में हवाओं का रूख बदलने से दिन के तापमान में अब कमी आने की शुरूआत हो रही है। इस बीच शुक्रवार से रविवार के बीच प्रदेश के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की भी उम्मीद है। इससे दिन के तापमान में कुछ और कमी आएगी। मौसम केंद्र के अनुसार अभी मौसम में विशेष बदलाव नहीं होगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी उत्तर प्रदेश ▶▶शेष पेज 11 पर



राजधानी का निशातपुरा रोड, शाम 5 :35 बजे का दृश्य

सागर में सबसे अधिक 3 डिग्री की गिरावट

बुधवार को प्रदेश में औसत अधिकतम तापमान में करीब एक डिग्री कमी आई है। सबसे अधिक गिरावट सागर में 3 डिग्री तक रही। यहां दिन का पारा 34 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.2 डिग्री अधिक है। भोपाल, इंदौर, गुना, राजगढ़, नरसिंहपुर, सहित एक दर्जन जिलों में औसतन एक ▶▶शेष पेज 11 पर

कार में गुप्त जगह बनाकर छिपाए थे नोटों के बंडल

मादक पदार्थों की तलाश में पहुंची पुलिस को मिले 1.29 करोड़ रुपए

सरपंच समेत तीन लोगों से पूछताछ, आयकर विभाग को दी जाएगी सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶शामगढ़



आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंची शामगढ़ पुलिस को बिना नंबर की काली महिंद्रा स्कॉर्पियो-एन कार से 1 करोड़ 29 लाख रुपए की नकदी मिली। कार की बॉडी में गुप्त जगह बनाकर नोटों के बंडल छिपाए गए थे। पुलिस ने बरखेड़ा उदा गांव में सरपंच भवानीशंकर मीणा के घर के पीछे बने बाड़े से कार बरामद की। मौके पर मिले सरपंच समेत तीन लोगों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है। नकदी के स्रोत का ▶▶शेष पेज 11 पर

भोपाल
गुरुवार, 15 अक्टूबर 2026
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-5
वर्ष : 13, अंक : 195
पृष्ठ : 20 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 32
न्यून. 21

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

आदिवासी युवाओं पर अभद्र टिप्पणी मामले में मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

जय जोहार बोलने पर गाली-गलौज करने वाले मिसरोद टीआई सस्पेंड



- मुख्यमंत्री के निर्देश पर कार्रवाई विभागीय जांच के आदेश
- सिंघार ने एफआईआर और जयस ने एट्रोसिटी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को आदिवासी छात्रों के प्रदर्शन के दौरान 'जय जोहार' बोलने पर अभद्र टिप्पणी और गाली-गलौज के मामले में मिसरोद थाना प्रभारी रतन सिंह परिहार को बुधवार को निलंबित कर दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संज्ञान लेने के बाद पुलिस कमिश्नर ने यह कार्रवाई की। साथ ही मामले की विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आदिवासी ▶▶शेष पेज 11

एट्रोसिटी एक्ट में कार्रवाई की मांग

जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. हीरालाल अलावा ने कहा कि जय जोहार आदिवासी संस्कृति का प्रतीक है और इसका अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मामले में शाम चार बजे भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार को ज्ञापन ▶▶शेष पेज 11 पर



पंचम : स्कंद माता



सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥

टी20 रैंकिंग में शीर्ष 4 बल्लेबाजों में 3 भारतीय

नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर आईसीसी की ताजा टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान की छलांग लगाकर करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले में शतक लगाने का उन्हें फायदा मिला है। शीर्ष चार बल्लेबाजों में अब तीन भारतीय शामिल हैं। ईशान किशन पहले और अभिषेक शर्मा दूसरे स्थान पर हैं, जबकि पाकिस्तान के कप्तान फरहान तीसरे नंबर पर काबिज हैं। श्रीलंका के मेंडिस तीन स्थान ऊपर चढ़कर 23वें और वेस्टइंडीज के शेरफेन रदरफोर्ड 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



इस हत्याकांड से मानवीय रिश्ते कांप उठे थे

मेरठ का नीला ड्रम हत्याकांड : पति को काटकर पत्नी मुस्कान व प्रेमी साहिल ने टुकड़ों में नीले ड्रम में भर दिया था

'नरपिशाचों' को फांसी

अभियोजन पक्ष ने वारदात की प्रकृति, शव को छिपाने के तरीके और अपराध की गंभीरता का हवाला देते हुए मृत्युदंड की मांग की थी

एजेंसी ▶▶ मेरठ

मेरठ के बहुचर्चित सौरभ राजपूत हत्याकांड यानी नीला ड्रम केस में अदालत ने दोनों दोषियों को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। अदालत का फैसला सुनते ही मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला फूट-फूटकर रो पड़े। जिला जज अरविंद कुमार मिश्रा की अदालत में बुधवार को सजा पर सुनवाई की। लंच से पहले भी जेल से वी डि यो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए दोनों दोषियों से अदालत ने पूछा कि क्या वे सजा सुनाए जाने से पहले कुछ कहना चाहते हैं। दोनों ने जवाब दिया कि उन्हें कुछ नहीं कहना है। जेल अधीक्षक के अनुसार फैसले से पहले दोनों बेचैन नजर आ रहे थे।



सौरभ राजपूत, मृतक

उन्होंने रात और सुबह के भोजन में भी कम खाना खाया था और ठीक से सो नहीं पा रहे थे। गौर हो कि मुस्कान ने अपने पति सौरभ राजपूत की हत्या में साहिल शुक्ला के साथ मिलकर भूमिका निभाई। हत्या के बाद शव के टुकड़े किए गए और उसे नीले ड्रम में छिपाने के लिए ▶▶शेष पेज 11



कोर्ट रूम में दोनों रो पड़े

जज : मुस्कान तुम अपने पति की हत्या की दोषी साबित हो चुकी हो, अपने लिए क्या सजा चाहती हो?

मुस्कान : दोनों बेटियां बहुत छोटी हैं, उनका ख्याल रखा जाए और उसे कम से कम सजा दी जाए

जज : बताइए क्या सजा दें?

साहिल : साहब, कम से कम सजा दीजिए

देशभर में चर्चा में रहा नीला ड्रम केस

सौरभ राजपूत हत्याकांड शव को छिपाने के तरीके और पुलिस जांच में सामने आए घटनाक्रम के कारण देशभर में चर्चा में रहा। पुलिस ने गवाहों, इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड और फॉरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर जांच पूरी की। अभियोजन पक्ष ने इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर अदालत में पैरवी ▶▶शेष पेज 11 पर

कैब चालक, होटल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य बने अहम कड़ी

मामले में कोई चश्मदीद गवाह नहीं होने के कारण पुलिस ने परिस्थितिजन्य, इलेक्ट्रॉनिक और फॉरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई। पुलिस ने उस कैब चालक से पूछताछ की, जिसमें मुस्कान और साहिल के वारदात के बाद घूमने जाने की जानकारी सामने आई थी। जिस होटल में दोनों के ठहरने की बात कही गई, वहां से भी संबंधित बयान और सीसीटीवी फुटेज जुटाए गए। इसके अलावा मोबाइल फोन की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), लोकेशन, होटल के रजिस्टर और फॉरेंसिक रिपोर्ट जैसे साक्ष्यों की कड़ियां जोड़ी ▶▶शेष पेज 11 पर

कब-क्या हुआ?

- **24 फरवरी 2025:** सौरभ राजपूत लंदन से नौकरी छोड़कर मेरठ स्थित अपने घर लौटा
- **3 मार्च 2025 :** पुलिस जांच के अनुसार, इसी अवधि में सौरभ की हत्या की गई
- **4 मार्च 2025 :** शव को नीले ड्रम में छिपाने और सीमेंट से ढकने से संबंधित घटनाक्रम सामने आया
- **18 मार्च 2025 :** सौरभ के भाई बबलू की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की
- **19 मार्च 2025 :** घर से नीला ड्रम काटकर शव बरामद किए जाने की जानकारी सामने आई। दोनों आरोपियों को जेल भेजा गया
- **12 मई 2025 :** पुलिस ने अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया
- **30 सितंबर 2026:** जिला अदालत ने मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला को दोषी करार दिया
- **14 अक्टूबर 2026:** अदालत ने दोनों दोषियों की सजा पर फैसला सुनाते हुए मृत्युदंड की सजा सुनाई

करीब 4 महीने बाद हुई नियुक्ति

उज्जैन के प्रो. बेदिया बीयू के नए कुलगुरु नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का नया कुलगुरु, प्रोफेसर, व्यवसाय प्रबंध, पं. जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के प्रोफेसर दीन दयाल बेदिया को नियुक्त किया है। राज्यपाल पटेल ने प्रो. दीनदयाल बेदिया को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 4 वर्ष की कालावधि अथवा 70 वर्ष की आयु जो भी पूर्वत्तर हो, के लिए कुलगुरु नियुक्त किया है। ध्यान रहे कि प्रो. एसके जैन के बाद से बीयू में कुलगुरु की नियुक्ति के लिए शासन स्तर पर चयन प्रक्रिया शुरू की गई थी। चयन सूची पर अंतिम निर्णय के बाद बुधवार को राजभवन के द्वारा नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है।



■ प्रो. एसके जैन के बाद अब वे पूर्णकालिक कुलगुरु



हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 16 अक्टूबर 2026

7 वर्तमान वर्ष में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण...



10 देशभक्ति की धुनों से गूंजा शौर्य स्मारक सैन्य बैंड ...



डीआरआई के अफसरों ने महिला तस्कर को हिरासत में लिया

आईएसबीटी पर दिल्ली से बेंगलुरू जा रही महिला से मिली 2.08 करोड़ की ड्रग, बैग में गुप्त रूप से बनाए पॉकेट में छिपाया था मेथाम्फेटामाइन



महिला के बैग से बरामद मेथाम्फेटामाइन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजस्व खुफिया निदेशालय डीआरआई की टीम ने बुधवार सुबह इंटर स्टेट बस टर्मिनल पर महिला यात्रा से मेथाम्फेटामाइन ड्रग बरामद की है। डीआरआई की टीम को सूचना मिली थी कि महिला दिल्ली से बेंगलुरू जा रही है और उसके पास बैग में गुप्त पैकेट में ड्रग्स रखा हुआ है।

डीआरआई की टीम तत्काल आईसबीटी पहुंची और दल के साथ चेकिंग की। इस दौरान संदिग्ध महिला नजर आई। संदिग्ध महिला को रोककर टीम ने महिला अधिकारी की मदद से चेकिंग कराई। इस दौरान महिला के बैग में गुप्त पैकेट में मेथाम्फेटामाइन मिला। ड्रग की पुष्टि मेथाम्फेटामाइन के रूप में होने के बाद महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

डीआरआई जल्द ही करेगी ड्रग तस्करी के नेटवर्क का खुलासा, आरकेएमपी पर मेथाम्फेटामाइन के साथ पूर्व में विदेशी महिलाएं हो चुकी हैं गिरफ्तार

रेलवे स्टेशन पर होने वाली कार्रवाई के बाद महिला तस्करों ने अपना रास्ता बदल लिया

बस के माध्यम से अब महिलाएं और युवतियां कर रही मेथाम्फेटामाइन ड्रग की तस्करी

पूछताछ जारी, जल्द ही पूरे नेटवर्क का हो सकता है खुलासा



पैकेट में रखा मेथाम्फेटामाइन ड्रग।

डीआरआई की टीम ने बताया कि जब्त ड्रग की कीमत 2.08 करोड़ रुपए के आसपास है। इससे पूर्व डीआरआई की टीम रानीकमलापति रेलवे स्टेशन पर मेथाम्फेटामाइन के साथ पूर्व में विदेशी महिलाएं गिरफ्तार हो चुकी हैं। उनसे करोड़ों रुपए का मेथाम्फेटामाइन जब्त किया जा चुका है। रेलवे स्टेशन पर होने वाली कार्रवाई के बाद महिला तस्करों ने अपना रास्ता बदल लिया है। अब बस के माध्यम से महिलाएं मेथाम्फेटामाइन ड्रग की तस्करी कर रही है। डीआरआई की टीम महिला तस्कर से पूछताछ कर रही है। डीआरआई ने जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा करने की बात कही है।



इस तरह बैग में बना रखे थे पॉकेट।



त्यौहारी सीजन में ग्राहकों को होगी दिक्कत, वाहन भी सड़क पर पार्क कर रहे चालक, मॉकड्रिल में आगजनी से निपटने दमकल को बाजार में भेजा

न्यू मार्केट में चालीस फीट चौड़ी सड़क सिकुड़कर रह गई दस फीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आने वाले ग्राहक सड़कों के किनारे वाहन पार्क कर रहे | दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर सामान फैलाकर रखा

चौक बाजार और न्यू मार्केट में पार्किंग की दूरी बनी परेशानी

नवरात्र के साथ शुरु हुए त्यौहारी सीजन में न्यू मार्केट और चौक बाजार में खरीदारों की भीड़ बढ़ गई है। जिससे यहां आने वाले लोग सड़कों के किनारे वाहन पार्क कर रहे हैं, ऐसे में इन बाजारों की सड़कों की चौड़ाई घटकर आधी रह गई है। इधर दुकानदारों का कहना है कि पार्किंग की जगह नहीं होने की वजह से यह हालात बनते हैं। जबकि है, ऐसे में सड़क पर चलना तक मुश्किल हो गया है।

नवरात्र के साथ ही बाजारों में भीड़ बढ़ गई है। दुकानदारों ने भी अपना सामान बेचने के लिए दुकानों के शटर के बाहर दस से बारह फीट तक सामान, स्टेच्यू और स्टैंड बोर्ड लगा रखे हैं, जिससे यहां आने वाले खरीदारों को दिक्कत हो रही है।

पिछले दिनों नगर निगम अमले ने न्यू मार्केट में दुकानों के शटर के बाहर सामान रखने वाले दुकानदारों के लिए येलो लाइन खींचकर सामान बाहर नहीं रखने की हिदायत दी थी, लेकिन दुकानदारों ने दोबारा से सामान बाहर रख लिया है। इधर अवैध रूप से फुटपाथ पर बैठने वाले दुकानदार भी सामान रखने लगे हैं।



न्यू मार्केट में दुकानों के बाहर सामान रखने से रास्ते संकरे हो गए हैं।

चार पहिया वाहनों से लग रहा ट्रैफिक जाम

शहर के दस नंबर, न्यू मार्केट और चौक बाजार की सड़कों पर स्थिति बिगड़ती जा रही है। कभी चौड़ी दिखने वाली सड़कों पर अब ठेले, दो पहिया और चार पहिया वाहनों ने कब्जा कर लिया है। जिसकी वजह से चौड़ी सड़कें भी अब संकरी गली जैसी हो गई हैं।

शहर के चौक बाजार और न्यू मार्केट में आने वाले ग्राहकों के लिए बाजार से पार्किंग दूर होना परेशानी बना हुआ है। ऐसे में ग्राहक सीधे वाहन से दुकान पर पहुंच जाते हैं। दुकानदार भी ग्राहक को देखकर उसका वाहन लगवाकर सामान देने लगते हैं। जिससे सड़क का आधा हिस्सा पार्किंग में चला जाता है और बाकी आधे हिस्से पर ठेलों का कब्जा रहता है।

2 दमकलों को मार्केट में घुमाया जहां रुकी...जब्त किया सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दोपहर से शाम तक करीब 3 घंटे तक निगम की हुई मॉकड्रिल | आज से स्टेडियम के पास शिफ्ट होंगे हॉकर्स, रेहड़ियां

तीन घंटे मॉकड्रिल हुई, दमकल के आगे-आगे चले अफसर

छह दिन पहले न्यू मार्केट में बालाजी छोले-भटूरे दुकान में लगी आग से आसपास की दुकानों को हुए नुकसान के बाद नगर निगम ने न्यू मार्केट में फायर दमकलों के अंदर जाने का रास्ता साफ करना शुरु कर दिया है। बुधवार को निगम अमले ने एक दमकल को अंदर ले जाने का मॉकड्रिल किया। इस दौरान कई दुकानदारों ने दुकानों के बाहर सामान रखा था, जिसे अंदर कराया गया है। इधर बाजार में फुटपाथ और सड़क किनारे दुकान लगाने वाले लोगों को भी अल्टीमेटम दिया गया है। इन्हें गुरुवार से यहां शिफ्ट किया जाएगा। जिसके बाद यह लोग फुटपाथ पर दुकानें नहीं लगा सकेंगे।नगर निगम बुधवार को फिर से मैदान में उतरा।

दोपहर से शाम तक करीब 3 घंटे मॉकड्रिल हुई। दो दमकलों को पूरे मार्केट में घुमाया गया। जहां दमकल रूकी, वहां से निगम ने सामान जब्त किया। दुकान के सामने रखे सामान की वजह से दमकलें आगे नहीं बढ़ पाई थीं।

इधर, नगर निगम ने दिनभर एनाउंसमेंट कराया कि गुरुवार को हॉकर्स टीटी नगर स्टेडियम के पास शिफ्ट कर लें, वरना जब्ती की कार्रवाई होगी।



मॉक ड्रिल में दमकल के आगे चलते अधिकारी।

अधिकारी दमकल के आगे-आगे चले, जिससे पता चल सके कि दमकल कहां पर रूकी है और उसकी वजह क्या है। डिप्टी कमिश्नर भुवन गुप्ता ने बताया कि दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक मॉकड्रिल की गई। 2 दमकल, दो अतिक्रमण व्हीकल, 3 लाइट व्हीकल पूरे न्यू मार्केट से निकाले गए। इस दौरान जहां-जहां रूकावट हुई, वहां से सामान हटाया गया। मॉकड्रिल के पहले दिन देखा गया कि यदि आगजनी हुई तो उसे तुरंत कैसे काबू पाया जा सके।

दुकानों के सामने पीली लाइन से मार्किंग

निगम दुकानों के सामने पीली लाइन की दोबारा मार्किंग होगी। दुकानदार इस लाइन के आगे सामान नहीं रख सकेंगे। बुधवार से प्रक्रिया की शुरुआत कर दी गई। दुकानदारों को हिदायत दी गई है कि पीली लाइन से आगे यदि सामान रखा तो जब्ती की कार्रवाई होगी।

न्यू मार्केट में रोजाना होगी मॉकड्रिल

न्यू मार्केट बाजार क्षेत्र में रेहड़ी और हॉकर्स कार्नर की शिफ्टिंग, दुकानों की सीमा-रेखा तय करने और फायर वाहन के आवागमन को लेकर निगम यहां पर रोजाना मॉकड्रिल करेगा।

-भुवन गुप्ता, डिप्टी कमिश्नर, नगर निगम

कलियासोत डैम रोड की तीन दुकानों से लिए सैंपल

वन माल्ट क्लब कैंटीन रेस्टॉरेंट का लाइसेंस सस्पेंड, किचन में मिलीं गंदगी और कमियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

त्यौहारी सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को शहर में रेस्टॉरेंट, दुकानें, दूध डेयरियां और आइसक्रीम पार्लर का निरीक्षण किया। इस दौरान कलियासोत डैम रोड स्थित वन माल्ट क्लब कैंटीन रेस्टॉरेंट के किचन में गंदगी और कमियों ने मिलने के रेस्टॉरेंट का फूड लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया है।

निरीक्षण के दौरान किचन में जगह-जगह गंदगी मिली। कचरे के डस्टबिन खुले थे। कर्मचारी एप्रेन व हेड कवर पहने नहीं थे। दीवारों पर कीट नियंत्रण व्यवस्था भी नहीं मिली। स्टोर रूम में खाद्य पदार्थों का भंडारण व्यवस्थित नहीं मिला। टीम ने कलियासोत डैम रोड स्थित चाय लीला ढाबा से बेसन और चाय, द वाइन रेस्टोरेंट से बेसन और घी और वन माल्ट से पनीर का नमूना लिया है।



जांच करती खाद्य विभाग की टीम।

दूध डेयरियों और आइसक्रीम की जांच

सीएम हेल्पलाइन पर मिली शिकायतों के आधार पर बैरागढ़ की सांवरिया दूध डेयरी और साईं कृपा मिल्क डेयरी से खुले दूध के एक-एक सैंपल लिए गए। वहीं, अब्बास नगर स्थित एरो आइसक्रीम कॉर्नर पर कमियां मिलने के बाद नोटिस जारी किया गया है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि त्यौहार में खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही है।

फॉरेंसिक लैब की जमीन पर कब्जा, बुलडोजर चलाकर छुड़ाई 20 करोड़ की जमीन

सरकारी जमीन पर बना दिया बिजली घर, महिलाओं ने विरोध कर किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सामान हटाकर कब्जा छोड़ने के लिए चार दिन की मोहलत

भोपाल बायपास के पास परेवा खेड़ा में सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ बुधवार को हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया की टीम ने बुलडोजर चलाया। यहां करीब 14 एकड़ सरकारी जमीन पर झुग्गियां, टीन शेड, कारखाने और पक्के मकान बनाए गए हैं। जमीन की अनुमानित कीमत करीब 20 करोड़ रुपए आंकी गई है। पांच एकड़ जमीन पर फोरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) और अन्य हिस्से में पीडब्ल्यूडी का प्रशिक्षण केंद्र बनाया जाना है।

सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर तहसीलदार अतुल शर्मा ने कब्जाधारियों को अतिक्रमण हटाने को लेकर नोटिस जारी किए थे, लेकिन कब्जे नहीं हटाए गए। इसके बाद कार्रवाई शुरू की गई। यहां पर नईमउद्दीन ने निजी मदरसा समेत रामनिवास शर्मा, आसिफ खां, सुनीता ठाकुर, विकास अहिरवार, हरिचरण अहिरवार और अन्य लोगों के निर्माणों पर बुलडोजर चलाया गया है।



पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण को हटाया गया।

कार्रवाई के दौरान महिलाओं ने विरोध किया। शाम पांच बजे तक कार्रवाई के बाद तहसीलदार ने रहवासियों को सामान हटाकर कब्जा छोड़ने के लिए चार दिन की मोहलत दी है। इसके बाद दोबारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। जमीन की नपती में बिजली घर का निर्माण भी पाया गया है, जबकि इसके लिए जमीन अधिग्रहण नहीं किया गया है।

लांबाखेड़ा में अवैध कॉलोनी पर प्रशासन ने चलाया बुलडोजर

लांबाखेड़ा में बिना परमिशन गौर कॉलोनी के निर्माण भी तोड़े गए। यहां भूमाफिया के प्लॉट बेचने की शिकायत मिली थी। इसके बाद सड़क सहित अन्य निर्माणों को हटाने की कार्रवाई की गई। एसडीएम विनोद सोनकिया ने बताया कि परेवा खेड़ा की सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराकर एफएसएल प्रयोगशाला और पीडब्ल्यूडी को प्रशिक्षण केंद्र के निर्माण के लिए जमीन सौंपी जाएगी।

सर्वर में एरर से राजधानी में नहीं हुई स्वामित्व योजना की रजिस्ट्री

संपदा के सर्वर पर डबल बोझ, दो घंटे बंद रहीं प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक सर्वर नहीं चला

तीनों पंजीयन दफ्तरों में शाम तक हुई 488 ई-रजिस्ट्री

पंजीयन विभाग में प्रत्येक सब रजिस्ट्रार 500 तक स्लॉट पर कर सकते हैं रजिस्ट्री

नवरात्र के शुभ मुहूर्त को लेकर इन दिनों प्रदेश भर में प्रॉपर्टी के बाजार में बूम आया है। आम दिनों में जिला स्तर पर होने वाली दो सौ रजिस्ट्री की तादाद बढ़कर अब चार सौ से पांच सौ तक पहुंच गई है। ऐसे में संपदा के सर्वर में एरर आ रहा है।

बुधवार को भी रजिस्ट्री का काम शुरू होने के साथ सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक सर्वर नहीं चला, जिसकी वजह से एक भी रजिस्ट्री नहीं हो पाई, हालांकि शाम तक भोपाल में 488 रजिस्ट्री दर्ज की गई हैं। इधर सरकार ने संपदा के पोर्टल पर ही स्वामित्व योजना की रजिस्ट्री का काम शुरु करा दिया है। जिसकी वजह से सामान्य रजिस्ट्री का काम भी प्रभावित हो रहा है। भोपाल में पटवारियों ने जब रजिस्ट्री का काम शुरु किया तो शाम तक पेज ही लोड नहीं हुआ, जिसकी वजह से स्वामित्व योजना की एक भी रजिस्ट्री नहीं हो पाई।



आईएसबीटी स्थित पंजीयन दफ्तर में रजिस्ट्री के दौरान भीड़।

इस बार भी नवरात्र पर प्रॉपर्टी के बाजार में रौनक छाई हुई है। पहले दिन 475 रजिस्ट्री के साथ शुभ मुहुर्त शुरु हुआ था। नवरात्र के चौथे दिन सर्वर डाउन होने के बाद भी 488 रजिस्ट्री दर्ज की गई हैं। जिससे पंजीयन विभाग को एक दिन में 48 करोड़ रुपए का राजस्व मिला है। जिसको देखते हुए विभाग ने अनलिमिटेड स्लॉट कर दिए हैं। ऐसे में पंजीयन विभाग में पदस्थ प्रत्येक सब रजिस्ट्रार 500 तक स्लाट पर रजिस्ट्री कर सकते हैं। वर्तमान में आठ सब रजिस्ट्रार हैं और संपदा टू साफ्टवेयर पर दस्तावेज रजिस्टर्ड किए जा रहे हैं।

136 पर अटका स्वामित्व रजिस्ट्री का आंकड़ा

पटवारियों की मांग पूरी होने के बाद रविवार से पटवारियों ने स्वामित्व रजिस्ट्री का काम शुरु कर दिया था, जिसके तहत हुजूर, बैरसिया और कोलार तहसील के गांवों में अब तक 136 रजिस्ट्री दर्ज की गई हैं। बुधवार को जब पटवारियों ने रजिस्ट्री का काम का काम शुरु किया तो पेज अपलोड ही नहीं हुआ। जिसकी वजह से पटवारियों को घंटों कम्प्युटर के सामने बैठा रहना पड़ा। हालांकि शाम तक जिले में एक भी रजिस्ट्री नहीं हो सकी। भोपाल जिले में 41 हजार 726 परिवारों के मकानों की रजिस्ट्री की जानी है।

संपदा टू में अधिक रजिस्ट्री

जिले में नवरात्र से प्रॉपर्टी के कारोबार में उठाव देखने को मिल रहा है, जिससे रजिस्ट्री बढ़ने के साथ ही राजस्व भी मिल रहा है। संपदा सॉफ्टवेयर टू का लाभ लोगों को मिल रहा है, जिससे कम समय में अधिक रजिस्ट्रियां हो रही हैं।

स्वप्नेश शर्मा, वरिष्ठ जिला पंजीयक

पत्नी-बच्चों के साथ बाहर गए थे प्रहरी

जेल परिसर में प्रहरी के घर दिनदहाड़े चोरी, दो घंटे में जेवर-नकदी ले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित सेंट्रल जेल परिसर में बुधवार को चोरों ने एक जेल प्रहरी के सूने मकान से सोने-चांदी के जेवर व 35 हजार रुपए नगदी लेकर निकल गए। केंद्रीय जेल में पदस्थ प्रहरी जगदीश गिल जब परिवार के साथ लौटे तो चोरी का पता चला। सूचना पर गांधी नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, जगदीश गिल बुधवार दोपहर करीब 12 बजे पत्नी और बच्चों के साथ किसी काम से घर से निकले थे। दो घंटे बाद, करीब दो बजे लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर कमरे का सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी देखने पर सोने-चांदी के जेवर और उसमें रखी 35 हजार रुपए की रकम नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग देख रही है।



खबर संक्षेप

तनिष्क का 'अध्यंतरा' कलेक्शन लांच

मुंबई। ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क ने धनतेरस के अवसर पर अपना नया आभूषण कलेक्शन 'अध्यंतरा' लांच किया है। अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इस कलेक्शन के खास कैम्पेन में नजर आ रही हैं। ब्रह्मांड की असीम सुंदरता और रहस्यमयी खगोलीय आकृतियों से प्रेरित यह कलेक्शन आधुनिक भारतीय महिलाओं के आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और खूबसूरती को समर्पित है।'अध्यंतरा' कलेक्शन में सूरज, चांद और टूटते सितारों से प्रेरित डिजाइनों को भारतीय आभूषण कला की बारीक कारीगरी के साथ तैयार किया गया है।

मेन ऑफ प्लैटिनम का नया संग्रह पेश

इंदौर। प्लैटिनम गिल्ड इंटरनेशनल इंडिया ने पुरुषों के लिए आभूषण ब्रांड 'मेन ऑफ प्लैटिनम' का नया संग्रह दिया है। इसमें चेन, पेंडेंट, कंगन और अंगूठियां शामिल हैं। पुरुषों के आत्मविश्वास, को ध्यान में रखकर तैयार किया है। नए प्रचार अभियान में क्रिकेटर रोहित शर्मा और संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर ब्रांड का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। प्लैटिनम गिल्ड इंटरनेशनल की वैश्विक बाजार विकास प्रमुख और भारत व मध्य पूर्व की प्रबंध निदेशक वैशाली बेनर्जी ने कहा कि पुरुष अलग-अलग अवसरों पर आभूषण पहनना पसंद कर रहे हैं।

रग्स की वार्षिक बिक्री में 60 फीसदी तक छूट

नई दिल्ली। जयपुर रग्स ने अपनी वार्षिक बिक्री 2026 की घोषणा की है। इस विशेष बिक्री में ग्राहकों को कालीनों पर 60 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। इस वर्ष कंपनी ने बिक्री को सामाजिक उद्देश्य से जोड़ते हुए ग्रामीण क्षेत्रों की उन छात्राओं के लिए साइकिल निधि में योगदान देने की पहल की है, जिन्हें स्कूल पहुंचने के लिए लंबी दूरी पैदल तय करनी पड़ती है।जयपुर रग्स के प्रबंध निदेशक योगेश चौधरी ने कहा कि कई बार छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव की वजह बनते हैं।

एक ही दिन में 5300 से 6000 रुपए क्विंटल पहुंची मिठास की कीमत

बेअसर सरकारी कोटा, शक्कर के भाव में 800 रुपए की छलांग!

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सरकारी कोटा जारी हुआ, लेकिन बाजार में राहत के बजाय महंगाई का तड़का लग गया। केंद्र सरकार ने शक्कर की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े के लिए 14 लाख टन चीनी का कोटा जारी किया, लेकिन इसका असर बाजार में नजर नहीं आया। उलटे, कोटा जारी होने के दूसरे ही दिन बुधवार को राजधानी के थोक बाजार में शक्कर के भाव 800 रुपए प्रति क्विंटल तक उछल गए। हनुमानगंज और जुमेराती के थोक बाजारों में 5200 से 5300 रुपए क्विंटल बिकने वाली शक्कर सीधे 5900 से 6000 रुपए क्विंटल पर पहुंच गई।

कोटे की घोषणा के बाद भी दामों में उछाल ने सरकारी दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बाजार में जिस कोटे से कीमतों को थामने की उम्मीद थी, उसी के जारी होने के बाद शक्कर के भाव में आई तेज तेजी ने व्यापारियों और खरीदारों को चौंका दिया। एक ही दिन में 800 रुपए क्विंटल की बढ़ोतरी ने बाजार में हलचल मचा दी है।

> राजधानी के थोक बाजार में शक्कर के भाव 800 रुपए प्रति क्विंटल तक उछल गए। हनुमानगंज और जुमेराती के थोक बाजारों में 5200 से 5300 रुपए क्विंटल बिकने वाली शक्कर सीधे 5900 से 6000 रुपए क्विंटल पर पहुंची

शक्कर बाजार में सटोरियों और स्टॉकिस्टों का प्रभाव बढ़ गया

भाव में आई तेज तेजी ने व्यापारियों और खरीदारों को चौंका दिया

घोषणा के बाद भी दामों में उछाल ने सरकारी दावों पर किए सवाल खड़े कर दिए



स्थानीय शक्कर ब्रोकर रमाकांत तिवारी ने कीमतों में आए उछाल पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कोटा जारी किए जाने के बाद भी शक्कर के दाम बढ़ना कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बाजार की मौजूदा स्थिति देखकर ऐसा लगता है कि कोटा सरकार ने नहीं, बल्कि सटोरियों ने जारी किया हो। तिवारी के मुताबिक, आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए शक्कर बाजार में सटोरियों और स्टॉकिस्टों का प्रभाव बढ़ गया है। उनका आरोप है कि इन पर प्रभावी नियंत्रण नहीं होने से कीमतों में तेजी को बढ़ावा मिल रहा है। नतीजतन, सरकारी स्तर पर कोटा जारी करने की कवायद के बावजूद उपभोक्ताओं को राहत मिलने के बजाय महंगी शक्कर का सामना करना पड़ रहा है।

आम उपभोक्ता की जेब पर बढ़ेगा बोझ

त्योहारी सीजन में शक्कर की मांग बढ़ने की संभावना के बीच कीमतों में इस तेजी ने बाजार की चिंता बढ़ा दी है। थोक भाव में 800 रुपए प्रति क्विंटल की एकमुश्त बढ़ोतरी का असर आगे खुदरा बाजार पर भी पड़ सकता है। यदि यही रुख जारी रहा तो मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों की लागत बढ़ने के साथ आम उपभोक्ताओं की जेब पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब केंद्र सरकार ने बाजार में आपूर्ति बढ़ाने के लिए 14 लाख टन का कोटा जारी किया, तो कीमतों पर उसका असर क्यों नहीं दिखा? क्या बाजार में मांग-आपूर्ति का असंतुलन है या फिर सट्टेबाजी और स्टॉक जमा करने की प्रवृत्ति कीमतों को हवा दे रही है?

फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर्स के स्वर्ण जयंती वर्ष पर होगा आयोजन

दो दिवसीय 'विकसित भारत उद्योग एवं व्यापार सम्मेलन' 22 अक्टूबर से

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

देशभर के 60 से अधिक चेंबर्स और उद्योग संगठनों से संपर्क

फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में दो दिवसीय 22 और 23 अक्टूबर को भोपाल में 'विकसित भारत उद्योग एवं व्यापार सम्मेलन-2026' का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में देशभर के उद्योग एवं व्यापार जगत के प्रतिनिधि एक मंच पर जुटेंगे और औद्योगिक विकास, निवेश, व्यापार विस्तार तथा कारोबारी सुगमता से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन में मध्यप्रदेश शासन की सहभागिता एवं सहयोग भी प्राप्त हो रहा है।

सम्मेलन का उद्घाटन सत्र 22 अक्टूबर को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में आयोजित होगा, जबकि 23 अक्टूबर को समापन सत्र होटल सायाजी, वन विहार रोड, भोपाल में होगा। आयोजन का उद्देश्य उद्योग एवं व्यापार जगत के बीच संवाद को मजबूत करना और मध्यप्रदेश में निवेश तथा औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नए अवसर तलाशना है।

देशभर के उद्योग संगठनों का होगा समागम



हिमांशु खरे

यह सम्मेलन देश के विभिन्न राज्यों के चैंबर्स ऑफ कॉमर्स और उद्योग-व्यापार संगठनों के लिए साझा मंच बनेगा। आयोजकों के अनुसार, देशभर के 60 से अधिक प्रमुख चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्री एसोसिएशनों से संपर्क स्थापित किया गया है। इनमें से लगभग 40 संस्थाओं के प्रतिनिधियों की सहभागिता की पुष्टि प्राप्त हो चुकी है। मध्यप्रदेश के विभिन्न उद्योग संघों और जिला स्तरीय औद्योगिक संगठनों को भी सम्मेलन से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। सम्मेलन में रूस के स्मोलेंस्क, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम और दुबई सहित विभिन्न देशों के व्यापारिक एवं औद्योगिक प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है।

सम्मेलन में नीति निर्माण और एमएसएमई पर रहेगा फोकस

दो दिवसीय सम्मेलन में औद्योगिक नीति, व्यापार, निवेश, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम , विनिर्माण और अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर लगभग आठ महत्वपूर्ण सत्र प्रस्तावित हैं। इनमें नीति निर्माण, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और एमएसएमई के लिए निवेश अनुकूल वातावरण तैयार करने जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा की जाएगी। सम्मेलन को व्यापक और प्रभावी बनाने के लिए मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों के साथ समन्वय किया जा रहा है। इसका उद्देश्य उद्योगों की आवश्यकताओं, निवेशकों की अपेक्षाओं और कारोबारी चुनौतियों पर संवाद स्थापित कर विकास की संभावनाओं को आगे बढ़ाना है।

मध्यप्रदेश में निवेश और व्यापार को मिलेगा प्रोत्साहन

फेडरेशन के अध्यक्ष हिमांशु खरे ने उद्योग एवं व्यापार जगत के प्रतिनिधियों को सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। औद्योगिक क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जहां उद्योगपतियों, व्यापारिक संगठनों और नीति निर्धारकों के बीच विचारों का आदान-प्रदान होगा।

आगे लिखा 'स्कैन करो टैक्स भरो' तो पीछे दिखी 'टैक्स का तांडव' की थीम

'टैक्स का तांडव' गरबा पंडाल में, अनूठी वेशभूषा से दिया टैक्स जागरुकता का संदेश

मनोरंजन के बीच कर व्यवस्था पर संदेश

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

नवरात्रि के गरबा उत्सव में इस बार भक्ति, उल्लास और पारंपरिक रंगों के बीच कर व्यवस्था पर जागरुकता का एक अनूठा संदेश भी देखने को मिला। आनंद सबधाणी अपनी विशेष वेशभूषा के जरिए लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गए। उनकी पोशाक ने रोजमर्रा की जिंदगी में आम आदमी द्वारा चुकाए जाने वाले विभिन्न करों और शुल्कों को रोचक अंदाज में प्रस्तुत कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। आनंद सबधाणी की वेशभूषा के सामने की ओर 'स्कैन करो टैक्स भरो' का संदेश लिखा था, जबकि पीछे की ओर 'टैक्स का तांडव' की थीम दिखाई दी।

इस पोशाक में जीएसटी, आयकर, सड़क कर, संपत्ति कर, जल कर, टोल टैक्स, पार्किंग शुल्क, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क, सीमा शुल्क और बिजली शुल्क सहित कई तरह के करों एवं शुल्कों को दर्शाया गया। इसके माध्यम से उन्होंने यह बताने का प्रयास किया कि आम नागरिक का सामना जीवन के विभिन्न पड़ावों पर किस-किस तरह के करों और शुल्कों से होता है।



आनंद सबधाणी की पोशाक बनी आकर्षण का केंद्र

गरबा पंडाल में आनंद की अनोखी वेशभूषा लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। उनकी पोशाक को देखने के लिए लोग उत्सुक नजर आए और कई लोगों ने उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। रंग-बिरंगे गरबा उत्सव के बीच करों की लंबी सूची और उस पर लिखे संदेश ने लोगों को रोजमर्रा के खर्चों तथा कर व्यवस्था के बारे में सोचने का अवसर दिया। आनंद सबधाणी का कहना है कि राष्ट्र की प्रगति और विकास के लिए करों का भुगतान आवश्यक है, लेकिन इसके साथ ही आम जनता को बेहतर सुविधाएं, मजबूत बुनियादी ढांचा और विकास का प्रत्यक्ष लाभ भी मिलना चाहिए। उनके अनुसार, कर जागरूकता केवल सरकारी कार्यालयों, सेमिनारों या औपचारिक कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए लोकप्रिय सांस्कृतिक आयोजनों का भी सहारा लिया जाना चाहिए।

जनहित का मुद्दा अनोखे अंदाज में उठाया

आनंद ने गरबा जैसे लोकप्रिय उत्सव को कर जागरूकता का माध्यम बनाकर एक अलग पहल की। उनकी प्रस्तुति में जहां 'स्कैन करो टैक्स भरो' के जरिए कर भुगतान का संदेश दिया गया, वहीं 'टैक्स का तांडव' के माध्यम से आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी में विभिन्न करों और शुल्कों की मौजूदगी को रेखांकित किया गया।मनोरंजन, रचनात्मकता और सामाजिक संदेश के इस मेल ने गरबा उत्सव में एक अलग रंग भर दिया। आनंद सबधाणी की यह पहल बताती है कि जनहित से जुड़े मुद्दों को रोचक और सहज अंदाज में प्रस्तुत कर लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है।

बिजनेस न्यूज

बैंक का शुद्ध लाभ 8.40 फीसदी बढ़कर 5,175 करोड़ रुपए हुआ

नई दिल्ली। बैंक ने 30 सितंबर 2026 को समाप्त तिमाही में कारोबार वृद्धि, लाभप्रदता और परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर बेहतर प्रदर्शन किया। सितंबर 2025 की तुलना में बैंक का शुद्ध लाभ 8.40 फीसदी बढ़कर 5,175 करोड़ रुपए रहा। वहीं, वैश्विक कारोबार 15.88 फीसदी की वृद्धि के साथ 30,72,365 करोड़ पहुंच गया। केनरा बैंक के एमडी और सीईओ ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि वैश्विक जमा में 13.13 फीसदी और वैश्विक अग्रिम में 19.46 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। बैंक का वैश्विक जमा बढ़कर 16,97,305 करोड़ हो गया, जबकि वैश्विक सकल अग्रिम 13,75,060 करोड़ रहा। घरेलू जमा 10.97 फीसदी बढ़कर 15,47,979 करोड़ और घरेलू सकल अग्रिम 16.95 फीसदी बढ़कर 12,64,753 करोड़ रुपए पहुंच गया। खुदरा ऋण कारोबार में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। आरएएम क्रेडिट 21.03 फीसदी बढ़कर 8,12,310 करोड़ रहा। खुदरा ऋण पोर्टफोलियो में 31.61 फीसदी की वृद्धि के साथ यह 3,30,587 करोड़ पहुंच गया। आवास ऋण में 17.35 फीसदी और वाहन ऋण में 25.50 फीसदी की वृद्धि हुई। बैंक का परिचालन लाभ 1.98 फीसदी बढ़कर 8,758 करोड़ रहा, जबकि प्रति शेयर आय 5 फीसदी बढ़कर 22.06 हो गई। बैंक की परिसंपत्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ। सकल एनपीए अनुपात सितंबर 2025 के 2.35 फीसदी से घटकर सितंबर 2026 में 1.33 फीसदी रह गया। शुद्ध एनपीए अनुपात भी 0.54 फीसदी से घटकर 0.30 फीसदी पर आ गया। प्रावधान कवरेज अनुपात सुधरकर 95.34 फीसदी हो गया। ऋण लागत 0.47 फीसदी और स्लिपेज अनुपात 0.58 फीसदी रहा। बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 17.19 फीसदी दर्ज किया गया। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में बैंक ने एएनबीसी का 44.99 फीसदी हासिल किया, जबकि निर्धारित मानक 40 फीसदी है। कृषि ऋण में उपलब्धि 20.61 फीसदी रही।



एमजी मोटर की नई 'इंडल्ज एडिशन' लांच किया, कीमत 17.99 लाख रुपए

गुरुग्राम। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी इलेक्ट्रिक कार एमजी विंडसर का नया 'इंडल्ज एडिशन' लांच किया है। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 17,99,800 रुपए रखी गई है। इस खास संस्करण में आकर्षक दोहरे रंग का बाहरी डिजाइन, प्रीमियम इंटीरियर और पीछे बैठने वाले यात्रियों के लिए खास सुविधाएं दी गई हैं। एमजी विंडसर इंडल्ज एडिशन में शैडो गोल्ड बॉडी कलर के साथ काली छत दी गई है। इसके अलावा, काले रंग के साइड मिरर, 18 इंच के काले अलॉय व्हील और पीछे की ओर खास इंडल्ज बैजिंग मिलती है। कार के साथ पीछे की खिड़कियों के लिए सनशेड, तीन आयामी फ्लोर मैट, सामने की ग्रिल पर क्रोम सजावट, बंपर सुरक्षा गार्ड और बॉडी साइड मोल्डिंग जैसी अतिरिक्त सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।



समिट एसआईएफ ने लांच हुआ एक्टिव एसेट एलोकेटर लॉन्ग-शॉर्ट फंड

मुंबई। समिट एसआईएफ ने समिट एक्टिव एसेट एलोकेटर लॉन्ग-शॉर्ट फंड लांच करने की घोषणा की है। इस फंड का नया फंड ऑफर (एनएफओ) 12 अक्टूबर 2026 को खुल चुका है और 26 अक्टूबर 2026 को बंद होगा। यह एक अंतराल निवेश रणनीति है, जिसके तहत बाजार की परिस्थितियों के अनुसार शेयर, डेट, डेरिवेटिव्स, इनविट्स और कमोडिटी डेरिवेटिव्स में निवेश किया जाएगा। इसमें स्वीकृत साधनों के जरिए सीमित शॉर्ट पोजीशन लेने का विकल्प भी रहेगा।फंड का उद्देश्य कोर आर्बिट्राज के साथ सिंथेटिक, इंडेक्स और कमोडिटी आर्बिट्राज तथा विशेष परिस्थितियों में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाना है। फंड का प्रबंधन दीपक गुप्ता करेंगे। इसका बेंचमार्क 40 फीसदी निफ्टी 500 टीआरआई, 40 फीसदी क्रिसिल शॉर्ट टर्म बॉन्ड फंड इंडेक्स और 20 फीसदी आईकॉमडेक्स कंपोजिट इंडेक्स होगा।

यूटीआई लार्ज कैप फंड ने 10 लाख को बनाया 24.08 करोड़ रुपए

नई दिल्ली । यूटीआई लार्ज कैप फंड ने लंबी अवधि में निवेश के जरिए संपत्ति बढ़ाने का उल्लेखनीय उदाहरण पेश किया है। अक्टूबर 1986 में शुरू हुए इस फंड में शुरुआत के समय निवेश किए गए 10 लाख रुपए की वैल्यू 30 सितंबर 2026 तक बढ़कर 24.08 करोड़ रुपए हो गई। फंड का कुल आकार भी 11,435 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया है। यूटीआई लार्ज कैप फंड एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जिसका उद्देश्य मजबूत प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति वाली बड़ी कंपनियों में निवेश करके लंबी अवधि में पूंजी वृद्धि हासिल करना है। फंड शेयरों के चयन में ग्रोथ और वैल्यू, दोनों निवेश शैलियों का मिश्रण अपनाता है। फंड ऐसी कंपनियों को प्राथमिकता देता है, जिनकी वित्तीय स्थिति मजबूत हो, कर्ज नियंत्रित रहे, राजस्व और मुनाफे में वृद्धि की संभावनाएं हों तथा कारोबार से नियमित नकदी पैदा होती हो। 30 सितंबर 2026 तक फंड के प्रमुख निवेशों में एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल, लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक और इटरनल शामिल थे। शीर्ष 10 शेयरों की हिस्सेदारी पोर्टफोलियो में करीब 49 फीसदी थी। फंड ने बेंचमार्क की तुलना में कंज्यूमर सर्विसेज, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाओं, निर्माण और ऑटोमोबाइल क्षेत्रों में अधिक निवेश किया था। फंड की ओर से उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, स्थापना से अब तक लगभग 4,500 करोड़ रुपए का कुल लाभांश वितरित किया जा चुका है।

पीयूष गोयल ने 'अंडमान संवाद 2027' के पूर्वावलोकन कार्यक्रम को किया संबोधित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 'अंडमान संवाद 2027' के पूर्वावलोकन कार्यक्रम को आभासी माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था के बीच क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग को मजबूत करने, आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक सक्षम बनाने और सुरक्षित समुद्री संपर्क सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम में लगभग 20 देशों के वरिष्ठ राजनयिकों, नीति निर्माताओं, रक्षा विशेषज्ञों, समुद्री क्षेत्र के प्रतिनिधियों, सांसदों और उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने भाग लिया। राष्ट्रीय समुद्री फाउंडेशन के अध्यक्ष और पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गोयल ने कहा कि अंडमान संवाद सरकारों और उद्योग जगत को विचारों के आदान-प्रदान, नई आर्थिक साझेदारियों की संभावनाएं तलाशने तथा अधिक विश्वसनीय और विविध आपूर्ति श्रृंखलाएं विकसित करने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने भारत की बढ़ती आर्थिक भागीदारी और मुक्त व्यापार समझौते क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत आधार देते हैं। एकीकृत राष्ट्रीय सुरक्षा मंच और घरेलू अर्थव्यवस्था नीति अनुसंधान केंद्र की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्रीय देशों और उद्योग जगत के बीच संवाद बढ़ाना तथा साझा आर्थिक प्राथमिकताओं पर सहयोग को प्रोत्साहित करना है।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा सं.: ईसीआर–सीएओ–सी–एस–KQR–01 दो पैकट सिस्टम। **1. कार्य का नाम:** कोडरमा वन प्रभाग, हजारीबाग पश्चिम वन प्रभाग तथा हजारीबाग वन्यजीव वन प्रभाग में पेड़ों के स्थानांतरण, पेड़ों की कटाई और कटाई के बाद पेड़ों के परिवहन का शेष कार्य, सोन–नगर–अण्डाल मल्टीट्रैकिंग परियोजना के कोडरमा डाईवर्जन खंड के निर्माण हेतु, उप मुख्य अभियंता/निर्माण/कोडरमा के अधीन। **2. अंकलित मूल्य:** रू. 2756592291.05 **3. बोली प्रतिभूति:** रू. 5513200.00 **4. कार्य पूर्णकरने की अवधि:** 12 महिने **5. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 03.11..2026, 15:30 बजे। ई–निविदा के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नही किया जाएगा भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। टिप्पणी: निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/कोडरमा
पूर्व मध्य रेलवे, कोडरमा
पीआर/1101/सीओएन केक्यूओर/सीओएनएसटी/टी/26–27/44

E-mail id- mobhopal@gmail.com

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल

क्रमांक / 1098/ खनिज / उ.प.- /2026 भोपाल, दिनांक 22/9/2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए,

द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रश्मि अग्रवाल पत्नि श्री महेन्द्र अग्रवाल पता-म.नं. ए-1, पंचवटी कॉलोनी, एयरपोर्ट रोड, जिला भोपाल म.प्र. द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 17.12.2025 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्र. जी-17238/26 दिनांक 18.08.2026 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः प्रकाशन दिनाक से 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाने हेतु आवेदन ई-खनिज 2.0 पोर्टल https://mines.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायगे हैं।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा नंबर	रकबा (हेक्ट.में)	भूमि का प्रकार शासकीय/निजी	खनिज का नाम	रिमार्क
भोपाल	हुजूर	राजीव नगर	149 (एस) 150 (एस)	2.000 हे. एंव 2.000 हे. कुल रकबा 4.000 हेक्ट.	शासकीय	मुरूम	रकबा 4.000 हेक्ट

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज)
जिला भोपाल

जी - 20010/26 स्वच्छता ही सेवा

सीआईआई अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड समिट-2026

स्टार्टअप तक पहुंचे एआईएफ की अधिक पूंजी, निवेश से होगा विकास

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत को विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए स्टार्टअप, शुरुआती चरण के कारोबारों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं तक निजी पूंजी की पहुंच बढ़ाना जरूरी है। इसके साथ वैकल्पिक निवेश उद्योग में पारदर्शिता, सुशासन और निवेशक संरक्षण को मजबूत करना भी महत्वपूर्ण है। यह बात मुंबई में आयोजित चौथे सीआईआई अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड (एआईएफ) समिट-2026 में विशेषज्ञों ने कही। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की ओर से 'अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट : कैपिटल फॉर ए विकसित भारत' विषय पर आयोजित सम्मेलन में सेबी के पूर्णकालिक सदस्य संदीप प्रधान, पूर्व अध्यक्ष यूके सिन्हा, बीसीजी के प्रबंध निदेशक एवं पार्टनर मयंक झा और सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र की उपसमिति के अध्यक्ष रॉबिन बनर्जी सहित उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने विचार रखे।

विकास में निजी पूंजी की अहम भूमिका



सम्मेलन में संदीप प्रधान, यूके सिन्हा, मयंक झा और रॉबिन बनर्जी

सेबी के पूर्णकालिक सदस्य संदीप प्रधान ने कहा कि भारत की विकास यात्रा के अगले चरण में पूंजी के व्यापक और विविध स्रोतों की जरूरत होगी। बैंक और सार्वजनिक पूंजी बाजार वित्तपोषण के प्रमुख माध्यम बने रहेंगे, लेकिन वैकल्पिक निवेश फंड भी कारोबारों को विकास के विभिन्न चरणों में पूंजी उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि निजी पूंजी स्टार्टअप, उभरते उद्यमों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को दीर्घकालिक वित्तीय सहायता दे सकती है। निजी निवेश बाजार के विस्तार के साथ मजबूत कॉरपोरेट गवर्नेंस, पारदर्शिता और निवेशकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। इसके लिए डेटा आधारित मूल्यांकन और जोखिम आधारित नियामकीय निगरानी को मजबूत करने पर जोर दिया। सेबी के पूर्व अध्यक्ष यूके सिन्हा ने कहा कि एआईएफ की पूंजी का अधिक हिस्सा शुरुआती कारोबारों, स्टार्टअप और उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने में लगाया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि कुल प्रतिबद्ध निवेश राशि का केवल 6.5 प्रतिशत और कुल निवेश का 7 प्रतिशत हिस्सा श्रेणी-1 एआईएफ तक पहुंचा था। उन्होंने नवाचार और नए उद्यमों के विकास में इन फंडों की भूमिका बढ़ाने की जरूरत बताई। श्रेणी-1 एआईएफ के अंतर्गत आने वाले वेंचर कैपिटल और एसएमई फंड जैसे निवेश माध्यम नए कारोबारों को शुरुआती पूंजी उपलब्ध कराने में सहायक हो सकते हैं।

बीसीजी के प्रबंध निदेशक एवं पार्टनर मयंक झा ने कहा कि वैकल्पिक निवेश मुख्यधारा की वित्तीय व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बन रहा है। पूंजी का दायरा बढ़ने के साथ उसके प्रभावी उपयोग और निवेश संबंधी निर्णयों में जवाबदेही भी जरूरी है। वहीं, रॉबिन बनर्जी ने कहा कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दीर्घकालिक पूंजी जुटाना विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में सहायक होगा। उत्पादक क्षेत्रों में निरंतर निवेश आर्थिक विकास और प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है।

चिंतन

दीपावली से पहले लोगों की झोली में आएगा धन

दीपावली से पहले केंद्र सरकार के फैसलों ने लाखों परिवारों की झोली में अतिरिक्त धन और राहत की उम्मीद जगाई है। रेलवे के 11.40 लाख कर्मचारियों को 78 दिन का बोनस, दिव्यांगों की पेंशन का दायरा बढ़ाने और सामाजिक सहायता योजनाओं को 5 साल तक जारी रखने की मंजूरी त्योहार की खुशियों को आर्थिक संबल देने वाली पहल है। बोनस से कर्मचारियों की जेब में पैसा आएगा, बाजार में मांग बढ़ेगी और जरूरतमंदों को पेंशन के सहारे का भरोसा मिलेगा। त्योहार के इस मौसम में इन फैसलों का संदेश साफ है। खुशियां तभी व्यापक होंगी, जब आर्थिक राहत का लाभ मेहनतकशों से लेकर समाज के कमजोर वर्गों तक पहुंचेगा। त्योहार से पहले मिलने वाला बोनस या आर्थिक सहायता केवल रकम नहीं, बल्कि परिवार की जरूरतों को पूरा करने और खुशियों को साझा करने का अवसर है। सरकार का रेलवे कर्मचारियों को बोनस देने का फैसला इसी लिहाज से महत्वपूर्ण है। करीब 2,009 करोड़ रुपये के कुल व्यय से जुड़ी इस मंजूरी के तहत पात्र कर्मचारियों को अधिकतम 17,951 रुपये तक बोनस मिल सकता है। यह राशि घर की जरूरतें पूरी करने, बच्चों के लिए सामान खरीदने और त्योहार की तैयारियों में काम आ सकती है। अतिरिक्त धन कर्मचारियों की क्रयशक्ति बढ़ाएगा तो इसका सकारात्मक असर बाजार पर भी पड़ेगा। त्योहारों में बढ़ी मांग छोटे दुकानदारों, कारोबारियों और स्थानीय उत्पादकों के लिए भी अवसर पैदा करती है। इस तरह कर्मचारियों की जेब में पहुंचने वाला पैसा अर्थव्यवस्था में आगे बढ़कर कई दूसरे वर्गों तक लाभ पहुंचाएगा। सरकार का दूसरा अहम फैसला दिव्यांगों की पेंशन से जुड़ा है। पेंशन के लिए बेंचमार्क दिव्यांगता की सीमा 80 प्रतिशत से घटाकर 40 प्रतिशत करने से पात्रता की शर्तें पूरी करने वाले अधिक लोग योजना के दायरे में आ सकेंगे। जन्म से पात्र दिव्यांगों को भी पेंशन का लाभ देने की व्यवस्था महत्वपूर्ण है। दिव्यांगता के साथ जीवन बिताने वाले लोगों और उनके परिवारों को रोजमर्रा की जरूरतों, उपचार तथा देखभाल के लिए अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता होती है। ऐसे में नियमित सहायता उन्हें कुछ आर्थिक मजबूती दे सकती है। पात्रता का विस्तार स्वागत योग्य है, लेकिन सहायता राशि को महंगाई के अनुरूप बढ़ाना भी जरूरी है। वहीं, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम को वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने का निर्णय भी सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से अहम है। इस अवधि में 53,428 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना है, जिससे करीब 3.20 करोड़ लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है। बुजुर्गों, विधवाओं और आर्थिक संकट से जूझ रहे परिवारों के लिए ऐसी योजनाएं कठिन समय में सहारा बनती हैं। परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य की मृत्यु पर मिलने वाली सहायता संकटग्रस्त परिवार को संभलने का अवसर देती है। इससे पहले सरकार ने व्यापारियों को राहत देते हुए यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित 0.4 फीसदी मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) शुल्क को दिवाली तक टालने का फैसला किया था। कुल मिलाकर दीपावली से पहले लिए गए ये फैसले आर्थिक राहत और सामाजिक जिम्मेदारी के बीच संतुलन बनाने का अवसर देते हैं। बोनस से बाजार में रौनक बढ़ सकती है और पेंशन योजनाओं से कमजोर वर्गों को सहारा मिल सकता है। त्योहार की असली सार्थकता तभी है, जब समृद्धि की रोशनी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सरकार की घोषणाएं इस दिशा में उम्मीद जगाती हैं; अब जरूरत है कि उनका लाभ समय पर और पूरी पारदर्शिता के साथ लोगों तक पहुंचे।



ज्ञानेश-विवाद

राजकुमार सिंह

ज्ञानेश-विवाद : सरकार की साख भी दांव पर

भारतीय चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर आज देश में ही सवाल और संदेह हैं। आयोग की कार्य प्रणाली पर बाहर से तो सवाल अरसे से उठ रहे हैं, लेकिन अंदर से उठे सवालों का भी जवाब न देकर वह खुद को कठघरे में खड़ा कर रहा है। चुनाव आयुक्तों से मुलाकात के लिए संसद से आयोग कार्यालय तक मार्च करने वाले विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सैकड़ों सांसदों से मिलने से इनकार से शुरू तकरार अब दिल्ली–मुंबई समेत कई शहरों में सड़कों पर प्रदर्शन तक पहुंच गई है। उस दिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आठ घंटे तक आकाशवाणी भवन में धरने पर बैठे रहने, अगले दिन जंतर–मंतर पर धरने की कोशिश और 12 अक्टूबर को सर्वोच्च न्यायालय तक मार्च से भारतीय लोकतंत्र की सुखद तस्वीर नहीं उभरती।

विश्व भर में प्रतिष्ठा प्राप्त रहे भारतीय चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर आज देश में ही सवाल और संदेह हैं। आयोग की कार्य प्रणाली पर बाहर से तो सवाल अरसे से उठ रहे हैं, लेकिन अंदर से उठे सवालों का भी जवाब न देकर वह खुद को कठघरे में खड़ा कर रहा है। चुनाव आयुक्तों से मुलाकात के लिए संसद से आयोग कार्यालय तक मार्च करने वाले विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सैकड़ों सांसदों से मिलने से इनकार से शुरू तकरार अब दिल्ली–मुंबई समेत कई शहरों में सड़कों पर प्रदर्शन तक पहुंच गई है। उस दिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आठ घंटे तक आकाशवाणी भवन में धरने पर बैठे रहने, अगले दिन जंतर–मंतर पर धरने की कोशिश और 12 अक्टूबर को सर्वोच्च न्यायालय तक मार्च से भारतीय लोकतंत्र की सुखद तस्वीर नहीं उभरती। दो को मुंबई और आठ को बेंगलुरू में प्रदर्शन के बाद 10 अक्टूबर को जंतर–मंतर पर प्रदर्शन के लिए दिल्ली आ रहे कॉकरोच जनता पार्टी के नेताओं अभिजीत दीपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को फ्लाइट में घुसकर हिरासत में लेने, चर्चित यूट्यूबर ध्रुव राठी को गुरुग्राम स्थित फ्लैट से सुबह तड़के ही उठा लेने और पूर्व मुख्यमंत्रियों समेत अनेक सांसदों को हिरासत में लेने से भी संविधान सम्मत कानून के शासन की तस्वीर नहीं उभरती। मना करने के बावजूद नौ अक्टूबर रात नौ बजे से ही दर्जनों मेट्रो स्टेशन बंद कर दिल्ली आने वाली सैकड़ों ट्रेन रद्द करने पर तो सर्वोच्च अदालत ने अवमानना का नोटिस भी जारी किया, पर उसके बावजूद छावनी बनी दिल्ली में सुरक्षा बलों, खासकर पुलिस के रवैये में ज्यादा बदलाव दिखा नहीं। शांतिपूर्ण आंदोकारियों और अपना काम कर रहे पत्रकारों के साथ ही विरोध करने वाले वकीलों को भी हिरासत में ले लिया गया। मुख्य न्यायाधीश के निर्देश के बाद वकील तो तत्काल रिहा हो गये, लेकिन आंदोलनकारियों और पत्रकारों के लिए फोन कौन करेगा? संविधान तो सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है! अब जंतर-मंतर के बजाय विरोध प्रदर्शन के लिए तीन नए स्थलों के नाम घोषित किए गए हैं। कानून व्यवस्था के नाम पर आंदोलनकारियों के साथ सरकार जैसा व्यवहार कर रही है, उससे आम नागरिकों की मुश्किलें भी बढ़ रही हैं, लेकिन संदेह और सवालों से घिरे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार मौन हैं। मौन से सवालों का जवाब नहीं मिलता, पर संस्कृत में कहा गया है: मौनं स्वीकृति लक्षणम्। लगातार चुनावी हार से बेजार विपक्ष कथित 'वोट चोरी' के मुद्दे पर एकजुट है और आक्रामक भी। उधर ज्ञानेश कुमार के बचाव में, केंद्र में सरकार का नेतृत्व कर रही भाजपा बेहद आक्रामक है। इससे ज्ञानेश और भाजपा के संबंधों पर संदेह गहराता ही है, लेकिन उससे भी ज्यादा खतरनाक है विपक्षी और सीजेपी आंदोलनकारियों के जवाब में सत्ता- समर्थकों की हिंसक प्रतिक्रिया। सोशल मीडिया पर वीडियोज में उनके प्रति दिल्ली पुलिस की नरमी भी साफ नजर आती है। पेपर लीक मामले में जंतर-मंतर प्रदर्शन में भी कुछ लोग सादा कपड़ों में आंदोलनकारियों पर हमला करते नजर आये थे। आंदोलनकारियों की भीड़ में ऐसी घुसपैठ खतरनाक प्रयोग है, जिसके परिणाम देश-समाज के लिए घातक और दूरगामी होंगे। बेशक चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था है, लेकिन संविधान से ऊपर तो नहीं। आयोग का



मुख्य दायित्व स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवाना है। इस प्रकिया में राजनीतिक दल महत्वपूर्ण भागीदार हैं। विपक्षी सांसदों से मिलने के लिए भी अगर चुनाव आयुक्तों के पास समय नहीं, तो उनकी नजर में आम मतदाता की हैसियत का अंदाजा ही लगाया जा सकता है, जिसे अकसर चुनावों के समय 'जनार्दन' कहा जाता है। संसदीय लोकतंत्र में संसद और सड़क, दोनों राजनीति की परंपरा है, पर वह सिर्फ टकराव तक सिमटती नजर आये तो जिम्मेदार संस्थाओं और लोगों को चेत जाना चाहिए। एक ओर संवैधानिक संस्थाओं पर अविश्वास बढ़ रहा है तो दूसरी ओर वे भी असल सवालों से मुंह चुराती दिख रही हैं। अपनी साख पर सवालों और गहराते संदेह से खुद चुनाव आयोग के चेहरे पर शिकन नजर नहीं आती। राजनीतिक दलों के एजेंडा पर तो राजनीति के अलावा कुछ और रहता ही नहीं। ऐसा नहीं कि मतदान केंद्रों पर कब्जे और मत पत्रों की लूट के लिए बदनाम रहे भारतीय लोकतंत्र में चुनाव आयोग पर अतीत में सवाल नहीं उठे, पर उसकी साख इतनी कभी नहीं गिरी। दशकों बाद चुनाव आयोग को बहुसदस्यीय इसीलिए बनाया गया था कि कोई चुनाव आयुक्त निरंकुश न हो जाये, लेकिन एक अंग्रेजी अखबार ने खुलासा किया कि तीन सदस्यीय चुनाव आयोग के दो सदस्यों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने 10 महीने में 14 बार आयोग की कार्यप्रणाली और फैसलों पर सवाल उठाये। चार महीने से तो कोई बैठक ही नहीं हुई। इस खुलासे ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को कठघरे में खड़ा कर दिया है। तीन दिन बाद तीनों की संयुक्त बैठक की तस्वीर और विज्ञप्ति जारी कर दावा किया गया कि आयोग में सब कुछ 'सामान्य' है। आरोपों की गंभीरता का तकाजा था कि तीनों चुनाव आयुक्त संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस कर संदेह और सवालों का निराकरण करते, लेकिन हर बार की तरह सफाई सत्तारूढ़ दल भाजपा की ओर से आ रही है, जिससे परस्पर मिलीभगत के विपक्षी आरोपों को बल ही मिलता है। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 के जरिये नियुक्ति समिति में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की जगह प्रधानमंत्री द्वारा नामित केबिनेट मंत्री को शामिल करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं के अलावा दो चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों संबंधी खुलासे के बाद अब चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली, खासकर मुख्य चुनाव आयुक्त की मनमानी का मुद्दा भी सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गया है। अखबार के खुलासे के आधार मात्र पर सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त के निलंबन या उनके द्वारा फैसले लेने पर रोक लगाने से परहेज किया, लेकिन कारण बताओ नोटिस जारी करने से साफ है कि आयोग की कार्यप्रणाली और फैसले न्यायिक समीक्षा से परे नहीं। एसआईआर में करोड़ों मतदाताओं के नाम काटे जाने के अलावा फॉर्म -6 भी आयोग की आलोचना का बड़ा कारण है।

आयोग और भाजपा नेता फॉर्म-6 में 'घोषणापत्र' जोड़ने को सर्वोच्च न्यायालय की मंजूरी का दावा करते रहे हैं, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने फॉर्म -6 में किसी भी संशोधन को मंजूरी से 12 अक्टूबर को फिर इनकार किया। 12 अक्टूबर को राहुल गांधी समेत 11 विपक्षी नेताओं की याचिका भी सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गयी, जिसने ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध दायर सभी याचिकाओं को संयुक्त करते हुए 27 अक्टूबर को सुनवाई तय की है। बेशक कानूनी लड़ाई लंबी चल सकती है, पर विपक्ष और सीजेपी सरीखे गैर राजनीतिक संगठन सड़क की लड़ाई भी बंद करने वाले नहीं। आयोग की कार्यप्रणाली पर उठने वाले संदेह और सवालों की पुष्टि अगर हो गयी, तब सरकार की साख भी उसकी तपिश से नहीं बच पाएगी, जो विपक्ष का असली निशाना भी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

ग्रामीण महिला दिवस

बलकार सिंह पूनियां



मिट्टी से मेडल तक और पंचायत से पोडियम तक

मिट्टी से मेडल तक और पंचायत से पोडियम तक की यह यात्रा केवल खेल की कहानी नहीं है। यह उस ग्रामीण भारत की कहानी है, जहां महिला अब केवल विकास की लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास की निर्माता बन रही है। खेल का पदक उसकी चमकती उपलब्धि है; खेत, घर, बाजार और पंचायत में बढ़ती उसकी भागीदारी नए भारत की स्थायी शक्ति है। एशियाई खेल 2026 में भारतीय बेटियों की सफलता को केवल खेल उपलब्धियों के रूप में देखना इस बदलाव की व्यापकता को सीमित कर देना होगा। नागोया में भारतीय महिला खिलाड़ियों ने जिस आत्मविश्वास के साथ पदक जीते, वह उस बदलते भारत की तस्वीर है जहां गांव और छोटे कस्बों की बेटियां खेल के मैदान से लेकर पंचायत, खेत, उद्यम और डिजिटल अर्थव्यवस्था तक अपनी पहचान बना रही हैं। खेलों का पोडियम इस परिवर्तन का दिखाई देने वाला चेहरा है, जबकि ग्रामीण भारत में महिलाओं की बढ़ती आर्थिक और सामाजिक भागीदारी इसकी गहरी बुनियाद है।

एशियाई खेलों में भारत ने 21 स्वर्ण सहित कुल 85 पदक जीते। इनमें बड़ी संख्या बेटियों की थी। भारत के कुल 85 पदकों में 41 महिला खिलाड़ियों के खाते में आए। 21 स्वर्ण में से 11 महिलाओं ने जीते, जबकि तीन स्वर्ण मिश्रित स्पर्धाओं में आए। यह प्रदर्शन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इनमें अनेक खिलाड़ी छोटे शहरों, कस्बों और ग्रामीण पृष्ठभूमि से आती हैं। हरियाणा के संगतपुरा की 26 वर्षीय नीरू ढांडा ने महिला ट्रैप स्पर्धा में भारत को इन खेलों का पहला व्यक्तिगत स्वर्ण दिलाया। अमरावती की 17 वर्षीय कुमकुम मोहोड़ ने दो स्वर्ण और एक रजत जीतकर महिला रिकर्व में दक्षिण कोरिया के दो दशक पुराने वर्चस्व को चुनौती दी। उनकी उपलब्धि केवल एक युवा खिलाड़ी की सफलता नहीं, बल्कि उस संभावना का प्रतीक है जो सही प्रशिक्षण और अवसर मिलने पर भारत की बेटियों में छिपी है। पृथिका प्रदीप ने दो स्वर्ण जीते और प्रणवी उर्स एशियाई खेलों में गोल्फ स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। प्राची चौधरी और विद्या रामराज ने 4x400 मीटर रिले में स्वर्ण जीता। ट्रक चालक की बेटी विद्या, जो कभी नंगे पांव दौड़कर अभ्यास करती थीं, ने पी.टी. उषा का 42 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा। सीमा कुमारी ने 10,000 मीटर में 16 वर्ष का पदक-सूखा खत्म किया। संजू देवी की कबड्डी टीम और इशिका चौधरी तथा सविता पूनिया की हॉकी टीम ने स्वर्ण जीता। महिला हॉकी ने 44 साल का इंतजार खत्म किया, जबकि हरमनप्रीत कौर की टीम ने क्रिकेट का स्वर्ण वापस दिलाया। शेफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर जैसी छोटे शहरों से निकली खिलाड़ियों ने भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन उपलब्धियों के पीछे केवल प्रतिभा नहीं, बल्कि संघर्ष भी है।

खेल व्यवस्था में मनोवैज्ञानिक परामर्श को नियमित प्रशिक्षण का हिस्सा बनाना इसी से जुड़ा महत्वपूर्ण सबक है। लेकिन इन खिलाड़ियों की कहानियां हमें गांव की उन हजारों बेटियों की ओर भी देखने को मजबूर करती हैं जिनमें प्रतिभा तो है, पर अवसर नहीं। शहरों में अकादमी, प्रशिक्षक, पोषण और प्रतियोगिताएं अपेक्षाकृत सुलभ हैं, जबकि ग्रामीण बेटी को कई किलोमीटर दूर जाकर अभ्यास करना पड़ सकता है। जिस परिवार के लिए धनुष, राइफल, अच्छे जूते या यात्रा का खर्च बड़ी चुनौती हो, वहां से किसी बेटी का अंतरराष्ट्रीय पोडियम तक पहुंचना असाधारण संकल्प का परिणाम है। यही प्रश्न खेल से आगे ग्रामीण महिला के जीवन में भी दिखाई देता है। खेत में काम करने वाली महिला, पशुपालन करने वाली महिला, स्वयं सहायता समूह चलाने वाली महिला, पंचायत प्रतिनिधि और छोटे व्यवसाय की संचालिका- इन सभी की उपलब्धियां अक्सर पदक तालिका में दर्ज नहीं होतीं। फिर भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक परिवर्तन में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। कॉर्पोरेट जगत को महिला खेल, ग्रामीण उद्यम और महिला नेतृत्व में निवेश को सामाजिक दायित्व से आगे बढ़कर आर्थिक और सामाजिक निवेश के रूप में देखना होगा। मिट्टी से मेडल तक और पंचायत से नेतृत्व तक की यह यात्रा केवल महिलाओं की उपलब्धियों की कहानी नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के बदलते चरित्र की कहानी है। जब गांव की महिला अपने श्रम का मूल्य, अपनी आय पर अधिकार, पंचायत में अपनी आवाज और अपनी बेटी के भविष्य पर निर्णय का अधिकार हासिल करती है, तभी महिला सशक्तीकरण वास्तविक अर्थ ग्रहण करता है। खेल का पदक इस परिवर्तन की चमक है, लेकिन खेत, घर, बाजार और पंचायत में बढ़ती महिला भागीदारी ही इसकी स्थायी शक्ति है। यही नए भारत की ग्रामीण नारी शक्ति है।

(लेखक सहायक प्रोफेसर ग्रामीण विकास विभाग हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हमें वैराग्य लेकर भगवान को नहीं पाना



संकलित

दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नही है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित

प्रेरणा

एकबार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहा- मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहां-जहां भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किये बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहाँ-जहां गए, स्नान किया वहां-वहां स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रियों को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आये हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूपसे बनवायी गयी थी। सभी यात्रिओ ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रिओ को बोध हो गया कि, हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आए है।

सटाका



आज की पाती

रामलीला देखें और रामजी के आदर्श अपनाएं

हमारा देश देवभूमि के नाम से भी जाना जाता है। यहां लगभग हर रोज किसी न किसी धर्म के धार्मिक कार्यक्रम होते रहते हैं और यह सब हमें मानवता और नैतिकता की राह पर चलने की शिक्षा देते हैं। हमारे देश में भगवान श्री राम जी की लीलाओं की झलक रामलीला में भी देखने को मिलती है। रामलीला दशहरे से पहले देश के लगभग सभी राज्यों में आयोजित होती हैं, खासतौर पर उत्तर भारत में। रामलीला में यह दिखाया जाता है कि किस तरह भगवान श्री राम ने अहंकारी रावण का अंत किया था। बुराई का अंत एक न एक दिन जरूर होता है। टीवी चैनलों की बाढ़ के बावजूद रामलीला के प्रति आकर्षण सचमुच बहुत अच्छी बात है। हमें रामलीला देखनी चाहिए तथा जीवन में भगवान राम जी के आदर्श अपनाने चाहिए।

- रेणु अस्थाना, हिसार

ट्रेंड

भारत-कनाडा संबंध



कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मिलकर खुशी हुई। हमने व्यापार, टेक्नोलॉजी, सुरक्षा, ऊर्जा, शिक्षा और लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान के क्षेत्रों में भारत-कनाडा संबंधों को और मजबूत करने पर सार्थक चर्चा की।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

डेमोक्रेसी की आवाज़



वह दिन ज़रूर आएगा जब हमारी डेमोक्रेसी की आवाज़ दबाने वालों को सख्त इंसाफ़ का सामना करना पड़ेगा। मैं चाहता हूँ कि जिस भी स्टूडेंट या युवा ने पुलिस की बर्बरता या ग़ैर-कानूनी हिरासत का सामना किया है, वह उसका पूरा रिकॉर्ड-वीडियो या फोटो- ज़रूर रखे; ये बहुत ज़रूरी होंगे।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

सशक्तिकरण के प्रयास



मारी सरकार राज्य की आधी आबादी के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ महिलाओं के सम्मान, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

लोकतांत्रिक अधिकार



हमने और हमसे पहले की कई पीढ़ियों ने अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए मजबूती से लड़ाई लड़ी है। हमें ऐसा करना जारी रखना होगा। मैं सीजेपी के आशुतोष और सौरव की गिरफ़्तारी की कड़ी निंदा करती हूं।

-ममता बनर्जी, पूर्व सीएम, प. बंगाल

करंट अफेयर

साइबर हमले से प्रभावित हुई यूरोप की सुपरमार्केट श्रृंखलाएं



साइबर हमलों के कारण यूरोप की कई सुपरमार्केट श्रृंखलाओं का कामकाज प्रभावित हुआ है जिससे फ्रांस में सैकड़ों दुकानों की प्रशीतन प्रणालियां बाधित हुई है जबकि एक बड़ी सुपरमार्केट कंपनी को यूरोप और अमेरिका के ग्राहकों के लिए संचालित अपनी वेबसाइटें बंद करनी पड़ीं। फ्रांस के वित्त मंत्री रोलैंड लेस्क्योर ने मंगलवार को संसद को बताया कि देश के करीब 10,000 सुपरमार्केट में से लगभग 700 इस हमले से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि फ्रांस की खाद्य आपूर्ति पर कोई खतरा नहीं है, लेकिन स्वीकार किया कि यह हमला ' 'हमारी खाद्य सुरक्षा की बुनियाद पर चोट करता है।' उन्होंने कहा, 'यह घटना सभी के लिए एक चेतावनी है।' इस बीच, नीदरलैंड की प्रमुख सुपरमार्केट कंपनी 'अहोल्ड डेलहाइज' ने मंगलवार को कहा कि वह सुरक्षा संबंधी समस्या के कारण बंद की गई अपनी प्रणालियों को फिर से चालू करने में जुटी है। कंपनी ने कहा कि नीदरलैंड में 'अल्बर्ट हेजन', बेल्जियम में 'डेलहाइज' और अमेरिका में 'स्टॉप एंड शॉप', 'फूड लायन' तथा 'जायंट' नाम से संचालित उसके स्टोर खुले रहे। हालांकि, इन सभी ब्रांड की वेबसाइट मंगलवार को भी बंद रहीं। अहोल्ड डेलहाइज ने कहा कि उसके पास ग्राहकों या कर्मचारियों के आंकड़ों की चोरी होने का कोई साक्ष्य नहीं है।

ऑफ बीट

सांप के काटने का खतरा हमारी सोच से कहीं बड़ा



सांप के काटने पर हर बार शरीर में जहर नहीं पहुंचता। लेकिन जब सांप का जहर शरीर में प्रवेश कर जाता है, तो यह स्थिति 'सर्प विषाक्तता' कहलाती है। यह जानलेवा स्थिति हो सकती है। इसका सबसे अधिक असर उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में रहने वाले गरीब ग्रामीण समुदायों पर पड़ता है, जहां लोगों के लिए चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंचना आसान नहीं है। सांप के काटने और उष्णकटिबंधीय बीमारियों के महामारी विज्ञान के क्षेत्र में दशकों का संयुक्त अनुभव रखने वाले शोधकर्ताओं के रूप में हमने महसूस किया कि 'सर्प विषाक्तता' से निपटने के प्रयासों में आंकड़े उपलब्ध न होना गंभीर संकट है। जिन आधे से अधिक देशों में विषैले सांप लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं, वहां यह रिकॉर्ड ही नहीं रखा जाता कि कितने लोगों को सांप ने काटा या कितने लोग 'सर्प विषाक्तता' के शिकार हुए। सहारा के दक्षिण में स्थित अफ्रीकी देशों और दक्षिण एशिया के ग्रामीण इलाकों में सांप के काटने के कई पीड़ित ऐसे होते हैं, जिन्हें निकटतम स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने में कई घंटे लग जाते हैं। उनके पास वहां तक पहुंचने के लिए परिवहन साधन नहीं होते या वे इलाज के लिए पारंपरिक चिकित्सकों के पास जाते हैं। नतीजतन, उनके मामलों का उल्लेख कभी भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य आंकड़ों में नहीं मिल पाता।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

पीएम मोदी ने भेजे गए अपने लिखित संदेश में कहा

दुनिया भर में बढ़ रही भारतीय संस्कृति की पहचान, प्राचीन धरोहरों की वापसी के प्रयास तेज किए, अब दुनिया के देशों को भारत जोड़ने का काम कर रहा

'बृहत्तर भारतः दुनियाभर में भारत के सांस्कृतिक संबंध' विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार पहचान मिल रही है। भारत का संगीत, नृत्य, सिनेमा और खानपान दुनिया के अलग-अलग देशों के लोगों को भारत से जोड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने यह बात 'बृहत्तर भारतः दुनिया भर में भारत के सांस्कृतिक संबंध' पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भेजे गए अपने लिखित संदेश में कही। सरकार केवल ऐतिहासिक स्मारकों को सुरक्षित रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की प्राचीन पांडुलिपियों को भी सहेजने के प्रयास कर रही है। इसके लिए ज्ञान भारतम पहल के तहत काम किया जा रहा है। लेख केंद्रीय संस्कृत सचिव ने पढ़ा।

- केंद्रीय संस्कृति सचिव विवेक ने सुनाया लेख

खास बातें

- ऐतिहासिक स्मारकों को सुरक्षित रखने के साथ भारत की प्राचीन पांडुलिपियों को सहेजने पर ध्यान दिया जा रहा है
- ज्ञान भारतम पहल के जरिए पांडुलिपियों से जुड़ी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करेंगे

16 तक चलेगा सम्मेलन



यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 16 अक्टूबर तक चलेगा। आयोजन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र कर रहा है। सम्मेलन में भारत की सांस्कृतिक विरासत और समाजों,सभ्यताओं के साथ उसके संबंधों पर चर्चा हो रही है।

लद्दाख को मिलेगी 3,350 करोड़ की सौगात

प्रधानमंत्री आज करेंगे 5 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

प्रधानमंत्री मोदी 15 अक्टूबर को दोपहर करीब 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लद्दाख में लगभग 3,350 करोड़ की 4 प्रमुख विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस अवसर पर वह कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे।

इन परियोजनाओं को सौंपेंगे प्रधानमंत्री

- 298 किलोमीटर लंबी निमू-पदुम-दरचा सड़क राष्ट्र को समर्पित करेंगे
- 66 केवी की डबल-सर्किट दाह-हानू-खलत्सी विद्युत पारेषण लाइन का उद्घाटन
- लेह के सिंधु घाट पर भारत के पहले शैलचित्र संरक्षण पार्क का लोकार्पण करेंगे
- प्रधानमंत्री लेह स्थित कुशोक बकुला रिनपोछे हवाई अड्डे के नए यात्री टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके निर्माण पर 640 करोड़ खर्च किए गए हैं।

एशियन गेम्स 2026 में हिस्सा लेने वाले भारतीय दल से मिलेंगे

पीएम मोदी गुरुवार को एशियन गेम्स 2026 में हिस्सा लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों के दल से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी सभी एथलीटों से नई दिल्ली स्थित मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में मिलेंगे। भारतीय समयानुसार यह मुलाकात लगभग 4 बजकर 30 मिनट पर होगी।

खबर संक्षेप

आसाराम के पैरोल पर सुनवाई नहीं होगी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को खुद को भगवान बताने वाले आसाराम की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। इस याचिका में गांधीनगर शोषण केस में बीमार पत्नी से मिलने जमानत न देने के हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और के विनोद चंद्रन की बेंच ने अर्जी वापस लेने की इजाजत दे दी।



नाव में छेद था, पलटने से पहले हम कूद गए

वैशाली। बिहार के वैशाली में राघोपुर दियारा इलाके में नाव पलटने की घटना में बचाए गए 4 बच्चों ने घटना के बारे में आपबीती सुनाई। उनका कहना था कि नाव में एक छोटा सा छेद था, जिससे पानी अंदर आने लगा। जब नाव डूबने लगी, तो और ज्यादा पानी अंदर आने लगा। नाव पलट गई। इस हादसे में 13 बच्चों की मौत हो गई।



हाईकोर्ट ने कहा- 3 माह में कराएं पंचायत चुनाव

इलाहाबाद। हाईकोर्ट ने बुधवार को ग्राम पंचायत चुनाव मामले में अहम फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को 3 महीने के भीतर चुनाव कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट के आदेश के अनुसार जब तक नए चुनाव संपन्न नहीं हो जाते, तब तक सभी निवर्तमान ग्राम प्रधान प्रशासक के रूप में अपने पदों पर कार्य करते रहेंगे। खंडपीठ भी सुनवाई कर रही।



ईडी ने रिलायंस पावर की संपत्ति जब्त की

नई दिल्ली। ईडी ने बताया कि उसने अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस पावर लिमिटेड की भारत में स्थित 2000 करोड़ से अधिक की परिसंपत्तियां जब्त की है। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के तहत एक जांच का हिस्सा है। सासन पावर लिमिटेड में उसकी शेयरधारिता भी शामिल है।

नेता प्रतिपक्ष राहुल ने एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं का समर्थन किया

यहां भारत की आवाज है, अत्याचार करने वालों को हम सजा दिलाएंगे

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी तथा गृह मंत्री शाह पर निशाना साधा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में चल रहे विरोध-प्रदर्शनों के दौरान पुलिस कार्रवाई का सामना करने वाले नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के कार्यकर्ताओं का समर्थन किया है। राहुल ने एनएसयूआई से जुड़े कार्यकर्ताओं की पिटाई का आरोप लगाते हुए बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। राहुल ने आरोप लगाया कि मोदी और शाह भारत की आवाज के खिलाफ खड़े हैं। राहुल एनएसयूआई के कुछ कार्यकर्ताओं और प्रदर्शनकारियों के साथ मीडिया के सामने आए। इन सभी को सीईसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा पीटे जाने का आरोप है। राहुल ने कहा, जैसा कि मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था। यह भारत है। शाह जी, इसे ध्यान से देखिए, यहां कोई हिंदू, कोई मुसलमान, कोई जाति, कोई महिला या कुछ और नहीं है। यहां सिर्फ एक आवाज, एक विरोध है और वह भारत की आवाज है। हम इस आवाज के खिलाफ खड़े हैं। अत्याचार करने वालों को सजा दिलवाएंगे।

यहां कोई हिंदू, कोई मुसलमान, कोई जाति, कोई महिला या कुछ और नहीं

मोदी और शाह भारत की आवाज के खिलाफ खड़े



एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने पुलिस पिटाई की दास्तान सुनाई

आशुतोष-सौरव को 5 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

कोर्ट ने आशुतोष रांका, और सौरव दास को 5 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सरकार ने जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाया, तो उसके अगले ही दिन मंगलवार को सीजेपी के लगभग 20 कार्यकर्ता तिरंगा लेकर वहां पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने जदयू कार्यालय का गेट पार किया और भारी बैरिकेडिंग के बीच प्रदर्शन स्थल पर तिरंगा फहराया था।

वीडियो रिकॉर्डिंग रखें और सबूत हमें भेजें

राहुल ने कहा कि मेरी सलाह है, इस आवाज के खिलाफ खड़े ना हों। कोई भी इस आवाज के खिलाफ नहीं टिक सकता। मैंने सभी छात्रों से कहा है कि वे वीडियो रिकॉर्डिंग रखें और वह सबूत हमें भेजें। जब यह पूरा मामला खत्म हो जाएगा, तो हम उन सभी सबूतों का इस्तेमाल करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन लोगों को सजा मिलनी चाहिए, उन्हें सजा मिले- चाहे वह प्रदानमंत्री हों, ज्ञानेश कुमार हों, शाह हों या फिर वे कॉन्स्टेबल ही क्यों न हो जो हमारे बच्चों पर हाथ उठा रहा है।

राहुल गांधी पर भाजपा का पलटवार

कानून से ऊपर कोई नहीं, विरोध प्रदर्शन करें पर कानून न तोड़ें

सीजेपी के नेताओं के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की आलोचना करने पर भाजपा ने बुधवार को राहुल पर पलटवार किया। पार्टी ने कांग्रेस नेता पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि संविधान विरोध प्रदर्शन का अधिकार देता है, कानून तोड़ने का नहीं। राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशीष उषा अग्रवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सार्वजनिक स्थानों को सत्ता हासिल करने के लिए राजनीतिक अखाड़े में नहीं बदला जा सकता। इससे पहले दिन में राहुल ने दास और रांका को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद केंद्र सरकार की आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान जंतर-मंतर पर तिरंगा लहराना कोई अपराध नहीं है। इसके लिए युवाओं को जेल भेजना कायरता है।



दीपके को देखते ही चीखने लगा शख्स क्यों देश खराब कर रहा ? चोर-चोर



अभिजीत दीपके को एक बार फिर विरोध का सामना करना पड़ा है। बुधवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से निकलते वक्त एक शख्स उन्हें देखकर जोर-जोर से चिल्लाने लगा। जोर-जोर से चीखते हुए कहा- क्यों देश खराब कर रहा है? उसने चोर- चोर के नारे भी लगाए।

अब सुप्रीम कोर्ट पहुंचे ओवैसी एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती दी



एआईएमआईएम के अध्यक्ष और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर किया। इस याचिका में चुनाव आयोग की ओर से वोटर लिस्ट में सुधार की 'स्पेशल इंटेंसिव रिविजन' (एसआईआर) प्रक्रिया के तरीके को चुनौती दी।

चुनाव आयोग पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

वीडियो रिकॉर्डिंग तो देनी ही पड़ेगी, बहाने बर्दाश्त नहीं करेंगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को इस बात के लिए कड़ी फटकार लगाई कि वह 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों में श्रृंगेरी विधानसभा क्षेत्र में वोटों की गिनती की वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं ढूंढ पा रहा है। कोर्ट कांग्रेस नेता टीडी राजेगौड़ा और भाजपा उम्मीदवार डीएन जीवराज के बीच चुनावी विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई कर रहा था। राजेगौड़ा ने 2023 में श्रृंगेरी विधानसभा क्षेत्र से 201 वोटों के मामूली अंतर से विधानसभा चुनाव जीता था लेकिन वोटों की दोबारा गिनती में जीवराज को ज्यादा वोट मिलने के बाद कांग्रेस उम्मीदवार को हटा दिया गया था।

अपना रिकॉर्ड अगली तारीख तक पेश करें

मई में शीर्ष अदालत ने राजेगौड़ा को राहत देते हुए निर्देश दिया था कि जब तक उनकी याचिका पर सुनवाई पूरी नहीं हो जाती तब तक वह विधानसभा सदस्य बने रहेंगे। इसी याचिका पर आज, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस संजीव सचदेवा की बेंच ने उस बात पर हैरानी जताई जब ईसीआई ने कहा कि वह 2023 में हुई वोटों की गिनती की वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं ढूंढ पा रहा है। इस पर आयोग को फटकार लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि ईसीआई यह कैसे कह सकता है कि उसने अपना रिकॉर्ड खो दिया है? आपका मुख्य काम चुनाव कराना है। आपके पास दस्तावेज होने ही चाहिए। यह कहने का सवाल ही कहां उठता है कि हां, हम इसे ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं? आपने इसे चुने हुए उम्मीदवार को दे दिया। रिकॉर्ड की कोई कस्टडी नहीं है। आपके पास जो भी है, उसे अगली तारीख पर पेश करें। वरना, प्रतिकूल निष्कर्ष निकालना होगा।

एसआईआर की सुनवाई की तारीख बदली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली एसआईआर मामले में सुनवाई की तारीख पहले कर दी। यह कदम तब उठाया गया जब आरोप लगाया गया कि जिन वोटरों के नाम एसआईआर प्रक्रिया के तहत हटा दिए गए थे। उनसे वोटर लिस्ट में नाम दोबारा शामिल करने के लिए 'फॉर्म 6' भरने को कहा जा रहा है। वकील प्रशांत भूषण की दलीलें सुनने के बाद सीजेआई ने सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने सुनवाई की तारीख 30 से बदलकर 28 अक्टूबर कर दी। जब भूषण ने कहा कि 28 अक्टूबर को सुनवाई से शायद ही कोई फर्क पड़े, क्योंकि नाम हटाने या सुधारने की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर है, तो सीजेआई ने कहा कि हम एक ऐसा आदेश जारी करने के बारे में सोच रहे हैं जो इन सभी बातों का ध्यान रखेगा।

अमेठी में बदले सियासी समीकरण

राकेश, अभय और विनोद भाजपा में हो गए शामिल

एजेंसी ▶▶ अमेठी



गौरीगंज से लगातार तीन बार समाजवादी पार्टी के विधायक रहे राकेश प्रताप सिंह बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। उनके साथ अयोध्या की गोसाईंगंज सीट से विधायक अभय सिंह और जालौन की कालपी सीट से विधायक विनोद चतुर्वेदी ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। गौरीगंज में जामो रोड स्थित राकेश के आवास मंगलम पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री स्मृति ईरानी ने तीनों विधायकों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। प्रदेश अध्यक्ष ने भगवा पटका पहनाया सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कई मंत्री, विधायक और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। तीनों ने भाजपा के टोल फ्री नंबर पर फोन कर पार्टी की औपचारिक सदस्यता भी ग्रहण की।

सांसद अकोइजम की बढ़ीं मुश्किलें

अब भाजपा महिला मोर्चा ने एनसीडब्ल्यू को सौंपा ज्ञापन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा महिला मोर्चा के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष विजया के. राहटकर से जेएनयू की 11 छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजम के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। इस प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई सांसद रूप कुमारी चौधरी ने की।



मामले की जांच का दिया आश्वासन

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि 5 सांसदों और भाजपा की महिला विंग के पदाधिकारियों सहित एक प्रतिनिधिमंडल ने इस मामले में कार्रवाई की मांग, छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आयोग से संपर्क किया था। आश्वासन दिया गया है कि वह मामले की जांच करेंगी।

बंगाल में 100 किलो सोने के गहने से सजीं मां दुर्गा



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में सेंट्रल कॉलोनी की दुर्गा पूजा इन दिनों चर्चा में है। इस बार यहां मां दुर्गा की मूर्ति को 100 किलो से ज्यादा सोने के गहनों से सजाया गया है। पूजा के 64वें साल में पूजा समिति ने पंडाल की थीम ' अ फेयरी टेल ऑफ स्कल्पचर ' रखी है। पंडाल को मूर्तियों की खूबसूरती और कला को ध्यान में रखकर सजाया गया है।

केंद्रीय कैबिनेट के अन्य अहम फैसले

सोशल सिक्योरिटी नेट को बढ़ाया व दिव्यांगों को पेंशन की सुविधा जन्म के साथ ही मिलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में विभिन्न राज्यों के दिव्यांगों को भी बड़ी राहत दी है। पहले दिव्यांगों का 80 फीसदी थ्रेशोल्ड था अब उसको आधा करके 40 फीसदी पर ही दिया जाएगा। इसके अलावा फैसला लिया कि अब दिव्यांगों को पेंशन की सुविधा जन्म के साथ ही दी जाएगी, पहले सरकार ने 18 साल के बाद पेंशन की शुरुआत की जाती थी। सोशल सिक्योरिटी नेट को बढ़ाकर 53428 करोड़ रुपए कर दिया गया है। इस मंजूरी से देश के सभी 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लगभग 3.20 करोड़ लाभार्थियों को फायदा होगा। इसके अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन और राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के नाम भी बदले जाएंगे।

आईडीबीआई बैंक और एलआईसी हिस्सेदारी बेचेगा

इसके अलावा, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को आईडीबीआई बैंक में 60.72% हिस्सेदारी फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स की सहायक कंपनी, मेसर्स 10955230 कनाडा इंक. को 52,878.08 करोड़ रुपए में बेचने की मंजूरी दे दी। जिससे बैंक के बड़े पुनर्गठन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस सौदे का कुल मूल्य 52,877.07 करोड़ रुपए है। इसके तहत भारत सरकार अपनी 30.48 प्रतिशत हिस्सेदारी और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) अपनी 30.24 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगा।



एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर की हत्या के आरोपी पर कार्रवाई

घर पर चला बुलडोजर, भीड़ ने फूंक दिया मेडिकल स्टोर

हत्या से गुस्साए सिख संगठनों ने मानसा में बाजार बंद करा दिए

एजेंसी ▶▶ मानसा

पंजाब के मानसा जिले में एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा की हत्या के आरोपी अश्विनी कुमार के खिलाफ प्रशासन ने कठोर कार्रवाई की है। बुधवार को मानसा प्रशासन ने भारी सुरक्षाबलों की मौजूदगी में अश्विनी कुमार के घर पर बुलडोजर चला दिया। इसके अलावा आरोपी के मेडिकल स्टोर को भी तोड़ दिया है। परविंदर की हत्या के बाद गुस्साए लोगों ने आरोपी अश्विनी के मेडिकल स्टोर में तोड़फोड़ की और उसके बाद उसमें आग लगा दी। झोटा की हत्या से गुस्साए सिख संगठनों ने बुधवार को मानसा में बाजार बंद करा दिए।



सीएम और डीजीपी का इस्तीफा दें

परविंदर के परिजन लगातार इस मांग पर अड़े हुए हैं कि जब तक इस मामले की जांच सीबीआई को नहीं सौंप दी जाती और सीएम भगवंत और डीजीपी गौरव यादव इस्तीफा नहीं दे देते तब तक वह परविंदर का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी इस मामले का संज्ञान लेते हुए चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी से रिपोर्ट मांगी है।

सीबीआई से जांच पर अड़ा परिवार

परविंदर के परिजन लगातार इस मांग पर अड़े हुए हैं कि जब तक इस मामले की जांच सीबीआई को नहीं सौंप दी जाती और सीएम भगवंत और डीजीपी गौरव यादव इस्तीफा नहीं दे देते तब तक वह परविंदर का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी इस मामले का संज्ञान लिया है।

राजस्थान से गिरफ्तार हुआ था अश्विनी

बुधवार को पंजाब पुलिस ने राजस्थान पुलिस के साथ मिलकर अश्विनी कुमार को राजस्थान के ही सालासर से गिरफ्तार किया था। अश्विनी वहां एक होटल में छिपा हुआ था। आरोपी के घर पर हुई इस कार्रवाई के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। प्रशासन की कार्रवाई के बीच भीड़ ने आरोपी की दुकान में तोड़फोड़ की और दुकान को आग के हवाले कर दिया।

गृह मंत्रालय के आंकड़ों से बड़ा खुलासा

ब्रिटेन में हिंदुओं के खिलाफ नफरत की घटनाओं में 15 फीसदी की वृद्धि

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन में रह रहे हिंदू समुदाय के खिलाफ नफरती अपराधों (हेट क्राइम) में रिकार्ड बढ़ोत्तरी हुई है। ब्रिटिश सरकार के गृह विभाग द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, इंग्लैंड और वेल्स में हिंदुओं को निशाना बनाकर किए जाने वाले धार्मिक हेट क्राइम के मामलों में पिछले एक साल 15% का उछाल आया है।पुलिस ने मार्च 2025 से इस साल मार्च के बीच इंग्लैंड और वेल्स में कुल 146,825 हेट क्राइम रिकॉर्ड किए। धार्मिक हेट क्राइम में 13% की बढ़ोतरी हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, यहां न सिर्फ हिंदू, बल्कि ईसाई (24%), मुस्लिम (15%), यहूदी (10%) और सिख (3%) समुदाय भी लगातार नफरती हमलों का शिकार हो रहे हैं।

ब्रिटिश हिंदुओं के लिए एक एडवोकेसी ग्रुप एनसाइट यूके के एंटी-हिंदू हेट सर्वे में 2,688 जवाब आए थे। हर जवाब देने वाले ने एंटी-हिंदू नफरत देखी या महसूस की थी, जिसमें फिजिकल वायलेंस और ऑनलाइन हैरेसमेंट से लेकर मंदिर में तोड़-फोड़ और मीडिया और एजुकेशन में हिंदू धर्म को गलत तरीके से दिखाना शामिल था

हिंदू हमलों की रिपोर्ट नहीं कर रहे

हिंदू मंदिरों के लिए फंडिंग भी नहीं


एआई इमेज

अन्य धर्म के लिए विशेष सुरक्षा योजना

ब्रिटिश हिंदुओं के लिए काम करने वाले एक एडवोकेसी ग्रुप एनसाइट यूके के एक प्रवक्ता ने कहा कि यहूदियों के पूजा स्थलों (सिनागॉग) और मस्जिदों के लिए विशेष सुरक्षा योजनाएं हैं, जबकि हिंदू मंदिरों के लिए ऐसी कोई अलग व्यवस्था नहीं है और उन्हें सामान्य फंडिंग के बहुत छोटे से हिस्से के लिए भी होड़ लगानी पड़ती है।

सर्वे में लोग बोले- हिंदू विरोधी नफरत बढ़ रही

इनसाइट के प्रवक्ता ने बताया कि आंकड़ों के साथ गृह विभाग की लिखी हुई कमेंट्री सिर्फ यहूदियों और मुसलमानों के बारे में थी, जिसमें हिंदुओं का कोई जिक्र नहीं था, जो यूके का तीसरा सबसे बड़ा धार्मिक ग्रुप है। 15% की बढ़ोतरी को टेबल में एक लाइन की तरह नहीं छोड़ा जाना चाहिए। हमारा एंटी-हिंदू हेट सर्वे, जो नवंबर में पब्लिश होना था, उसमें 2,688 जवाब आए थे। हर जवाब देने वाले ने एंटी-हिंदू नफरत देखी या महसूस की थी, जिसमें फिजिकल वायलेंस और ऑनलाइन हैरेसमेंट से लेकर मंदिर में तोड़-फोड़ और मीडिया और एजुकेशन में हिंदू धर्म को गलत तरीके से दिखाना शामिल था।

हिंदूओं के प्रति गंभीर शारीरिक हमले बढ़ रहे

हिंदू काउंसिल यूके के प्रबंध संचालक अनिल भनोट ने कहा कि हिंदुओं के मामले में ऐसा नहीं है, जिनके साथ गंभीर शारीरिक हमले बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये आंकड़े सही तस्वीर नहीं दिखाते, क्योंकि अगर कोई हेट क्राइम फिजिकल असॉल्ट नहीं है, तो कई हिंदू अभी भी चुपचाप सहना पसंद करते हैं। वे इसकी रिपोर्ट नहीं करते क्योंकि उन्हें नहीं लगता कि अधिकारी कुछ करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि सुरक्षा के लिए हिंदू मंदिर सरकारी फंडिंग के लिए आवेदन तो कर सकते हैं, लेकिन ऐतिहासिक रूप से उन्हें अब तक कोई राशि आवंटित नहीं की गई है।

इंग्लैंड और वेल्स में हेट क्राइम में 7% की बढ़ोतरी

होम ऑफिस के जारी आंकड़ों से पता चलता है कि मार्च 2026 तक के साल में इंग्लैंड और वेल्स में हेट क्राइम में 7% की बढ़ोतरी हुई है और इनकी संख्या बढ़कर लगभग 147,000 हो गई है। पिछले साल 137,000 अपराध दर्ज किए गए थे। होम ऑफिस ने कहा कि ये आंकड़े इस बात का संकेत हो सकते हैं कि हेट क्राइम में असल में बढ़ोतरी हुई है और इसकी वजह नस्ल और धर्म से जुड़े अपराधों में बढ़ोतरी है। आंकड़ों से यह भी पता चला कि यौन रुझान, विकलांगता और ट्रांसजेंडर पहचान से जुड़े दर्ज हेट क्राइम में कोई बदलाव नहीं हुआ या उनमें कमी आई है।

खबर संक्षेप

फ्लाइट में मोबिकिन्स पीबी-04 पावरबैंक बैन

नई दिल्ली। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो विमान में आग लगने की



एक घटना के बाद मोबिकिन्स एमके-पीबी-04 पावरबैंक को भारत आने-जाने वाली और देश के भीतर संचालित होने वाली सभी उड़ानों में ले जाने या परिवहन करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। डीजीसीए प्रमुख वीर विक्रम यादव ने एयरलाइंस को निर्देश दिया कि इस विशेष पावरबैंक मॉडल को न तो यात्रियों द्वारा विमान में लाया जाए और न ही कार्गो के रूप में इसका परिवहन किया जाए। यह निर्देश जारी किया।

अमृतप्रभा महंत फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुईं पेश

गुवाहाटी। असम के मशहूर सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में आरोपी सिंगर अमृतप्रभा महंत



बुधवार को फास्ट-ट्रैक कोर्ट में पेश हुईं। गुवाहाटी हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद मंगलवार को उन्हें हाफलोंग सब-जेल से रिहा किया गया था। रिहाई के बाद उन्हें कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया गया था। गुवाहाटी हाई कोर्ट ने 9 अक्टूबर को अमृतप्रभा महंत को जमानत दी थी। जस्टिस प्रांजल दास ने 50 हजार रुपए के बॉन्ड और उतनी ही रकम की दो जमानत राशि पर उन्हें जमानत दी। कोर्ट ने कई दिनों तक दलीलें सुनी थी।

भारत-यूएस बीटीए को लेकर जगी उम्मीद

17 से भारत यात्रा पर मार्को रुबियो 'ऊर्जा' सहयोग पर भी होगी चर्चा

केंद्र सरकार के साथ होगी उच्च-स्तरीय मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली


विदेश मंत्री मार्को रुबियो

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर द्वारा भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर जल्द निष्कर्ष निकलने की उम्मीद जताने वाले बयान के साथ-साथ वाशिंगटन डीसी से ये जानकारी आ गई कि विदेश मंत्री मार्को रुबियो इस सप्ताह शनिवार, 17 अक्टूबर से भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसमें वह राष्ट्रीय राजधानी की जगह पर देश की आर्थिक राजधानी मुंबई और उसके बाद गुजरात के जामनगर जाएंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया कि विदेश मंत्री रुबियो 17 से 22 अक्टूबर तक उज्बेकिस्तान के समरकंद और भारत के मुंबई, जामनगर की यात्रा पर रहेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री की भारत यात्रा और उस दौरान होने वाले विचार-विमर्श में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय स्वरूप वाले कई मुद्दों का समावेश किया जाएगा।

रणनीतिक साझेदारी को मिलेगी मजबूती

अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक, इस वर्ष मार्को रुबियो की भारत की यह दूसरी यात्रा है। जिसमें वह वहां की सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुलाकात करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच मौजूद रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करना है। इसके अलावा क्षेत्रीय, वैश्विक परिदृश्य सहित ऊर्जा सहयोग को लेकर भी आपस में विचार साझा किए जाएंगे। विदेश मंत्री व्यापारिक नेताओं के साथ भी मुलाकात करेंगे। जिससे वाणिज्यिक निवेश और आर्थिक सहयोग से जुड़े अवसरों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। पूर्व में अमेरिका के विदेश मंत्री ने इस साल मई महीने में क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए भारत की चार दिवसीय यात्रा की थी।

200 से अधिक लोग साथ आएंगे

अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया, विदेश मंत्री की इस ऐतिहासिक मध्य एशिया की यात्रा में उनके साथ 200 से अधिक बिजनेस लीडर्स का एक विस्तृत प्रतिनिधिमंडल भी समरकंद जाएगा। अमेरिका और मध्य एशिया में व्यापारिक सहयोग को लेकर मजबूती प्रदान करने के एक नए युग की शुरुआत के रूप में इसका परिणाम सबके सामने आएगा। उज्बेकिस्तान में मार्को रुबियो मध्य एशिया क्षेत्र के सभी पांचों देशों उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और किर्गिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सी5+1 मंत्रिस्तरीय बैठक में शिरकत करेंगे।

कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने जयशंकर से की मुलाकात

व्यापार, निवेश, शिक्षा, ऊर्जा, रक्षा क्षेत्र में हुई प्रगति की समीक्षा की

कनाडा-भारत संबंधों के लिए संयुक्त रोडमैप तैयार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जयशंकर ने कहा कि कनाडा की विदेश मंत्री के साथ प्रमुख क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचार-विमर्श किया। अपने नेतृत्व और सरकार तथा उद्योग जगत के साथ लगातार बातचीत के जरिए हम अपनी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ा रहे हैं

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बुधवार को नई दिल्ली में कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ बैठक की। दोनों पक्षों ने व्यापार, निवेश, शिक्षा, ऊर्जा, रक्षा और लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान जैसे विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा की। बैठक के बाद, विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत और कनाडा दोनों देशों का नेतृत्व और पारस्परिक संवाद रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ा रहे हैं।

■ भविष्य की समृद्धि को मिलकर आकार देंगे दोनों देश

'एक्स' पर इसकी जानकारी देते हुए जयशंकर ने कहा कि आज नई दिल्ली में कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मिलकर खुशी हुई।

हमने व्यापार और निवेश, शिक्षा, ऊर्जा, रक्षा और लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में अपने संबंधों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही, प्रमुख क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचार-विमर्श किया। अपने नेतृत्व और सरकार तथा उद्योग जगत के साथ लगातार बातचीत के जरिए हम अपनी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ा रहे हैं।


अनीता आनंद और एस. जयशंकर

मार्क कार्नी से पीएम मोदी की फोन पर बात


फाइल फोटो

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कनाडा के पीएम कार्नी से फोन पर सौहार्दपूर्ण और सार्थक बातचीत की। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि भारत और कनाडा मिलकर अधिक स्थिर एवं समृद्ध विश्व के निर्माण में योगदान दे रहे हैं। वहीं, कनाडाई पीएम मार्क कार्नी के कार्यालय ने बताया कि पीएम मोदी दिसंबर में कनाडा की यात्रा करेंगे।

दिसंबर में पीएम मोदी कनाडा आएंगे

पीएम नरेंद्र मोदी की दिसंबर में प्रस्तावित कनाडा यात्रा पर सभी की निगाहें टिकी हैं। कनाडा में भारत के उच्चायुक्त दिनेश के. पटनायक ने कहा कि भारतीय समुदाय भी पीएम मोदी के दौरे का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह दौरा भारत-कनाडा संबंधों को मजबूती देने की दिशा में अगला तार्किक कदम होगा। पटनायक ने कहा कि पिछले एक साल में दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को फिर से मजबूत करने के लिए कई स्तरों पर काम किया है।





पीएम मोदी से मिलीं कनाडाई विदेश मंत्री अनीता आनंद

कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, रक्षा, सुरक्षा, ऊर्जा और शिक्षा समेत प्रमुख क्षेत्रों में भारत-कनाडा संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने निरंतर संवाद बनाए रखने और व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीएम) के लिए चल रही वार्ताओं को जल्द पूरा करने की जरूरत पर जोर दिया। दोनों ने आपसी हित से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। पीएम ने द्विपक्षीय संवाद में गति बनाए रखने और साझा हित वाले क्षेत्रों में सहयोग को ठोस परिणामों में बदलने के महत्व को रेखांकित किया।

इस साल के अंत तक होगा भारत-कनाडा व्यापार समझौता

भारत और कनाडा के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर बातचीत तेज हो गई है। दोनों देश साल के अंत से पहले एक पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को अंतिम रूप देने के प्रयास कर रहे हैं। ग्लोबल अफेयर्स कनाडा ने बताया कि कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू ने इस सप्ताह नई दिल्ली में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की। यह बैठक भारत में टीम कनाडा व्यापार मिशन के दौरान हुई। झौते के लिए चल रही वार्ता पर विस्तार से चर्चा की। दोनों देश पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अपने प्रयासों को तेज कर रहे हैं। **कनाडाई व्यापार मिशन में 300 प्रतिनिधि शामिलः** सिद्धू ने व्यापार मिशन का समर्थन करने के लिए गोयल को धन्यवाद दिया। 12 से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस मिशन में करीब 300 प्रतिनिधि शामिल हैं।


मनिंदर सिद्धू और पीयूष गोयल

हाईजैक अलर्ट निकला फर्जी, ढाई घंटे तक चली जांच

सभी यात्री सुरक्षित, सुरक्षा जांच के बाद विमान को उड़ान की दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ जयपुर

फ्रैंकफर्ट से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की एक उड़ान, जिसे हाईजैक अलर्ट मिलने के बाद जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर आपातकालीन रूप से उतारा गया था, सुरक्षा जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलने के बाद उसे अपनी आगे की यात्रा जारी रखने की अनुमति दे दी गई है।

हवाईअड्डा अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों को फ्लाइट एआई-2030 में दोबारा सवार होने के लिए कहा गया और विमान को दिल्ली के लिए रवाना करने की तैयारी शुरू कर दी गई। यह उड़ान


जयपुर एयरपोर्ट पर विमान

बुधवार सुबह जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग की गई थी, क्योंकि अहमदाबाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को विमान से कथित तौर पर हाईजैक अलर्ट प्राप्त हुआ था। बाद में यह सूचना जयपुर एटीसी को दी गई, जिसके बाद विमान को जयपुर की ओर मोड़कर सुबह करीब 9:45 बजे उतारा गया।

विमान में सवार थे 300 यात्री

प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, विमान में लगभग 300 यात्री सवार थे। विमान को एक आइसोलेशन बे में ले जाया गया, जहां केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की टीम सहित सुरक्षा कर्मियों ने विस्तृत जांच की। यह जांच करीब ढाई घंटे तक चली। अधिकारियों के अनुसार, विमान में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। प्रारंभिक रिपोर्टों में कहा गया था कि संभवतः पायलट द्वारा गलती से निर्धारित अलर्ट बटन दबाए जाने के कारण हाईजैक अलर्ट सक्रिय हो गया। एक अन्य शुरुआती जानकारी में यह भी संकेत मिला कि कोई तकनीकी या सिस्टम संबंधी खराबी इस संदेश का कारण हो सकती है। पूछताछ के दौरान पायलट ने गलती से अलर्ट बटन दबाने से इनकार किया। अलर्ट के वास्तविक कारण को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया था।

होर्मुज स्ट्रेट में बड़ा हादसा

बारूदी सुरंग से टकराकर डूबा 2500 कंटेनर वाला कार्गो शिप

एजेंसी ▶▶ तेहरान

होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री बारूदी सुरंग से टकराकर बुधवार सुबह एक मालवाहक जहाज डूब गया। जहाज में 2500 कंटेनर थे। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने यह जानकारी दी। टक्कर के बाद जहाज में आग लग गई थी। जंग शुरू होने के बाद यह पहली बार है, जब बारूदी सुरंग से टकराकर कोई जहाज डूबा है। डूबने वाले जहाज का नाम जीएफएस प्राइड है। यह सिंगापुर के झंडे के तहत चल रहा था और इसमें


जीएफएस प्राइड जहाज

एक बार में 2,824 कंटेनर ले जाने की क्षमता थी। जहाज का कामकाज यूएई की एक कंपनी के पास था। आईआरजीसी ने बुधवार को बताया कि जहाज होर्मुज के पास एक ऐसे रास्ते से गुजर रहा था, जिसे इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं थी और रास्ता खतरनाक था।

हरिभूमि के सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी

सऊदी अरब पर बढ़ते हमलों से न डरें भारतीय, देश वापसी के विकल्प मौजूद

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

सऊदी अरब पर किए जा रहे हमलों के बीच भारत ने अपने देश के नागरिकों को किसी भी तरह से चिंता न करने की अपील करते हुए कहा है कि जो लोग इस वक्त सऊदी में फंसे हुए हैं। उनकी वतन वापसी के लिए कई विकल्प मौजूद हैं। अभी फिलहाल हम हालात के जल्द बेहतर होने का इंतजार कर रहे हैं। जिसके बाद इस कवायद की असल मायने में शुरुआत की जाएगी। बता दें, समूचे खाड़ी क्षेत्र में भारतीयों की कुल संख्या 90 लाख से 1 करोड़ के बीच में है। जिसमें सऊदी अरब में भी यह काफी तादाद में निवास करते हैं।



विमान कंपनियों से संपर्क में दूतावास

उन्होंने यह भी बताया कि इसमें कोई शक नहीं है कि भारत और सऊदी अरब के बीच लोग बड़े पैमाने पर अपनी यात्राएं करते हैं। वर्तमान में भी हमारे कई लोग वहां फंसे हुए हैं। लेकिन अभी उनकी कुल संख्या के बारे में आधिकारिक जानकारी मौजूद नहीं है। लेकिन यह जो भी लोग हैं, उनका संबंध मक्का, दम्माम, जेद्दा और रियाद से जुड़ा हुआ है। रियाद व अन्य स्थानों पर भारत का दूतावास विमानन क्षेत्र की कंपनियों, भारतीय समुदाय के साथ लगातार संपर्क में बना हुआ है जिसका मकसद देश के लोगों को हर हाल में जरूरी मदद पहुंचाना व उनके कल्याण पर केंद्रित है।

लद्दाख पर जबरन अपना कब्जा जमाने वाले चीन को रक्षा मंत्री सिंह की दो टूक

एमपी-इडसा में हुए आसियान-भारत रक्षा थिंक टैंक फोरम में दिया संबोधन, आयोजन में शामिल हुए 11 देश के प्रतिनिधि

सीमाहीन चुनौतियों से मुकाबले के लिए एक-दूसरे की संप्रभुता का सम्मान करना अनिवार्य, संवाद भी जरूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत द्वारा पश्चिमी सीमा पर स्थित लद्दाख की 28 जगहों को आधिकारिक रूप से मानकीकृत करने के मामले पर चीन द्वारा जताई गई नाराजगी का रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्पष्ट रूप से जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि उभरती हुई और पारंपरिक 'सीमाहीन चुनौतियों' से निपटने के लिए कुछ बुनियादी बातें अनिवार्य रूप से लागू होती हैं। जिनमें विश्वास बनाने से


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

लेकर एक-दूसरे की संप्रभुता का सम्मान करना, अंतरराष्ट्रीय कानून की अनुपालना और बातचीत के रास्ते खुले रखना बेहद जरूरी है। यह जानकारी उन्होंने नई दिल्ली में मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान (एमपी-इडसा) में आयोजित किए गए पहले दो दिवसीय भारत-आसियान थिंक टैंक फोरम को संबोधित करते हुए दी है। इस दौरान उनका जोर हालांकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र (आईपीआर) की ओर था। आयोजन में आसियान के 11 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। रक्षा मंत्री ने रक्षा प्रौद्योगिकी को एक जरूरी क्षेत्र बताते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन, साइबर क्षमताएं और अंतरिक्ष आधारित प्रणालियां तेजी से अहम होती जा रही हैं। बीते वक्त में हुए संघर्षों से ये साफ हो गया है कि संभवतः कम लागत वाले यानी सस्ते ड्रोन भी महंगी रक्षा प्रणालियों के लिए सिरदर्द बन सकते हैं या उन्हें चुनौती दे सकते हैं। उन्होंने व्यावहारिक, किफायती, समाधानों के साथ आगे बढ़ने पर बल दिया है।

विवाद में तब्दील नहीं होने चाहिए मतभेद

राजनाथ ने कहा कि भारत एक ऐसा हिंद-प्रशांत क्षेत्र चाहता है। जहां देश चाहे छोटे हों या फिर बड़े, अपने सभी फैसले खुद ले सकें, हितों की रक्षा कर सकें तथा शांतिपूर्ण ढंग से विकास कर सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि आज हमें एक ऐसी व्यवस्था की आवश्यकता है। जिसमें मतभेदों के विवाद बनने से पहले ही शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाया जा सके। ये एक ऐसी क्षेत्रीय व्यवस्था होगी, जहां कोई देश किसी अन्य पक्ष के शामिल हुए बिना एक साथ मिलकर काम करें।

आईपीआर में दोनों पक्षों के साझा हित

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत और आसियान समूह देश शांति, स्थिरता, समृद्धि के अलावा एक खुले-समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समान रूप से अपने हितों को बांटते हैं। दोनों के बीच साझा इतिहास, संस्कृति, व्यापार और विचारों पर आधारित घनिष्ठ संबंध हैं। आईपीआर पर हमारा दृष्टिकोण एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं। ऐसे में हमें सहयोग को मजबूत करना चाहिए। न कि क्षेत्रीय मंचों के बीच प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। भारत अपनी पूर्व की ओर देखो नीति, महासागर विजन सहयोग पर जोर देता है।

हिंद महासागर को सुरक्षित रखना जरूरी

उन्होंने कहा कि हिंद महासागर और दक्षिण-पूर्व एशिया के समुद्री क्षेत्रों को सुरक्षित बनाए रखना हमारी एक साझा जिम्मेदारी है। क्योंकि ये हमारे समुद्री क्षेत्र का हिस्सा हैं। जो व्यापार, ऊर्जा, आमजन और आवश्यक वस्तुओं के लिए अहम हैं। हमारी साझेदारी स्थाई होनी चाहिए। न कि एक बार का लेन-देन। समुद्री क्षेत्र के संबंध में जागरूकता,समुद्री सहयोग को सशक्त बनाना एक स्थिर, नियम आधारित समुद्री व्यवस्था सुनिश्चित करने की कुंजी है।

14 से 16 अक्टूबर तक चलेगी यह यात्रा

यूएई की यात्रा पर विदेश मंत्री जयशंकर, द्विपक्षीय बैठक करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र में बीते लगभग 8 महीने से जारी भीषण युद्ध की वजह से चिंताजनक बने हुए हालात के बीच विदेश मंत्री डॉ.एस. जयशंकर बुधवार से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रवाना हो गए हैं। जिसमें खाड़ी के इस देश में अपने समकक्ष और यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ उनकी



एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी और उसमें भारत, यूएई के बीच स्थापित व्यापक रणनीतिक साझेदारी में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी। विदेश मंत्रालय ने 14 अक्टूबर को अपने एक बयान के माध्यम से यह जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय विदेश मंत्री अपनी इस यूएई यात्रा के दौरान उक्त बैठक के अलावा अबू धाबी में होने वाले रायसीना मध्य पूर्व कार्यक्रम के दूसरे संस्करण में होने वाली चर्चाओं में भी भाग लेंगे।

सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किए नए दिशा-निर्देश

राज्य शासन का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के हित में बड़ा निर्णय, 45 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति में सीपीसीटी से मिलेगी रियायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप राज्य शासन ने मप्र के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए सहायक ग्रेड 3 और समकक्ष पदों पर पदोन्नति के लिए सीपीसीटी में छूट आदि से संबंधित समेकित निर्देश जारी किया है। अब जहां सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदोन्नति के लिए 45 वर्ष से अधिक के कर्मियों को सीपीसीटी स्कोर कार्ड से पूरी छूट दी है, वहां अन्य पात्र कर्मचारियों को पदोन्नति के बाद निर्धारित कम्प्यूटर अर्हताएं प्राप्त करने के लिए अधिकतम 5 वर्ष का अवसर दिया गया है।

कम्प्यूटर डिप्लोमा आवश्यक

सामान्य प्रशासन विभाग ने मप्र लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 के तहत सभी विभागों में पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू होने के बाद आ रही भ्रांतियों को दूर करने के लिए यह निर्देश जारी किए हैं। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदोन्नति के लिए कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (सीपीसीटी) एवं कम्प्यूटर डिप्लोमा की अनिवार्यता के संबंध में संशोधित निर्देश जारी किए हैं।

अधिकतम पांच साल में पूरी करनी होगी कम्प्यूटर अर्हता

सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश में 45 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके कर्मचारियों को सीपीसीटी स्कोर कार्ड की अनिवार्यता से छूट प्रदान की गई है। साथ ही अन्य पात्र कर्मचारियों को पदोन्नति के बाद निर्धारित कम्प्यूटर अर्हताएं प्राप्त करने के लिए अधिकतम 5 वर्ष का अवसर दिया गया है। अब सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदोन्नति के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता रखने वाले ऐसे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, जिन्हें सीपीसीटी एवं कम्प्यूटर डिप्लोमा की अर्हता प्राप्त करना आवश्यक है, मान्यता प्राप्त संस्थान से एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा अथवा निर्धारित समकक्ष योग्यता प्राप्त करना होगी।

सीधी भर्ती आदि में नहीं मिलेगा लाभ

सीधी भर्ती अथवा अन्य किसी माध्यम से होने वाली नियुक्तियों में सीपीसीटी एवं कम्प्यूटर डिप्लोमा की निर्धारित अर्हताएं यथावत अनिवार्य रहेंगी। आदेश अनुसार शासकीय सेवक अपनी पदोन्नति की तिथि को 45 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, उन्हें सहायक ग्रेड-3 पर पदोन्नति के लिए सीपीसीटी स्कोर कार्ड से छूट प्रदान की गई है, परंतु कम्प्यूटर दक्षता की अनिवार्यता बनी रहेगी।

परिवीक्षा अवधि 3 वर्ष और बढ़ाई जा सकेगी

यदि कर्मचारी 2 वर्ष की परिवीक्षा अवधि में आवश्यक अर्हताएं प्राप्त नहीं कर पाते हैं, तो उनकी परिवीक्षा अवधि अधिकतम 3 वर्ष और बढ़ाई जा सकेगी। इस प्रकार उन्हें पदोन्नति के बाद कुल 5 वर्ष के भीतर निर्धारित योग्यता प्राप्त करनी होगी। इस अवधि में आवश्यक योग्यता प्राप्त नहीं करने पर संबंधित कर्मचारी को उसके मूल चतुर्थ श्रेणी पद पर वापस पदस्थ कर दिया जाएगा। उक्त प्रावधान केवल विभागीय पदोन्नति के मामलों में लागू होंगे।

खबर संक्षेप

वन विभाग के कम्प्यूटर ऑपरेटर को शीघ्र किया जाए नियमित

भोपाल। उच्च न्यायालय जबलपुर ने स्पष्ट आदेश दिए हैं कि वन विभाग में जॉब दर पर कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर को नियमित किया जाए या संविदा नियुक्ति प्रदान की जाएं। वन विभाग में जॉब दर पर कार्यरत सतना वन मंडल के कंप्यूटर ऑपरेटरों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर नियमित करने या अन्य कर्मचारी कम्प्यूटर ऑपरेटर के समान संविदा नियुक्ति देने की मांग उच्च न्यायालय जबलपुर में की थी। मप्र वन कर्मचारी मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि उच्च न्यायालय जबलपुर ने आदेश पारित किया है कि वन विभाग में लंबी सेवा अवधि से जॉब दर पर कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर को नियमित किया जाएं। यदि नियमित नहीं किया जा सकता तो उन्हें विभाग के आईटी शाखा में कार्यरत संविदा नियुक्ति प्राप्त कम्प्यूटर ऑपरेटर के समान ही संविदा नियुक्ति कम्प्यूटर ऑपरेटर के रूप में प्रदान की जाए। प्रधान मुख्य वन संरक्षक को कम्प्यूटर ऑपरेटर ने आवेदन प्रस्तुत करके उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेश का शीघ्र पालन करने की मांग की।

भावना गौर को भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यालय मंत्री का जिम्मा

भोपाल। महिला शक्ति की आइकॉन भावना गौर को भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश कार्यालय मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। वे अपने पिता के साथ बचपन से ही



विश्व हिंदू परिषद से जुड़ी थीं। 19 वर्ष तक दुर्गावाहिनी की मालवा एवं मध्यभारत दोनों प्रान्तों की लबे समय तक संयोजिका रही। मप्र के ही पूर्वी निमाड़ क्षेत्र अंतर्गत जामलीकलां, जिला खंडवा की रहने वाली है। विवाह पश्चात गृहिणी के तौर पर कार्य कर रही थी। एक सामान्य से कार्यकर्ता को प्रदेश की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जाने पर पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं में हर्ष है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, अश्विनी परांजपे सहित शीर्ष नेतृत्व द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी के लिए आभार, धन्यवाद व्यक्त किया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अर्पित की श्रद्धांजलि

भोपाल। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बुधवार को प्रदेश शासन के मंत्री चेतन्य काश्यप के रतलाम स्थित निवास पहुंचकर उनकी माता स्वर्गीय तेजकुंवर बाई काश्यप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

जनकल्याणकारी कार्यों का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए आगे आएं युवा

वर्तमान वर्ष में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण साल भर संचालित होंगी विभिन्न गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

'मुख्यमंत्री यंग प्रोफेशनल फॉर डेवलपमेंट प्रोग्राम' के तहत सुशासन संस्थान में शुरू हुआ 5 दिनी प्रशिक्षण सत्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के युवा निडरता पूर्वक अपनी योग्यता और क्षमता से सभी क्षेत्रों में उपलब्धियां अर्जित कर रहे हैं। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन तथा उनके मूल्यांकन में भी युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

- मुख्यमंत्री ने सीएम फेलोज को किया संबोधित

मुख्यमंत्री यंग प्रोफेशनल्स फॉर डेवलपमेंट प्रोग्राम के सभी युवा साथी प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। इसमें 55 जिलों से चयनित युवा नई 55 आशाओं का समुच्चय हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मुख्यमंत्री यंग प्रोफेशनल फॉर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत चयनित सीएम फेलोज के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में ग्लोबल विलेज फाउंडेशन और सुशासन संस्थान के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर भी हुए। कार्यक्रम में लोकसेवा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, युवा आयोग के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं प्रदेशभर से आए युवा साथी उपस्थित थे।



सीएम फैलोज़ के प्रशिक्षण कार्यक्रम में एमओयू का आदान प्रदान हुआ, सीएम डॉ. यादव रहे मौजूद।

मुख्यमंत्री ने किया यंग प्रोफेशनल्स से संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर यंग प्रोफेशनल से संवाद भी किया। भोपाल की सुश्री प्राची गौर ने पूछा कि मैदानी स्तर पर आने वाली चुनौतियों का सामना कैसे किया जाए। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें। शांत चित्त और तनाव रहित रहते हुए जन सामान्य से सहज संवाद में रहें। मुख्यमंत्री ने युवाओं को नवाचार के लिए तत्पर रहने और परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालने की क्षमता विकसित करने तथा किताबी ज्ञान के साथ-साथ अनुभव को भी महत्व देने की सलाह दी।

प्रत्येक वर्ष के लिए अलग-अलग लक्ष्य युवाओं के लिए किया तय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रत्येक वर्ष के लिए अलग-अलग लक्ष्य तय किया है। वर्ष 2025 को रोजगार और निवेश, वर्ष 2026 को किसान कल्याण और अब वर्ष 2027 को राज्य सरकार युवा वर्ष के रूप में मनाने जा रही हैं। इस वर्ष में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। युवाओं के लिए सालभर गतिविधियां संचालित की जाएगी। हमारे युवा प्रभावी नेतृत्व प्रदान करें वे अपने दायित्व को मात्र जॉब के रूप में न लें, बल्कि प्रदेश की बेहतरी और जनकल्याणकारी कार्यों का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए काम करें।

विनम्रता और बेहतर संवाद शैली है सफलता का आधार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के वक्तव्य 'यही समय है-सही समय है' से प्रेरणा लेते हुए हम अपने कार्यों से समाज और देश के प्रति अपनी भूमिका सार्थक करें। प्रधानमंत्री ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए सुशासन स्थापित कर उत्कृष्ट कार्य किए हैं। उनकी प्रशासनिक कार्य कुशलता की प्रसंशा पूरी दुनिया में हो रही है। पहले हम पश्चिमी देशों से अपनी तुलना करते थे, लेकिन अब प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दृढ़ इच्छा शक्ति के बल पर भारत ने अनेक चुनौतियों का समाप्त करते हुए नए कीर्तिमान गढ़े हैं।

शासकीय व्यवस्थाओं और उनमें भूमिका निभाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि क्रियान्वयन की कमजोरियों को चिन्हित कर उनमें आवश्यक सुधार करने में मदद मिलेगी। राज्य में जनकल्याणकारी नीतियों को लागू करने में जिला प्रशासन, ग्राम पंचायतों और निकायों के चुने गए जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी काफी अहम है। सभी यंग प्रोफेशनल्स, शासकीय व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन और उनमें जनभागीदारी की भूमिका का बारीकी से अवलोकन करते हुए जिला प्रशासन के लिए भी उपयोगी धरोहर बनें।

युवाओं को डेटा विश्लेषण, प्रशासनिक संरचना, कार्यप्रणाली का होगा प्रशिक्षण

अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. राजीव दीक्षित ने कहा कि जीवन में प्रशिक्षण की विशेष महत्ता है। 'मुख्यमंत्री यंग प्रोफेशनल फॉर डेवलपमेंट प्रोग्राम' के तहत सीएम फेलोज का प्रशिक्षण भी इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए आयोजित किया जा रहा है। अलग-अलग प्रशिक्षण सत्रों में युवाओं को डाटा विश्लेषण, जिला स्तर पर प्रशासनिक संरचना और कार्यप्रणाली की जानकारियां प्रदान की जा रही हैं। प्रशिक्षण सत्र में राज्य के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, युवा साथियों को जमीनी स्तर की बारीकियां बता रहे हैं।



बचा स्टॉक तत्काल नष्ट करने के निर्देश

पैराक्वेट डाइक्लोराइड कीटनाशक के उपयोग पर प्रतिबंध, मानव और पशुओं के लिए है खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य शासन ने पैराक्वेट डाइक्लोराइड नामक कीटनाशक के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। यह कीटनाशक मानव और पशुओं के लिए बेहद हानिकारक है। भारत सरकार ने इस संबंध में पहले ही अधिसूचना जारी कर दी है। किसान कल्याण और कृषि विकास विभाग ने इस खतरनाक कीटनाशक का निर्माण करने वाली कंपनियों की ओर से विक्रय और भण्डारण पर तत्काल रोक लगाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने कहा कि जिन निर्माताओं के पास पैराक्वेट डायक्लोराइड के पंजीकरण प्रमाण पत्र है, उन्हें तत्काल केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड और पंजीकरण समिति को वापस करने के निर्देश दिए हैं। इस कीटनाशक के बचे स्टाक को वापस बुलाकर नियम, प्रक्रिया अनुसार नष्ट करने की कार्रवाई करने के लिए भी निर्देश दिए हैं। भारत सरकार ने कीटनाशक अधिनियम 1968 के तहत पैराक्वेट डाइक्लोराइड के नए रजिस्ट्रेशन और पहले से जारी सभी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट्स को रद्द कर इस पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

छिड़काव से मूंग के हरे पौधे और पत्तियां सूख जाती हैं

इसका छिड़काव करने से मूंग के हरे पौधे और पत्तियां 24 से 72 घंटों के भीतर पूरी तरह सूख जाती हैं। पत्तियां सूख जाने से फसल को काटना और थ्रेसिंग करना आसान हो जाता है, जिससे मजदूरों का खर्च और समय बचता है। भारत सरकार के नियमों के अनुसार इसका उपयोग मूंग की फसल पर करने की अनुमति नहीं थी, लेकिन इसके बावजूद किसान अवैध रूप से इसका शॉर्टकट के रूप में इस्तेमाल करते रहे हैं।

स्वास्थ्य के लिए खतरनाक

यह एक अत्यंत विषैला केमिकल है। इसके संपर्क में आने या इसके अवशेषों वाली मूंग के सेवन से कैंसर, लिवर, किडनी और मस्तिष्क से जुड़ी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। यदि यह शरीर में चला जाए या गलती से पिया जाए, तो इसका कोई इलाज या एंटीडोट नहीं है, जिससे यह जानलेवा साबित होता है।

कैसे काम करता है ?

यह पौधों के हरे हिस्सों के संपर्क में आते ही उन्हें तेजी से जलाकर नष्ट कर देता था। इसे 'ग्रामोक्सोन' जैसे ट्रेड नाम से भी जाना जाता है। यह इंसानों और जानवरों के लिए अत्यधिक विषैला है। इसके शरीर में जाने या संपर्क में आने से फेफड़े और गुर्दे (किडनी) गंभीर रूप से खराब हो जाते हैं।

विस अध्यक्ष ने विभिन्न विषयों पर राज्यपाल से की चर्चा

राज्यपाल से विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने लोकभवन पहुंचकर की सौजन्य भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल से विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने सौजन्य भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष तोमर बुधवार को लोकभवन पहुंचे। राज्यपाल पटेल का विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने अभिवादन कर पुष्प-गुच्छ भेंट किया। उन्होंने राज्यपाल से विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की।



विस अध्यक्ष ने राज्यपाल से सौजन्य भेंट की।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने संभाला पदभार

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इब्राहिम शेरानी ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा एवं मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सनवर पटेल की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया।

पदभार ग्रहण के पहले अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इब्राहिम शेरानी ने प्रदेश कार्यालय में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राज्य शासन की अधिसूचना की वैधता को दी गई थी चुनौती

हाईकोर्ट ने ग्वालियर खण्डपीठ ने राज्य परिवहन प्राधिकरण गठन अधिसूचना को माना वैध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र उच्च न्यायालय, ग्वालियर खण्डपीठ में निजी बस ऑपरेटर हरिशंकर सिंह पटेल एवं अन्य की ओर से रिट याचिका दायर किया गया था, जिसमें राज्य परिवहन प्राधिकरण के गठन से संबंधित राज्य शासन की अधिसूचना की वैधता को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति जीएस अहलूवालिया एवं न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की ओर से वादी पक्ष को नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप सुनवाई का समुचित अवसर प्रदान कर सुना गया। राज्य शासन की ओर से भी न्यायालय के समक्ष अधिसूचना की वैधानिकता के अनुरूप सशक्त पक्ष रखे गए। न्यायालय की ओर से दोनों पक्षों के अभिवचनों को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन की ओ रसे जारी अधिसूचना को विधि के अनुरूप एवं वैध माना गया तथा रिट याचिका क्रमांक 15560/2026 को खारिज कर राज्य शासन को विधि के अनुसार आगे की कार्यवाही करने की स्वतंत्रता प्रदान की गई।

आगामी कार्यवाही का मार्ग होगा प्रशस्त

इस निर्णय से राज्य शासन से जारी अधिसूचना की वैधानिकता की पुष्टि होने से इससे संबंधित वैधानिक प्रावधानों के अनुसार राज्य शासन को आगे की कार्यवाही करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इस याचिका के निरस्त होने से अंतरराज्यीय परमिट आवेदनों एवं अन्य संबंधित विषयों पर राज्य परिवहन प्राधिकरण की ओर से निर्णय लिया जा सकेगा।

'जय जोहार' सिर्फ नारा नहीं, आदिवासी समाज की अस्मिता का प्रतीक, कांग्रेस की चेतावनी, कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे प्रदर्शन

'जय जोहार' का अपमान करने वाले पुलिस अफसर पर दर्ज हो एफआईआर: जीतू

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे आदिवासी छात्र-छात्राओं के साथ पुलिस के कथित अभद्र व्यवहार और जातिगत अपमान पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस अधिकारी द्वारा 'जय जोहार' का नारा लगाने वाले आदिवासी छात्र-छात्राओं के साथ कथित तौर पर गाली-गलौज और जातिगत आधार पर अपमानजनक व्यवहार किया गया। यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि कहा कि जय जोहार सिर्फ एक नारा नहीं है, यह आदिवासी समाज की अस्मिता, संस्कृति और सम्मान का प्रतीक है। पटवारी मांग की कि मामले की जांच कर संबंधित अधिकारी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो प्रदेश कांग्रेस आदिवासी समाज के सम्मान की रक्षा के लिए कमिश्नर कार्यालय का घेराव करेगी। आवश्यकता पड़ने पर इस मुद्दे पर प्रदेशव्यापी बड़ा आंदोलन भी किया जाएगा।





आदिवासी छात्र-छात्राओं की हौसला-अफजाई करते कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी।

शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना नागरिकों का लोकतांत्रिक अधिकार

पटवारी ने कहा कि जब आदिवासी परिवारों के छात्र-छात्राएं अपनी जायज मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रख रहे थे, तब पुलिस अधिकारियों का व्यवहार और उनकी भाषा निराशाजनक एवं आक्रोश पैदा करने वाली थी। शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना नागरिकों का लोकतांत्रिक अधिकार है। उनकी बात सुनने के बजाय उन्हें अपमानित करना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। इस मामले में ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे यह स्पष्ट संदेश जाए कि आदिवासी समाज के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी अधिकारी को संरक्षण नहीं मिलेगा। पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और पुलिस महानिदेशक से मांग की है कि वे इस गंभीर मामले का तत्काल संज्ञान लें तथा निष्पक्ष जांच कराकर दोषी अधिकारी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

टीआई रतन सिंह के निलंबन पर हिंदू उत्सव समिति ने आतिशबाजी कर बांटी मिठाइयां

भोपाल। आदिवासी छात्रों के प्रदर्शन के दौरान अभद्र टिप्पणी मामले में मिसरोद थाना प्रभारी रतन सिंह परिहार को सीएम डॉ. यादव के निर्देश पर निलंबित कर दिया गया है। मिसरोद हिंदू उत्सव समिति ने टीआई के निलंबन पर खुशी व्यक्त करते हुए मिसरोद के रामलीला मैदान में आतिशबाजी कर मिठाई बांटी। समिति के आयोजक अजय पाटीदार ने बताया कि ये क्षेत्र वासियों के लिए बड़ी राहत देने वाली बात है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने टीआई की गुंडाई पर संज्ञान लेकर कार्रवाई की। अपने कार्यकाल के दौरान टीआई रहते हुए इन्होंने क्षेत्र में गुंडागर्दी मचा रखी थी। कई लोगों के खिलाफ गलत अपराध तक दर्ज किए हैं। इस मामले पर हिंदू उत्सव समिति लगातार क्षेत्रवासियों पर हो रही रतन सिंह की मनमानियों को लेकर आला अधिकारियों के समक्ष लिखित शिकायत भी कर चुकी है।

खबर संक्षेप

पीएम के निर्णयों के लिए सीएम ने माना आभार

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम' को वित्त वर्ष 2030-31 तक निरंतर जारी रखने का निर्णय लिया है। कुल 53 हजार 428 करोड़ रुपए की इस योजना से देशभर के 3 करोड़ 20 लाख से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने इस संवेदनशील एवं जनकल्याणकारी निर्णयों के लिए प्रधानमंत्री मोदी का हृदय से आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एक्स' पर कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की ओर से दिव्यांगजन पेंशन की पात्रता का दायरा बढ़ाने और सहायता राशि में वृद्धि का निर्णय भी लिया गया है। अब 40 प्रतिशत दिव्यांगता पर भी लाभ मिल सकेगा। पेंशन के लिए न्यूनतम आयु सीमा भी समाप्त कर दी गई है। यह दिव्यांगजनों के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे।

शासकीय जमीन मामले में कार्रवाई कब होगी?

औबेदुल्लागंज। वार्ड नंबर 4 में कथित शासकीय जमीन घोटाले को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। लोगों के बीच सवाल उठ रहा है कि आखिर शासकीय जमीन की कथित खरीद-फरोख्त में शामिल लोगों पर कार्रवाई कब होगी? स्थिति यह है कि वर्तमान में चल रहे शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान भी माता की झांकियों, चाय-पान की दुकानों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जमीन घोटाले को लेकर चर्चाएं हो रही हैं। बताया जा रहा है कि इस मामले को लेकर कथित रूप से जमीन की खरीद-फरोख्त से जुड़े लोगों के बीच भी एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। इससे मामले को लेकर चर्चाएं और तेज हो गई हैं। हालांकि, पूरे प्रकरण में वास्तविक स्थिति क्या है और किन लोगों की भूमिका है, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। इस मामले को लेकर अब दशहरे के बाद बड़े आंदोलन की संभावना भी जताई जा रही है। यदि आंदोलन होता है, तो शासकीय जमीन के कथित घोटाले का मुद्दा एक बार फिर प्रमुखता से उठ सकता है। फिलहाल, लोगों की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई और मामले की जांच पर टिकी हुई हैं।

अजा वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करें

भोपाल। अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। नवनियुक्त अधिकारी जनहितैषी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करें। उन्हें शिक्षा, कौशल उन्नयन, रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं, जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। मंत्री चौहान मप्र राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के राजीव गांधी सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

शुभांक

कल्याणः	2738		
दिनः	234	91	335
रातः	179	73	670
ताराः			
दिनः	168	51	245
रातः	269	72	147

समझाइश देने पर उग्र हुए झांकी में मौजूद लोग हुए शांत

देर रात तेज आवाज में चल रहे डीजे की आवाज कम कराने पर बवाल, भीड़ ने टीटी नगर थाने के पुलिसकर्मियों को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्लेटिनयम प्लाजा और अपेक्स बैंक के पास झांकी का मामला



टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित प्लेटिनम प्लाजा और अपेक्स बैंक के बीच देर रात झांकी में तेज आवाज में चल रहे डीजे की आवाज कम कराने पहुंचे पुलिसकर्मियों को अपनी जान बचानी पड़ी। झांकी लेकर जा रहे लोगों का गुस्सा पुलिसकर्मियों फूट गया। उन्होंने पुलिसकर्मियों से धक्कामुक्की शुरू कर दी। लिहाजा पुलिसकर्मियों को साइड होकर अपनी जान बचानी पड़ी। गनीमत रही कि झांकी में मौजूद कुछ लोगों ने पुलिस का पक्ष लिया। वे पुलिसकर्मियों और उग्र हुए लोगों के बीच खड़े हो गए और लोगों को समझाइश देकर रोका गया। पुलिस ने उक्त मामले में चार डीजे संचालकों पर प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस कर रही थी पेट्रोलिंग

पुलिस के अनुसार मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात इलाके में पुलिस पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग में लगे प्रआर रवीन्द्र पाल सिंह, आरक्षक अविनाश भारती ने देखा तो प्लेटिनम प्लाजा के सामने मूर्ति विक्रय स्थल से माता की प्रतिमा स्थापना के लिए जा रही थी। साथ ही डीजे वाहन जिस पर मां शारदा बिट्स लिखा था। उस वाहन वाहन की नंबर प्लेट ढकी हुई थी। चालक वाहन को एसजी टावर निर्माणधीन बिल्डिंग के सामने बीच रोड में खड़े करने के बाद काफी तेज आवाज में डीजे चला रहा था। डीजे वाहन में डिस्को लाइट चल रही थी। इससे आसपास के रहवासी और आने जाने वाले लोगों को आवागमन मे बाधा उत्पन्न हो रही थी। पुलिस ने डीजे के साउंड कम करने का कहा तो डीजे में डांस कर रही भीड़ भड़क गई। हालांकि किसी तरह बाद में झांकी में चल रहे लोगों ने भीड़ पर नियंत्रण किया। पुलिस ने कुल चार डीजे ऑपरेटरों पर केस दर्ज किया है।



हनुमान मोहल्ला दुर्गा उत्सव समिति की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

तामोट। तामोट में नवरात्रि में भक्तिमय माहौल है। गांव में जगह-जगह पंडाल सजाए गए हैं। हनुमान मोहल्ला दुर्गा उत्सव समिति द्वारा की गई आकर्षक सजावट श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। समिति प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम कर रही है। जनपद सदस्य सुलेखा चौहान एवं रामपाल चौहान ने पंडाल में पहुंचकर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की तथा आरती में शामिल होकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।



जय मां ज्वाला दुर्गा उत्सव समिति की झांकी देखने उमड़ रहे श्रद्धालु

औबेदुल्लागंज। वार्ड 2 स्थित महावीर कॉलोनी में जय मां ज्वाला दुर्गा उत्सव समिति द्वारा नवरात्रि भक्तिभाव के साथ मनाई जा रही है। समिति द्वारा मां दुर्गा की आकर्षक झांकी सजाई गई है, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। गिरीश चावला, पंकज शर्मा ने बताया कि झांकी को आकर्षक विद्युत सज्जा, सुंदर पर्दों और फूलों से सजाया गया है। मां दुर्गा की मनमोहक प्रतिमा के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। नवरात्रि के प्रतिदिन समिति द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिनमें भक्तगण बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

छोला इलाके का मामला, एफएसएल टीम ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

झांकी देखने को लेकर बहन से हुआ था विवाद, छोटी बहन ने किया सुसाइड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित न्यू ब्लॉक कैंची छोला में रहने वाली 15 साल की किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण कराया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। परिजन से पूछताछ में पता चला कि झांकी देखने जाने की बात को लेकर किशोरी का बड़ी बहन से विवाद हुआ था। इसके बाद वह कमरे में गई और फांसी लगा ली। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार लकी उर्फ तमन्ना कुशवाहा पिता जीतू कुशवाह (15) गली नंबर 3, मकान नंबर 16, न्यू ब्लॉक कैंची छोला में रहती थी और कक्षा नवीं की छात्रा थी। उसके पिता जीतू कुशवाह प्राइवेट गाड़ी चलाते हैं। जीतू कुशवाह ने बताया कि परिवार में दो बेटियां और एक बेटा है। लकी मंझली बेटी थी। मंगलवार शाम को वह हनुमान मंदिर पूजा करने गए थे।

विवाद के बाद मां को लगा की तैयार हो रही है बेटी

घर में पत्नी और बच्चे थे। लकी का बड़ी बहन से झांकी देखने जाने की बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद के बाद लकी कमरे में अंदर चली गई। मां को लगा कि वह तैयार हो रही होगी, लेकिन काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला। मां ने बाहर से आवाज दी, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। अनहोनी की आशंका होने पर खिड़की से झांककर देखने पर पता चला कि लकी कि पंखे पर दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली है। मौके पर पहुंचे जीतू कुशवाह ने किसी तरह से दरवाजा तोड़ा और पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। बुधवार को शव का पीएम कराने के बाद परिजन को सौंपा गया है।

बिस्तर और कूलर समेत कमरे का अन्य सामान भी जला

न्यू आरिफ नगर में जलती बीड़ी से बिस्तर में लगी आग, झुलसने से लकवाग्रस्त बुजुर्ग की मौत

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित न्यू आरिफ नगर में मंगलवार शाम जलती बीड़ी बिस्तर पर गिर जाने से आग लग गई। आग लगने से बिस्तर पर लेटे 68 साल के बुजुर्ग गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन किसी तरह आग बुझाकर उन्हें हमीदिया अस्पताल ले गए। वहां बुधवार सुबह इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि बुजुर्ग लकवाग्रस्त थे। लिहाजा आग लगने के बाद भी खुद को बचाने बिस्तर से उठ भी नहीं सके। पुलिस के अनुसार न्यू आरिफ नगर निवासी मियां जान (68) पिछले कुछ समय से लकवाग्रस्त थे और ज्यादातर समय बिस्तर पर ही रहते थे। उन्हें बीड़ी पीने की लत थी। मंगलवार शाम मियां जान अपने बिस्तर पर लेटे बीड़ी पी रहे थे। घर के दूसरे सदस्य अपने-अपने कमरों में थे। इस बीच जलती हुई बीड़ी बिस्तर पर गिर गई। बीड़ी गिरने से आग लग गई थी। जब तक परिवार के दूसरे लोगों को आग लगने की जानकारी होती, मियां जान के बिस्तर और कमरे में आग बुरी तरह फैल गई थी। मियां जान भी आग में बुरी तरह झुलस गए। परिजनों ने झुलसे मियां जान को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बुधवार तड़के इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित मारवाड़ी रोड पर बुधवार सुबह एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि परिजन के बयान के बाद आत्महत्या के कारण स्पष्ट हो सकेंगे। पुलिस के अनुसार माही परतानी पति रोहित (26) मारवाड़ी रोड बैरसिया में रहती थी। उसके पिता गल्ले के व्यापारी हैं। मंलवार रात माता पिता फर्स्ट फ्लोर वाले बेडरूम में सो रहे थे, जबकि माही नीचे वाले कमरे में थी। सुबह करीब 7 बजे माता-पिता की नींद खुली और वह नीचे वाले फ्लौर पर पहुंची। इस दौरान उन्होंने माही की लाश फांसी के फंदे पर लटकी देखी थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन ने प्राथमिक पूछताछ में बताया कि माही की एक साल पहले कोलकाता में शादी हुई थी। करीब डेढ़ महीने बाद ही वह मायके लौट आई। उसकी पति से अनबन होती थी। लिहाजा उसने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। पति-पत्नी के बीच तलाक का केस चल रहा था और तलाक भी हो चुका था। हालांकि तलाक के पेपर परिजन नहीं दिखा सके।

युवक की हत्या के दोषियों को आजीवन कारावास

भोपाल। बकाया राशि के भुगतान के विवाद पर छोला रोड इलाके में गोली मारकर पुत्र की हत्या एवं पिता को घायल करने वाले अभियुक्तगण राजा बाबू, अब्दुल कदीर एवं शेरू खान पुत्रगण खैराती खान, शादाब खान तथा परवेज खान पुत्रगण फरीद खान एवं दानिश खान पुत्र कदीर उर्फ नजीम खान सभी निवासी सुभाष नगर विशाल शादी हाल के पास छोला रोड भोपाल मप्र को इक्कसीवें अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हिमांशु कौशल के न्यायालय द्वारा भादंसं की धारा-148, 149, 302 , 307 एवं 440 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 18-18 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक विनोद कुमार दुबे द्वारा पैरवी की गई थी। पुलिस के अनुसार फरियादी ने बताया कि 16/03/2015 को रात्रि 11 बजे उसके घर के पास गली में राजा, शेरू, नजीम उर्फ कदीर, शादाब, परवेज, दानिश व (विधि का उल्लंघन करने वाले किशोर) आये। राजा ने पिस्टल निकालकर उसको व उसके बेट को गोली मारी।

भोजपुर नारी शक्ति प्रभात फेरी मंडल पहुंची खेड़ापति मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



नवरात्रि पर भोजपुर नारी शक्ति समिति अध्यक्ष आरती यादव व सदस्य प्राचीन खेड़ापति मंदिर हिरानिया पहुंचीं। सुबह 4 बजे राम नाम का कीर्तन करते हुए 9 दिन में राम मंदिर, काली मंदिर, दुर्गा मंदिर की राम फेरी लेकर पहुंची।

कई बरसों से चली आ रही इस परंपरा को समिति के सदस्य भगवती साहू मल्होत्रा यादव, कांति यादव, राज भाई सैनी, सुनीता सैनी, कुसुम शर्मा, कांताबाई साहू, चंद यादव जैन मैडम, मीना साहू, रेखा कपूर, प्रियंका गुप्ता, मालती प्रजापति, गुड्डी बाई, पूजा लोधी, मोहन लोधी, अनीता पांडे, निर्मला शर्मा, बबली शर्मा आदि निकाल रही हैं।

आरोपी युवक और एक बाल अपचारी को लिया हिरासत में

ऑटो चालक से अड़ीबाजी, चाकू की नोक पर पर्स और ऑटो छीनकर ले गए बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित बर्रई में सब्जी मंडी के पास निगरानी बदमाश ने नाबालिग और अन्य साथी के साथ मिलकर चाकू की नोक पर बुजुर्ग ऑटो चालक से पैसों के लिए अड़ीबाजी कर दी। बुजुर्ग ऑटो चालक ने रुपए देने से मना किया तो आरोपी भड़क गए और मारपीट करते हुए उससे पर्स छीन लिया। आरोपी बुजुर्ग चालक का ऑटो भी छीनकर ले गए थे।

मारपीट और लूट की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने निगरानी बदमाश और उसके साथियों पर लूटपाट सहित मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि बालअपचारी को हिरासत में लिया गया है। उनके अन्य साथी की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी सुनील दुबे ने बताया 60 साल के राम सिंह राय लहारपुर कटारा हिल्स में रहते हैं और ऑटो चलाते हैं। मंगलवार दोपहर वह शासकीय सांदीपनी स्कूल के पास से होते हुए गांव बर्रई की ओर जा रहे थे। दोपहर करीब तीन बजे सब्जी मंडी के पास पहुंचे ही थे कि बदमाश अजय गोल्डन और उसके दो साथियों ने राम सिंह का ऑटो रोक लिया। आरोपी चाकू की नोक पर रामसिंह से पैसों के लिए अड़ीबाजी करने लगे। रामसिंह ने उन्हें कहा कि उनके पास पैसे नहीं है। इस पर आरोपियों ने उनसे मारपीट करते हुए उनकी जेब में रखा पर्स निकाल लिया और उनका ऑटो छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने उक्त मामले में बर्रई निवासी रवि मीणा को गिरफ्तार कर लिया है। एक बालअपचारी को हिरासत में लिया गया है। बदमाश अजय की तलाश कर रही है।

मुख्य आरोपी की तलाश में जुटी है पुलिस

कुछ समय पहले ही बालिग हुआ अजय गोल्डन ग्राम बर्रई में रहता है। नाबालिग रहते ही उस पर मारपीट, अड़ीबाजी, मारपीट सहित आधा दर्जन अपराध दर्ज हो चुके हैं। आरोपी गांजा पीने और सूखे नशे का आदी है। पुलिस आरोपी अजय गोल्डन की तलाश कर रही है।

किराया अदा नहीं करने पर डॉक्टर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

भोपाल। जिला न्यायालय के आदेश के बावजूद मकान के किराए की बकाया 67 लाख रुपए की राशि का मकान मालिक को भुगतान नहीं किए जाने पर वसूली वारंट, संपत्ति की कुर्की और नीलामी की कार्रवाई किए जाने के बाद तेईसवें व्यवहार न्यायाधीश राहुल सिंह यादव के न्यायालय ने अब डॉक्टर सव्यायांची गुप्ता के खिलाफ सिविल जेल भेजने के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी कर प्रतिवेदन के लिए 16 अक्टूबर की पेशी निर्धारित की है। गुप्ता बकाया किराया राशि जमा नहीं करेंगे तो उन्हें सिविल जेल भेजा जाएगा। बताया जाता है कि डिक्रीधारी मंसूर अली खान के भोपाल स्थित मकान को गुप्ता ने किराए पर लेकर अस्पताल खोला था।

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में हुआ आशीर्वचन समारोह

नेतृत्व केवल पद प्राप्त करना नहीं, जिम्मेदारी कर्तव्यों का निर्वहन करना हैः डॉ. डालिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, भोपाल में सिद्ध भाऊ के सान्निध्य में प्रथम वर्ष की छात्राओं के आशीर्वचन समारोह के अवसर पर नव निर्वाचित स्टूडेंट काउंसिल का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष, एसएचकेईएस हीरो ज्ञानचंदानी, निदेशक, एसएचजीसी प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी, प्राध्यापकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

नव निर्वाचित स्टूडेंट काउंसिल के सदस्यों ने शपथ ग्रहण कर अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व के आदर्शों का पालन करने का संकल्प लिया। प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि नेतृत्व केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि जिम्मेदारी, अनुशासन और सेवा भावना के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना है।

सिद्ध भाऊ ने कहा कि स्नातक स्तर की पढ़ाई से ही उच्च पदों और जीवन में बड़ी उपलब्धियों की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है। इस अवसर पर कुछ छात्राओं ने भजन एवं गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भावपूर्ण और आनंदमय बना दिया।



गुजराती व सिंधी गीतों पर हुई सिंधी गरबा की फाइनल ग्राउंड प्रैक्टिस

आज से सांस्कृतिक सिंधी गरबे का आगाज, माताराणी की होगी आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर



सांस्कृतिक सिंधी गरबे का आगाज गुरुवार शाम को 7 बजे लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में होगा। एक महीने गरबा वर्क शॉप के बाद बुधवार को शाम गरबा स्थल ग्राउंड पर गरबा रिहर्सल की गई। श्री रास मिलन ग्रुप के सोनू एवं उनकी टीम ने लगभग 1500 से अधिक गरबा लवर्स को महोत्सव के पहले फाइनल ग्राउंड रियर्क्सल करवाई, म्यूजिक ध्वनि तेज होती गई, वैसे वैसे प्रैक्टिस में तेजी आती गई।

गरबा के बाद डांडिया के साथ इस गरबे की प्रैक्टिस खत्म हुई। सभी पार्टिसिपेंट्स ने पूरे जोश और उत्साह के साथ इस गरबा प्रैक्टिस को एंजॉय किया। सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने बताया कि गुरुवार से सिंधी गरबे का मुख्य आयोजन होगा। जिसमें मुख्य रूप से निःशुल्क वेले पार्किंग, फूड स्टॉल, गरबा थीम पर आकर्षक साज सज्जा डेकोरेशन के साथ साथ कई प्रकार के स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जहां पूरे परिवार के साथ इस आयोजन का लुत्फ उठा सकते हैं।

इस अवसर पर समिति के महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि गरबे में टाइम पर आने वाले 50 पार्टीसिपेंट्स को समिति द्वारा पुरस्कृत भी किया जाएगा।



पदोन्नति होने पर शर्मा का किया सम्मान

होमगार्ड, ग्राम रक्षा सदस्य की मांगों से सीएम को कराया जाएगा अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शासकीय कर्मचारी परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव सिंह सिकरवार एवं प्रदेश अध्यक्ष भगवत सिंह रघुवंशी ने संयुक्त रूप से कर्मचारियों की थोक बंद पदोन्नतियां होने पर रमेश चंद्र शर्मा अध्यक्ष कर्मचारी कल्याण समिति का सम्मान किया।

परिसंघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सुशील पाण्डेय के नेतृत्व में होमगार्ड को पुरानी पेंशन की मांग दिलाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन रमेश चंद्र शर्मा को मांग पत्र सौंपा है। नगर ग्राम रक्षा समिति सदस्यों को मानदेय एवं बीमा की सुविधा देने के लिए मांग पत्र ध्रुव सिंह सिकरवार ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखकर मांग पत्र रमेश चंद्र शर्मा को सौंपा है। रमेश चंद्र शर्मा ने परिसंघ के पदाधिकारियों को आश्वत किया कि वह जल्द ही होमगार्ड और ग्राम रक्षा सदस्य की मांगों को मुख्यमंत्री के समझ रखकर उनके निराकरण करने का हर संभव प्रयास करूंगा।



मान्यता है कि शीतला माता के दर्शन से ठीक हो जाते हैं मोतीझरा व हैजा जैसे रोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नवरात्रि में माता के मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ती है भीड़, शीतला सप्तमी पर बसोरा पूजन का विशेष महत्व

आस्था यह शब्द देखने में और बोलने में जितना छोटा लगे, इसका अर्थ उतना ही बढ़ा है। लोगों की आस्था ही है कि हम कहते हैं कि ईश्वर इस दुनिया में है। राजधानी में इन दिनों नवरात्रि की धूम देखने मिल रही है। भोपाल के सभी मां दुर्गा के दरबारों में भक्त मां की कृपा पाने के लिए पूजा अर्चना कर रहे हैं। राजधानी में वैसे तो ममतामयी मां के कई मंदिर हैं, लेकिन फतेहगढ़ स्थित बड़े तालाब किनारे बना माता घाट श्री शीतला माता मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां राजधानी के माता मंदिरों में सबसे प्राचीन मंदिरों में गिनती होती है। इस मंदिर को लेकर लोगों की आस्था है कि माता रानी के दर्शन से मोतीझिरा, चेचक व हैजा जैसे रोग-बीमारी ठीक हो जाती है। मंदिर में शीतला सप्तमी पर बसोरा पूजन व विवाह माता पूजन का भी विशेष महत्व है। मंदिर में मां शीतला के साथ ही वीर महाराज व श्री गणेश की भी प्राचीन प्रतिमाएं विराजमान हैं।

शक्ति रूपेण संस्थिता
देवी मंदिरों की परिक्रमा



फतेहगढ़ स्थित बड़े तालाब किनारे बना माता घाट शीतला माता का मंदिर।

सुल्तान जहां बेगम ने दी थी जमीन

पुजारी पं. जितेन्द्र दुबे के अनुसार बड़े तालाब के किनारे फतेहगढ़ क्षेत्र में स्थित यह मंदिर शुरू में खुले स्थान पर था। नीम, पीपल व बरगद के पेड़ के नीचे माता शीतलादेवी एवं वीर महाराज की प्रतिमाएं विराजमान थीं। उस समय यहां ऊबड़-खाबड़ पथरीला क्षेत्र था। हिन्दू परिवारों की मांग पर सुल्तान जहां बेगम ने यह जमीन हिन्दुओं को दान में दे दी। पंडित दुबे बताते हैं कि यहां पर माता रानी के दर्शन व वीर महाराज की प्रतिमा पर जल चढ़ाने से पीड़ित व्यक्ति मोतीझिरा सहित अन्य रोग ठीक हो जाते हैं।



मोतीझरा हुआ ठीक

श्रध्दालु योगेश सेन ने बताया कि वह कई साल से माता रानी के दरबार में आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि मेरे एक रिश्तेदार को कुछ साल पहले मोतीझिरा हो गया था। तब कई जगह जांच आदि कराई, लेकिन ठीक नहीं हुआ। माता रानी के दरबार में आकर यहां पर पंडित जी ने महाराज की प्रतिमा पर जल चढ़ाने को कहा। इसके कुछ दिन बाद ही वह ठीक हो गए। तब से माता रानी पर उनकी अस्था है।



...मिलती है मन को शांति

श्रद्धालु राजकुमार गुप्ता ने बताया कि शीतला माता मंदिर में माता रानी के दर्शन करने से मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। नवरात्रि के दौरान वे विशेष रूप से अपने परिवार के साथ माता के दर्शन करने आते हैं। उन्होंने कहा कि आम दिनों में भी जब मंदिर के पास से गुजरते हैं, तो माता रानी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेना नहीं भूलते। मां के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा और विश्वास परिवार को आध्यात्मिक सुख और संबल प्रदान करता है।



बंगाली परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना, पुष्पांजलि, विशेष भोग और धार्मिक अनुष्ठान होंगे शुरू

आज से कालीबाड़ियों में होगी मां दुर्गा की आराधना

धुनुची नृत्य और सिंदूर खेला रहेगा आकर्षण का केंद्र



माता मंदिर चौराहा पर जय मां भद्रकाली युवा उत्सव समिति द्वारा सजाए गए पंडाल में विराजमान मां दुर्गा की झांकी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर राजधानी की कालीबाड़ियों में मां दुर्गा की आराधना और पांच दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुरुवार से शहर की विभिन्न कालीबाड़ियों में बंगाली परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना, पुष्पांजलि, विशेष भोग और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला शुरू होगा। साकेत नगर, टीटी नगर, न्यू मार्केट सहित शहर की प्रमुख कालीबाड़ियों में मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। उत्सव को लेकर बंगाली समाज सहित श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। पांच दिनों तक कालीबाड़ियों में भक्ति, संस्कृति और पारंपरिक आयोजनों की छटा देखने को मिलेगी।



माता मंदिर रोड में मातारानी के दर्शन करते श्रद्धालु।

मां दुर्गा के साथ भगवान गणेश, कार्तिकेय, मां लक्ष्मी और मां सरस्वती की प्रतिमाएं

शहर की कालीबाड़ियों में हर वर्ष की तरह इस बार भी बंगाली रीति-रिवाज से मां दुर्गा पूजा आयोजित की जा रही है। समितियों ने मां दुर्गा के साथ भगवान गणेश, कार्तिकेय, मां लक्ष्मी और मां सरस्वती की भव्य प्रतिमाएं स्थापित करने की तैयारियां की हैं। परंपरा के अनुसार, प्रतिमाओं के निर्माण के लिए बंगाल से मूर्तिकारों को बुलाया जाता है। पूजा के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार, पुष्पांजलि और विशेष अनुष्ठान होंगे। महासप्तमी, महाअष्टमी और महानवमी पर श्रद्धालुओं को विशेष बंगाली भोग, खासकर खिचड़ी प्रसाद, वितरित किया जाएगा।

कोलकाता के पुरोहित पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान कराएंगे संपन्न

टीटी नगर कालीबाड़ी समिति इस वर्ष दुर्गा पूजा का 69वां आयोजन कर रही है। समिति के सचिव सलिल चटर्जी के अनुसार उत्सव के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। कोलकाता से आए पुरोहित पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। विदेशों में रहने वाले बंगाली परिवारों को भी उत्सव से जोड़ने के लिए समिति ने आनलाइन दर्शन और अनुष्ठानों की व्यवस्था की है।

धुनुची नृत्य से सिंदूर खेला तक होंगे आयोजन

पांच दिवसीय महोत्सव में प्रत्येक दिन का अपना धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रहेगा। गुरुवार को कल्पारंभ, बिल्व आमंत्रण और बोधन से जुड़े अनुष्ठानों के साथ उत्सव का शुभारंभ होगा। इसके बाद महासप्तमी पर नवपत्रिका पूजा, महाअष्टमी पर कन्या पूजन और संधि पूजा तथा महानवमी पर विशेष हवन-अनुष्ठान किए जाएंगे। विजयादशमी पर महिलाएं पारंपरिक सिंदूर खेला करेंगी। ढाक की थाप पर धुनुची नृत्य उत्सव में बंगाल की सांस्कृतिक छटा बिखेरेगा। अंत में मां दुर्गा को भावभीनी विदाई देकर प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा।

विद्यार्थियों ने शिक्षिका के खिलाफ किया था प्रदर्शन

मिसरोद स्कूल केस में जांच पूरी कर कमेटी ने डीईओ को सौंपी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित नवीन हायर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा अपने ही स्कूल की शिक्षिका के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए प्रदर्शन करने के मामले में डीईओ स्तर पर बनाई गई जांच कमेटी ने जांच पूरी कर ली है। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट भी डीईओ को सौंप दी है। हालांकि इस रिपोर्ट को लेकर फिलहाल अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। रिपोर्ट आने के बाद अब रिपोर्ट वरिष्ठ कार्यालय को भेजने की बात कही जा रही है।

उल्लेखनीय है कि बीते 5 अक्टूबर को राजधानी के मिसरौद थाना क्षेत्र स्थित नवीन हायर सेकंडरी स्कूल के सामने सोमवार को कक्षा 11वीं, 12वीं के कुछ विद्यार्थी शिक्षिका बबीता कुशवाह के विरोध में प्रदर्शन करते हुए सड़क पर बैठ गए थे। इस दौरान विद्यार्थियों ने गंभीर आरोप लगाते हुए शिक्षिका को हटाने की मांग की और जमकर नारेबाजी की थी, जिसके बाद मामले में जिला शिक्षा अधिकारी अभिनव आर्य ने शिक्षिका को दूसरे स्कूल में भेजा गया था और इसके साथ ही जांच कमेटी बनाई गई थी।

बीएमएचआरसी और एम्स के बीच शोध सहयोग को लेकर हुई चर्चा



एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. नरेंद्र कोतवाल से मुलाकात करतीं बीएमएचआरसी की निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बीएमएचआरसी की निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. नरेंद्र कोतवाल से मुलाकात कर शोध सहयोग को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के बीच हाल ही में शोध सहयोग के लिए साझा किए गए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अंतर्गत संभावित अनुसंधान गतिविधियों एवं सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। दोनों संस्थानों ने पारस्परिक सहयोग से संयुक्त शोध कार्यों को आगे बढ़ाने तथा चिकित्सा अनुसंधान को सुदृढ़ करने की दिशा में मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह पहल दोनों संस्थानों के बीच अकादमिक एवं अनुसंधान सहयोग को नई दिशा देने के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और जनस्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक कार्य करने की संभावनाओं को मजबूत करेगी।

एमबीबीएस प्रथम वर्ष की थ्योरी परीक्षा में 550 विद्यार्थी हुए शामिल

आयुर्विज्ञान के कुलपति ने जीएमसी में किया परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. अशोक खंडेलवाल ने बुधवार को गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में स्थित परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जीएमसी डीन एवं मुख्य केंद्राध्यक्ष डॉ. कविता एन सिंह उनके साथ मौजूद रही।

कुलपति के परीक्षा केंद्र पर निरीक्षण के समय एमबीबीएस प्रथम प्रौफ की थ्योरी परीक्षा चल रही थी, जिसमें जीएमसी, महावीर मेडिकल कॉलेज एवं राम कृष्ण मेडिकल कॉलेज के लगभग 550 विद्यार्थी सम्मलित हुए थे। कार्यकारी परीक्षा केंद्राध्यक्ष डॉ. धीरज सिंह वर्मा द्वारा कुलपति एवं डीन को परीक्षा कक्षों का भ्रमण कराया गया। डॉ. प्रतिभा वर्मा उप परीक्षा केंद्राध्यक्ष भी उस समय ड्यूटी पर मौजूद थी। कुलपति के साथ डीन और दोनों अधिकारियों की परीक्षाओं के दौरान होने वाली समस्याओं के विषय में चर्चा हुई।



जीएमसी के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते कुलपति डॉ. अशोक खंडेलवाल, साथ में जीएमसी डीन डॉ. कविता एन सिंह।

छात्रवृत्ति योजना को लेकर हुई कार्यशाला

मेधावी विद्यार्थियों की शिक्षा में बाधा न बने आर्थिक अभाव : ए. श्रीजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आर्थिक अभाव के कारण किसी भी मेधावी विद्यार्थी की शिक्षा बाधित न हो, इस दिशा में राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसएस) देश में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की शैक्षिक निरंतरता के लिए एक बड़ा संबल है। यह बात भारत सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की आर्थिक सलाहकार तथा भारतीय आर्थिक सेवा की अधिकारी ए. श्रीजा ने राजधानी भोपाल में कही। स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार और राज्य शिक्षा केंद्र स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को एक निजी होटल में राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसएस) विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान भारत सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की आर्थिक सलाहकार तथा भारतीय आर्थिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी ए. श्रीजा ने कहा कि अक्सर कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों के बच्चे किशोरावस्था में ही पढ़ाई के स्थान पर आजीविका अर्जित करने की ओर ध्यान देने लगते हैं।

गैस राहत अस्पताल में अब होम्योपैथी भी मरीजों को मिलेगा दोहरी चिकित्सा का लाभ

डॉ. पचौरी बोले- दवा के साथ योग थेरेपी से बढ़ेगी रोग प्रतिरोधक क्षमता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जवाहरलाल लाल नेहरू चिकित्साल्य गैस राहत में मरीजों को एलोपैथी के साथ अब होम्योपैथी चिकित्सा की सुविधाओं भी निःशुल्क मिलेगी। संचालनालय गैस राहत एवं पुनर्वास तथा जिला आयुष अधिकारी के आदेशानुसार बुधवार से जवाहरलाल नेहरू चिकित्साल्य गैस राहत में शासकीय होम्योपैथी औषधालय कवीटपुरा गैस राहत को स्थानांतरित कर शिफ्ट कर दिया गया है, जिससे मरीजों को एक ही परिसर में एलोपैथी एवं होम्योपैथी चिकित्सा का लाभ ले सकेंगे। होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी एवं योग थैरेपी विशेषज्ञ डॉ. अशोक कुमार पचौरी ने बताया कि चिकित्साल्य में आने वाले रोगियों को होम्योपैथी चिकित्सा के निःशुल्क परामर्श एवं औषधि वितरण की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही रोगियों के लिए योग थैरेपी की भी सुविधा उपलब्ध है। इससे योग के द्वारा मरीजों में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर बीमारियों पर नियंत्रण प्राप्त होगा। आसन प्राणायाम तथा ध्यान के प्रभावी अभ्यास अस्थमा, मधुमेह, आर्थराइटिस एवं एलर्जी जैसे रोगों को दूर करने में सहायक होंगे। इससे समुचित पीड़ित मानवता लाभान्वित हो कर आरोग्य प्राप्त करेगी।



त्योहारों के दौरान वायु प्रदूषण नियंत्रण के नियमों को सख्ती से लागू करे सरकार

एनजीटी ने राज्य शासन के नियमों के उल्लंघन पर जताई नाराजगी

प्रदेश में बढ़ते वायु प्रदूषण पर एनजीटी सख्त: सीपीसीबी के निर्देश और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का कड़ाई से पालन हो, दो हफ्ते में जवाब तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने मध्य प्रदेश में बढ़ते वायु प्रदूषण तथा उसके नियंत्रण के लिए आवश्यक प्रभावी कदमों के संबंध में प्रस्तुत प्रकरण में संबंधित विभागों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। ट्रिब्यूनल ने कहा है कि वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के दिशा-निर्देशों, राज्य शासन द्वारा जारी नियमों एवं विनियमों तथा सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का विशेष रूप से त्योहारों के दौरान कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बेंच ने प्रतिवादियों को दो सप्ताह के भीतर अपना विस्तृत जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। अब इस मामले में अगली सुनवाई 18 नवंबर 2026 को निर्धारित की गई है।

मामले की अगली सुनवाई 18 नवंबर को, तब तक प्रदूषण रोकने के प्रभावी कदमों की रिपोर्ट पेश करने के आदेश



यह हैं पॉल्यूशन के पैरामीटर्स

बेंच के सामने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान के तहत वायु गुणवत्ता के स्तर के अनुसार चरणबद्ध कार्रवाई का विवरण भी प्रस्तुत किया गया। इसके अनुसार एक्यूआई 101_200 के लिए मध्यम, 201_300 के लिए खराब, 301_400 के लिए अत्यंत खराब तथा 400 से अधिक के लिए गंभीर श्रेणी निर्धारित है।

भोपाल में 3 प्रतिशत का सुधार

प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, भोपाल में वर्ष 2023-24 के दौरान पीएम10 का वार्षिक औसत स्तर 113 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था, जो वर्ष 2024-25 में घटकर 110 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रह गया। इसमें करीब 3 प्रतिशत का सुधार दर्ज किया गया। वहीं, इंदौर में इसी अवधि के दौरान पीएम10 का स्तर 99 से बढ़कर 108 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हो गया। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि वायु प्रदूषण को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने के लिए निरंतर निगरानी एवं ठोस कार्रवाई आवश्यक है। मामले में प्रस्तुत स्रोत निर्धारण अध्ययन के अनुसार, सड़क की धूल, वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन, निर्माण गतिविधियां तथा खुले में कचरा जलाना वायु प्रदूषण के प्रमुख स्रोत हैं। भोपाल में प्रदूषण के चिह्नित हॉटस्पॉट पर विशेष कार्ययोजना तैयार करने, सड़क की धूल नियंत्रित करने, सक्शन आधारित सफाई को प्राथमिकता देने, सड़क किनारों एवं फुटपाथों की उचित व्यवस्था करने तथा उपयुक्त स्थानों पर पौधरोपण करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इसके अलावा वाहनों से होने वाले उत्सर्जन पर नियंत्रण, निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियों की निगरानी, निर्माण सामग्री एवं कचरे का उचित प्रबंधन तथा खुले में कचरा जलाने की घटनाओं को रोकने जैसे उपायों को प्रभावी रूप से लागू करने की आवश्यकता बताई गई।

विशेषज्ञों ने छात्राओं-शिक्षकों को किया जागरूक

समय पर पहचान से पूरी तरह ठीक हो सकता है स्तन कैंसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स भोपाल के मेडिकल ऑन्कोलॉजी एवं हेमेटोलॉजी विभाग ने ब्रेस्ट कैंसर जागरुकता माह के अंतर्गत शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आनंद नगर में कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. आकांक्षा चौधरी ने किया और एनाटॉमी विभाग की प्रोफेसर डॉ. बर्था ने कैंसर सर्वाइवर के रूप में अपना अनुभव साझा किया। लगभग 250 महिलाओं, जिनमें कक्षा 11 और 12 की छात्राएं तथा विद्यालय के शिक्षकगण शामिल थे। विशेषज्ञों ने स्तन, मुख गुहा और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर, उनके जोखिम कारकों, चेतावनी संकेतों और बचाव की जानकारी दी गई। ब्रेस्ट कैंसर विश्व में महिलाओं का सबसे आम कैंसर है। इसके लगभग हर चार में से एक मामले को जीवनशैली सुधारकर रोका जा सकता है। 40 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को मैमोग्राफी कराने की सलाह दी गई और बताया गया कि शुरुआती पहचान होने पर यह रोग पूरी तरह ठीक हो सकता है। सरकारी कार्यक्रम के तहत 14 वर्ष की बालिकाओं को सरकारी केंद्रों पर एचपीवी टीका निःशुल्क उपलब्ध है।


भगवान हनुमान की भूमिका निभाता थाईलैंड का एक कलाकार।

कथक की भावपूर्ण प्रस्तुति में साकार हुई भगवान श्रीराम की कथा

अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव के तीसरे दिन सीता स्वयंवर से श्रीराम-भरत मिलाप तक का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नृत्य, संगीत, अभिनय और भावाभिव्यक्ति के माध्यम से श्रीराम विवाह, सीता विदाई, मंथरा-कैकई संवाद, दशरथ-कैकई संवाद, श्रीराम वनवास, केवट प्रसंग एवं भरत मिलाप के प्रसंग प्रदर्शित करती अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव की शोभा संध्या बेला में देखते ही बनी।

अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव का तीसरा दिवस, लीला प्रदर्शन, बौद्धिक सत्र, चित्र एवं शिल्पकला शिविर, प्रदर्शनियां, कठपुतली प्रदर्शन में श्रीरामकथा के प्रसंग से परिपूर्ण रहा।






भजनों की प्रस्तुति के दौरान चित्रकारी।

श्रृंगार रस से परिपूर्ण रहा श्रीराम-सीता विवाह प्रसंग

कथक केन्द्र, नई दिल्ली के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लीला का आरंभ श्रीराम-सीता विवाह के प्रसंगों के मंचन से हुआ। सीता की विदाई के दृश्यों ने दर्शकों को संवेदनाओं से जोड़ दिया। इसके बाद अयोध्या में महारानी कैकयी, मंथरा और राजा दशरथ के बीच संवाद,प्रभु श्रीराम और उनके भक्त केवट का प्रसंग के साथ प्रस्तुति का समापन भरत और कैकेयी के संवाद एवं भरत-राम मिलाप के अत्यंत भावपूर्ण प्रसंग के साथ हुआ।



श्री राम भारत के पूर्ण तत्व व भारत के विचार का पर्याय हैं

अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक सम्मेलन के प्रथम सत्र का विषय आधुनिक लेखन,चित्रपट एवं कलाओं में श्रीराम" था। सारस्वत वक्ता श्रीराम तिवारी ने कहा कि प्रभु श्रीराम भारत के पूर्ण तत्व हैं। वे भारत के विचार का पर्याय है।

पूर्वरंग में तेलंगाना की चण्डू भागवतम में प्रसंग

तेलंगाना राज्य की लोक एवं पारंपरिक नाट्य शैली चण्डू भागवतम में सीता हरण, श्रीराम-सुग्रीव मिलन, सुग्रीव-हनुमान संवाद एवं लंका दहन के प्रसंग प्रदर्शित किए गए। प्रस्तुति के माध्यम से हनुमान जी की भक्ति एवं साहस, श्रीराम के नेतृत्व, मित्रता, न्याय और धर्म के महत्व को रेखांकित किया गया।

मर्यादा का अर्थ है अनुशासन

मुख्य वक्ता थाईलैंड से आये पद्मश्री डॉ. चिरापट प्रपंडविद्या ने कहा कि मर्यादा का अर्थ अनुशासन है। राम के जीवन से हमें यह संदेश मिलता है। एक शासक को पारदर्शी होना चाहिए श्रीराम ऐसे ही राजा हैं।



'हेरिटेज टू होराइजन' थीम पर सजा फैशन शो

सदर मंजिल में विरासत के रंगों संग सजा फैशन का रनवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जब ऐतिहासिक इमारत की खूबसूरती के बीच आधुनिक फैशन ने दस्तक दी, तो विरासत और रचनात्मकता का अनूठा संगम नजर आया। कहीं पारंपरिक परिधानों की शाही झलक तो कहीं इंडो-वेस्टर्न अंदाज ने फैशन के बदलते रूप को बयां किया। भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़कर वैश्विक मंच तक पहुंचने की इसी सोच के साथ बुधवार को सदर मंजिल में 'फेस ऑफ इंडिया 2026' का ग्रैंड फिनाले आयोजित हुआ। 'हेरिटेज टू होराइजन' थीम पर सजे इस फैशन शो में परंपरा, आधुनिकता और मॉडलिंग की प्रतिभाओं का संगम देखने को मिला।

'फेस ऑफ इंडिया' में परंपरा-आधुनिकता का संगम, चार डिजाइनरों के कलेक्शन में भारतीय फैशन की विविधता



चार डिजाइनरों के कलेक्शन ने बिखेरे रंग

पुणे फैशन वीक की ओर से प्रस्तुत इस फैशन शो का मुख्य आकर्षण चार डिजाइनरों के विशेष कलेक्शन रहे। रनवे पर महिला परिधान, पुरुष परिधान, पारंपरिक वेशभूषा और इंडो-वेस्टर्न फैशन की विविध शैलियां प्रस्तुत की गईं।

शेफाली शर्मा ने संभाली शो की कमान

कार्यक्रम की रचनात्मक दिशा और प्रस्तुति का जिम्मा शो डायरेक्टर शेफाली शर्मा ने संभाला। फैशन, मॉडलिंग और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से तैयार किए गए इस शो में प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा और व्यक्तित्व प्रदर्शित करने का अवसर मिला।









इस प्रतियोगिता में यह प्रतिभागी रहे विजेता

विनर फीमेल-कनक गोस्वामी
विनर मेल-अरफात खान
फर्स्ट रनर अप (2 फीमेल)-तेजस्वी और तेजस्विनी
फर्स्ट रनर अप मेल-आदित्य रघुवंशी
सेकंड रनर अप-आयुषी गुप्ता, रभप्रीत सिंह कालरा

देशभक्ति की धुनों से गूंजा शौर्य स्मारक सैन्य बैंड ने जगाया राष्ट्रप्रेम का जज्बा





दसवीं वर्षगांठ पर शहीदों को संगीतमय श्रद्धांजलि सैन्य अस्त्र-शस्त्रों की प्रदर्शनी में दर्शकों ने जानी युद्ध उपकरणों की विशेषताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कहीं सारे जहां से अच्छा.... की धुन पर राष्ट्रप्रेम का भाव उमड़ा तो कहीं संदेशे आते हैं.... की प्रस्तुति ने सैनिकों के त्याग और समर्पण की याद दिलाई। सैन्य बैंड के वाद्ययंत्रों से निकली देशभक्ति की स्वर लहरियों ने शौर्य स्मारक के मुक्ताकाश मंच को राष्ट्रभक्ति के रंगों से सराबोर कर दिया। शहीदों के शौर्य और बलिदान को समर्पित इस आयोजन में हर धुन मानों वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर रही थी। शौर्य स्मारक की दसवीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में सैन्य बैंड की प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रोताओं में देशप्रेम का उत्साह भर दिया। वहीं सैन्य अस्त्र-शस्त्रों की प्रदर्शनी ने दर्शकों को सेना के शौर्य और युद्ध में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों को करीब से जानने का अवसर दिया।

देशभक्ति गीतों के साथ सदाबहार धुनों की प्रस्तुति



स्वराज संस्थान संचालनालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में थ्री ईएमई सेंटर और द महार रेजीमेंट सेंटर के 30 से अधिक सैनिक कलाकारों ने मिलिट्री बैंड के माध्यम से देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। जहां डाल-डाल पर...., दिल दिया है, जां भी देंगे...., जय हो...., मां तुझे सलाम....., भारत हमको जान से प्यारा है....., तेरी मिट्टी में मिल जावां और वंदे मातरम.... जैसी प्रस्तुतियों ने माहौल को देशभक्ति से भर दिया।

करवा चौथ पर महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम

'अंधेरे से उजाले की ओर एक कदम' पर सजेगा गरबा उत्सव

भोपाल। 'दिशा- एक सार्थक पहल' के अंतर्गत 'अंधेरे से उजाले की ओर एक कदम' थीम पर प्रतिभा सम्मान एवं सांस्कृतिक समारोह-2026 का आयोजन रविवार, 25 अक्टूबर को नंदन पैलेस, नर्मदापुरम रोड में शाम 4 बजे से किया जाएगा। समारोह का उद्देश्य प्रतिभाओं को सम्मानित करने के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से सकारात्मक संदेश देना और समाज में रचनात्मक पहल को प्रोत्साहित करना है। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में भोपाल की प्रथम नागरिक मालती राय महापौर उपस्थिति रहेंगी। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. रश्मि सक्सेना, किरण संजर, ममता श्रीवास्तव करेंगी।

अभिव्यक्ति साहित्यिक संस्था का हिंदी सेवी सम्मान समारोह कल

भोपाल। अभिव्यक्ति साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था द्वारा हिंदी सेवी नमामि सम्मान समारोह 16 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। संस्थापक डॉ अनीता तिवारी ने बताया कि विविध विधाओं के 18 लेखक और साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा। कानपुर के डॉ. राधेश्याम मिश्र मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता करेंगे पद्मश्री नारायण व्यास। पूर्व कुलाधिपति डॉ प्रकाश बरतूनिया, वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा, तथा कथाकार मुकेश वर्मा विशिष्ट अतिथि होंगे।

राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित डॉक्यूमेंट्री 'मैं निदा' का विशेष प्रदर्शन एवं परिचर्चा

तुम इश्क वालों को देते थे जिंदगी की खबर तुम होश वालों को देते थे बेखुदी की खबर...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

तुम इश्क वालों को देते थे जिंदगी की खबर, तुम होश वालों को देते थे बेखुदी की खबर, बनामे इश्क, मोहब्बत की इंतेहा थे तुम, मैं, जानता हूं बहुत मुनफरीद निदा थे तुम..... निदा फाजली को काव्यात्मक श्रद्धांजलि देते हुए उपरोक्त अशआर कहे वरिष्ठ शायर काजी मलिक नवेद ने।

मौका था मप्र उर्दू अकादमी व मप्र संस्कृति परिषद द्वारा 'कलम की रोशनी' साहित्यिक श्रृंखला के अंतर्गत रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप में डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'मैं निदा' के विशेष प्रदर्शन और परिचर्चा के आयोजन का। पद्मश्री निदा फाजली के जीवन, संघर्ष, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित इस फिल्म को 55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, गोवा के भारतीय पैनोरमा में भी स्थान मिला है।



निदा के साहित्यिक अवदान पर विशेष चर्चा



कार्यक्रम में निदा फाजली के साहित्यिक अवदान,मानवीय दृष्टि, भारतीय ज्ञान परंपरा, सूफी एवं भक्ति साहित्य से उनके रचनात्मक संवाद तथा हिंदी-उर्दू की साझा सांस्कृतिक विरासत पर केंद्रित परिचर्चा आयोजित की गई। इसमें प्रख्यात फिल्मकार एवं लेखक रूमी जाफरी, पद्मश्री शीन काफ निजाम, शायर मदन मोहन मिश्रा 'दानिश' और डॉक्यूमेंट्री के निमार्ता अतुल गंगवार ने अपने विचार व्यक्त किए। परिचर्चा का संचालन डॉ. नुसरत मेहदी ने किया।



तुम्हें दुर्गा के अवतार में ढलना होगा, घोर कलियुग है, कन्हैया नहीं आने वाला...

भोपाल। माखनलाल विवि में हिन्दी परिवार द्वारा आयोजित 'एमसीयू महोत्सव' साहित्य, संगीत और संस्कृति के रंगों से सराबोर रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने की। महोत्सव में अजहर इकबाल ने कहा खुद तुम्हें दुर्गा के अवतार में ढलना होगा, घोर कलियुग है, कन्हैया नहीं आने वाला.... । वहीं, मणिका दुबे की पंक्तियां शहर के शोर में वीरानियां हैं, यहां तुम हो मगर तन्हाइयां हैं..... श्रोताओं को भावविभोर कर गईं।

जिस मंदिर से भीख में मांगा था बेटा, भीख मांगती है अब मां उस मंदिर में...

रामायण धर द्विवेदी ने व्यग्रता, अवसाद, पीड़ा सब हरेंगे राम जी.... प्रस्तुत कीं। सूरज राय सूरज की रचना जिस मंदिर से भीख में मांगा था बेटा, भीख मांगती है अब मां उस मंदिर में.... ने भावुक कर दिया। वहीं, कर्नल संजय चतुर्वेदी ने कहा तैरने को समुद्र नहीं चाहिए, उड़ने वालों को अंबर नहीं चाहिए....सुनाई।

सेतु और यंग इंडियंस का 'एक पैड बहन के नाम' अभियान शुरू

एक पैड से बनेगी बहन की सुरक्षा की ढाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हर बालिका और महिला को सुरक्षित मासिक धर्म प्रबंधन का अधिकार मिले, इसी सोच के साथ भोपाल में 'एक पैड बहन के नाम' अभियान की शुरुआत की गई है। इसके तहत कॉलेज के विद्यार्थी एक-एक सैनिटरी पैड का योगदान देकर जरूरतमंद बालिकाओं और महिलाओं की मदद करेंगे।

सेतु की पहल 'रक्त शक्ति' और यंग इंडियंस के सहयोग से शुरू हुए इस अभियान की पहली गतिविधि संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, बैरागढ़ में आयोजित की गई।अभियान के तहत कॉलेज के प्रत्येक विद्यार्थी, चाहे वह छात्र हो या छात्रा, से कम से कम एक सैनिटरी पैड का योगदान करने की अपील की गई है।

चार साल में 2.5 लाख से अधिक लोगों तक पहुंच

रक्त शक्ति की हेड मीता वाधवा ने बताया कि वे पिछले चार वर्षों से मध्य प्रदेश में बालिकाओं के बीच मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर जागरुकता बढ़ाने के लिए काम कर रही हैं। इस पहल के माध्यम से अब तक 200 से अधिक स्थानों पर पहुंच बनाई गई है और 2.5 लाख से अधिक लाभार्थियों तक पहुंचने का दावा किया गया है।

माधव आश्रम संस्थान परिसर में आयोजन

प्रकृति, मानवीय मूल्यों और जीवन दर्शन पर केंद्रित रही शारदीय नवरात्र काव्य संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

माधव आश्रम संस्थान परिसर में डॉ गौरीशंकर शर्मा 'गौरीश' के सहयोग से अखिल भारतीय कला मंदिर द्वारा शारदीय नवरात्र काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का विषय जीवन विमर्श था। कार्यक्रम में साहित्य, प्रकृति, मानवीय संवेदनाओं और जीवन दर्शन से जुड़े विचारों ने उपस्थित जनों को प्रभावित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक परंपरा के अनुसार व्याहृति होम से हुआ। इस अवसर पर सभी रचनाकारों ने अपनी कविताओं एवं विचारों के माध्यम से प्रकृति संरक्षण, मानवीय



मूल्यों, सामाजिक संवेदनाओं तथा जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। गोष्ठी में प्रस्तुत रचनाओं ने जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों को समझने का संदेश दिया।

गौहर महल में 22 अक्टूबर तक चलेगा क्राफ्ट बाजार

करवाचौथ और दीपावली के सजावटी उत्पाद बने आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के ऐतिहासिक गौहर महल में आयोजित क्राफ्ट बाजार इन दिनों लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मप्र हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम की ओर से आयोजित इस मेले में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए बुनकर और शिल्पकार अपने हस्तनिर्मित उत्पादों के साथ शामिल हुए हैं। क्राफ्ट बाजार का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की पारंपरिक कला, हस्तशिल्प और हाथकरघा उत्पादों को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय शिल्पकारों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना है।


गौहर महल में आयोजित क्राफ्ट बाजार में सजावटी सामान की खरीदारी करती एक महिला।

गरबा की पोशाकें और बुदनी की डांडिया हैं खास

मेले में शहडोल के काष्ठ शिल्प, गरबा की विशेष पोशाकें और बुदनी की डांडिया विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। वहीं, मंदसौर और नीमच के प्रसिद्ध नंदना प्रिंट सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के पारंपरिक उत्पाद भी लोगों का ध्यान खींच रहे हैं। इन उत्पादों में स्थानीय कला, पारंपरिक डिजाइन और शिल्पकारों की मेहनत की झलक दिखाई देती है।

करवाचौथ और दीपावली के लिए खास सजावटी सामान

मेले में भोपाल की शिल्पकार हर्षिता प्रजापति ने लिप्पन आर्ट के माध्यम से करवाचौथ और दीपावली के लिए विशेष थालियां तैयार की हैं।

जैकेट छह का शेष

खुदरा के बाद ...

गई। वहीं, विनिर्मित वस्तुओं की महंगाई 8.37% से बढ़कर 9.76% पर पहुंच गई। ईंधन और बिजली की महंगाई दर भी 22.93% से बढ़कर 25.85% हो गई। महंगाई बढ़ने की प्रमुख वजह खनिज तेल, पेट्रोलियम उत्पाद, कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, कोयला, धातु और रासायनिक उत्पादों की कीमतों में तेजी रही। कपड़ा, रबर, प्लास्टिक उत्पाद और बिजली के उपकरणों की कीमतों ने भी दबाव बढ़ाया। थोक महंगाई में इस उछाल से उत्पादन और विनिर्माण लागत बढ़ सकती है, जिसका असर आने वाले दिनों में खुदरा बाजार और आम लोगों की जेब पर भी पड़ने की आशंका है।

'मातृशक्ति' को...

जिले के गुरुवाही ग्राम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना राशि अंतरण एवं विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से 1.25 करोड़ पात्र महिलाओं के बैंक खातों में 41 वीं किस्त की 1834 करोड़ की राशि अंतरित की। उन्होंने गैस सिलेंडर रिफिल योजना के तहत 23 लाख से अधिक पात्र हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से 115.10 करोड़ की अनुदान राशि अंतरित की। उन्होंने 57 करोड़ की लागत के 68 विकास कार्यों का भूमिपूजन, 87 करोड़ की लागत के 68 विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

गोपालन और पशुपालन पर विशेष जोर: मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में दूध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए गोपालन और पशुपालन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। हमारी सरकार ने डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना शुरू की है। इसके तहत डेयरी व्यवसाय शुरू करने पर विशेष अनुदान का प्रावधान किया गया है। योजना में 25 गाय खरीदने पर 10 लाख रुपए तक की सब्सिडी मिलती है।

कांग्रेस ने बहनों ...

योजना के एलपीजी उपभोक्ता और गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना श्रेणी में पात्र लाड़ली बहनो को 450 रुपए के मान से दो माह की गैस रिफिल अनुदान राशि दी गई है। इसके लिए प्रदेश की 23 लाख से अधिक बहनों को 115 करोड़ रुपए से अधिक राशि भेजी गई है। हमारी सरकार गैस रिफिल अनुदान के रूप में 3 साल में 1600 करोड़ की सहायता बहनों को दे चुकी है।

कभी-कभी दोस्त ...

मंत्री के मुताबिक संवेदनशील क्षेत्रों में विदेशी सप्लाई पर निर्भर रहने से संकट के समय अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हो सकता है।

असेंबलिंग से ...

के लिए विदेशी सप्लायर पर निर्भरता बनी रही, तो सिर्फ घरेलू असेंबली से जोखिम कम नहीं होगा।

रेलवे के प्रदर्शन...

की परिचालन क्षमता में सुधार को बढ़ावा देना है।

ग्वालियर से दतिया ...

ग्वालियर से दतिया आ रही थी। इसी दौरान बड़ौनी तिराहे के पास पीछे से आ रहे डंपर (आरजे 34 जीए 4477) ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बस को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। घायलों में 11 पुरुष, 9 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर कोतवाली थाने में खड़ा कराया है। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर कुछ समय के लिए जाम लग गया था। पुलिस ने यातायात व्यवस्थित कर आवागमन बहाल कराया। फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

प्रधान आरक्षक के...

शुरू की। जांच में अब तक 33 अचल संपत्तियां सामने आई हैं, जिनका वर्तमान बाजार मूल्य करीब 29.73 करोड़ रुपए आंका गया है। लोकायुक्त के अनुसार आरोपी की वेतन और अन्य स्रोतों से कुल अनुमानित आय 1.93 करोड़ रुपए है, जबकि संपत्तियों की खरीद पर करीब 12.95 करोड़ रुपए खर्च होना पाया गया। इस तरह ज्ञात आय से लगभग 11.01 करोड़ रुपए अधिक खर्च का खुलासा हुआ है। लोकायुक्त ने इसे करीब 568 प्रतिशत अनुपातहीन संपत्ति बताया है।

जांच में आरोपी, उसकी पत्नी, माता, परिचित महिला रोशनी वर्मा और साहिल ट्रेडिंग कंपनी सहित अन्य नामों पर संपत्तियां खरीदे जाने की जानकारी मिली है। कुछ संपत्तियां बेनामी होने के संदेह में हैं। इनकी खरीद पर करीब 11.57 करोड़ रुपए खर्च किए गए, जबकि बाजार मूल्य 29.73 करोड़ रुपए आंका गया है। लोकायुक्त डीएसपी सुनील तालान के मुताबिक, रोशनी वर्मा के नाम पर करीब 21.75 बीघा कृषि भूमि का पंजीकृत एग्रीमेंट भी मिला है। सर्चिंग में ट्रक, कार, स्कॉर्पियो, स्कूटी और मोटरसाइकिल सहित नौ वाहनों के दस्तावेज तथा इंदौर, उज्जैन और देवास के बैंकों में 21 खाते चिह्नित किए गए हैं। साहिल ट्रेडिंग कंपनी, रॉयल ग्रीन रियल एस्टेट, रोशनी सेल्स एंड सर्विस, महाराजा रियल एस्टेट और ब्लैक हॉरनेट नामक कंपनियां भी जांच के दायरे में हैं।

इंडिया गेट पर ...

से आग्रह किया कि सीबीआई जांच पूरी होने तक गौतम को राज्यपाल नियुक्त न किया जाए। उन्होंने सवाल उठाया कि मामले में कथित वीआईपी का नाम सामने आने के बावजूद उसे बचाने की कोशिश क्यों की जा रही है।राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि चार साल से अंकिता के परिवार को इंसाफ नहीं मिला, लेकिन एक कथित वीआईपी आरोपी को संरक्षण और संवैधानिक पद का इनाम जरूर मिला। उन्होंने भाजपा पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि जहां बलात्कारियों और हत्यारों का फूल-मालाओं से स्वागत होता है, वहां न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती। राहुल ने कहा कि अंकिता के माता-पिता अपने घर से मीलों दूर इंडिया गेट पर न्याय की गुहार लगा रहे हैं। वह और कांग्रेस पार्टी उनके दुख और इंसाफ की लड़ाई में साथ खड़े हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भी कहा कि अंकिता को न्याय मिलना चाहिए और मामले से जुड़े हर सवाल का जवाब सामने आना चाहिए। किसी प्रभावशाली व्यक्ति को जांच से ऊपर नहीं माना जाना चाहिए।

पहले गोमूत्र पिलाए...

दरअसल, धीरेंद्र शास्त्री 11 अक्टूबर से सनातन हिंदू एकता रथयात्रा निकल रहे हैं, जो 13 अक्टूबर की रात सागर के गढ़ा कोटा पहुंची। यहां बस स्टैंड में कार्यक्रम के दौरान उन्होंने नवरात्र और गरबा का जिक्र करते हुए लोगों को सतर्क रहने की अपील की। शास्त्री का कहना था कि गरबा में कुछ लोग कालनेमि की तरह रूप बदलकर आते हैं। उन्होंने गढ़ा कोटा और सागर को लव जिहाद मुक्त बनाने की बात भी कही।

पहाड़ों पर बर्फबारी...

के ऊपर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन है, जिससे अगले दो से तीन दिन में कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू होने के साथ हवाएं उत्तरी और उत्तर पूर्वी होने से अब प्रदेश में तापमान में भी कुछ कमी आ रही है। हालांकि, पारे में बदलाव अभी बना रहेगा।

सागर में सबसे ...

डिग्री तक कमी रही। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 34 डिग्री रहा। भोपाल में 32.2 डिग्री रहा, जबकि रात में 20.4 डिग्री दर्ज हुआ है। प्रदेश में अभी सुबह की हवा में औसतन 75 और शाम को 45 फीसदी तक है। यह दो दिन पहले सुबह के समय 60 और शाम को 35 फीसदी तक रही है।

मादक पदार्थों की ...

पता लगाने के लिए आयकर विभाग को सूचना देकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि बरखेड़ा उदा के सरपंच भवानीशंकर मीणा के घर उत्तर प्रदेश के दो व्यक्ति बिना नंबर की काली स्कॉर्पियो-एन कार से आए हैं। कार सरपंच के घर के पीछे बाड़े में खड़ी है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सरपंच के घर दबिश दी। वहां बाड़े में काली स्कॉर्पियो खड़ी मिली और तीन व्यक्ति मौजूद थे। पूछताछ में उनकी पहचान भवानीशंकर मीणा (49), निवासी बरखेड़ा उदा, थाना शामगढ़; मोहम्मद इस्लाम (47), निवासी प्रतापपुर जीवनसहाय, थाना नगर, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश; और सूर्यप्रकाश (59), निवासी सेंट्रल एस्टेट कॉलोनी, थाना इज्जतनगर, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। तीनों को कार समेत शामगढ़ थाने लाया गया। यहां कार मैकेनिक की मदद से वाहन की विधिवत तलाशी ली गई। कार की बॉडी खोलने पर गुप्त स्थानों में छिपाकर रखी गई बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हुई। गिनती में कुल 1 करोड़ 29 लाख रुपए मिले, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया।

पेज एक का शेष

'नरपिशाचों' को ...

सीमेंट का इस्तेमाल किया गया। 18 मार्च 2025 को सौरभ के भाई बबलू ने उसके लापता होने की सूचना दी थी। अभियोजन पक्ष ने वारदात की प्रकृति, शव को छिपाने के तरीके और अपराध की गंभीरता का हवाला देते हुए मृत्युदंड की मांग की थी।

देशभर में चर्चा में ...

की। बचाव पक्ष ने मुस्कान की दोनों बेटियों के भविष्य और परवरिश का मुद्दा उठाया। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाते हुए दोनों दोषियों को मृत्युदंड की सजा सुनाई है।

कैब चालक, होटल...

गईं। जिला शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार चौबे के मुताबिक, इन साक्ष्यों ने अभियोजन पक्ष का मामला मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जय जोहार बोलने...

समाज के गौरव, स्वाभिमान और प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री पटेल ने कहा कि मध्य प्रदेश में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग रहते हैं। 'जय जोहार' सम्मान का शब्द और आदिवासी समाज के गौरव व स्वाभिमान का प्रतीक है। सभी को इसका सम्मान करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी जय जोहार का उद्घोष करते रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि आदिवासी संस्कृति और अस्मिता का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से संबंधित पुलिसकर्मियों की जवाबदेही तय करने और दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

एट्रोसिटी एक्ट में ...

सौंपा जाएगा। जयस की ओर से सरकार से एट्रोसिटी एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए विशेष लोक अभियोजक नियुक्त करने की मांग की जाएगी। अलावा ने कहा कि मामले को लेकर जयस प्रदेशभर में आंदोलन करेगा।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं मान सिंह आत्मज श्री विनय सिंह आयु वयस्क, निवासी–237, डुंगारिया, बैरसिया, भोपाल म.प्र. 462038 मेरे पुत्र का नाम सागर ठाकुर (SAGAR THAKUR) है। त्रुटिवश मेरे पुत्र के स्कूल के स्कालर पंजीयन रजिस्टर में एवं कक्षा 05वी, 08वी, 10वी, 12वी एवं आधार कार्ड, समग्र आईडी एवं कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम मोहन सिंह ठाकुर एवं मोहन सिंह दर्ज हो गया है। मेरा सही नाम मान सिंह (MAN SINGH) है जो कि मेरे आधार कार्ड एवं मेरी मार्कशीट में दर्ज है एवं उसकी माता का नाम रानी ठाकुर है। जो कि उसकी माता के आधार कार्ड व वोटर कार्ड में दर्ज है। जो कि सही व सत्य है। अतः भविष्य में मेरा सही नाम मान सिंह (MAN SINGH) एवं मेरे पुत्र की माता का नाम रानी ठाकुर पढ़ा एवं लिखा जाये।

गलत नाम : मोहन सिंह ठाकुर एवं मोहन सिंह
सही नाम : मान सिंह (MAN SINGH)

मध्यप्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम
(पशु आहार संयंत्र, कीरतपुर, इटारसी)
न्यू ब्रॉयलर भवन, मेन रोड नं. 3, कोटरा सुल्तानाबाद रोड भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष: 0755-2776086 (कार्यालय), mplpdcbpl@rediffmail.com

निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)

पशु आहार संयंत्र, कीरतपुर, इटारसी में संयंत्र की इनटेक मशीन के समीप स्थित मुख्य वितरण कन्वेयर की टेफ़लोन एवं मेटल शीट के नवीनीकरण एवं मरम्मत कार्य हेतु ई-प्रणाली द्वारा ऑनलाइन निविदा (निविदा आई.डी. 2026_MLPDC_543160_1) आमंत्रित की जाती है।
निविदायें दिनांक 15.10.2026 से क्रय कर दिनांक 04.11.2026 तक प्रस्तुत की जा सकती हैं। विस्तृत निविदा, प्रपत्र क्रय एवं अन्य जानकारी हेतु **https://mptenders.gov.in** पर लॉग-ऑन करें।
म.प्र. माध्यम/128591/2026 — प्रबंध संचालक

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल
प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई.डी. नं. d7000000157, आवेदन क्रमांक-13134
आवेदन दिनांक-03/09/2026

क्रमांक 2392 / राजस्व / भौविप्रा /26 भोपाल
दिनांक: 14/10/2026

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की महाराणा प्रताप नगर योजना स्थित भूखण्ड क्रमांक 157 जोन-1 आवंटी श्रीमती चन्द्र कुमारी जैन पत्नी स्व चंद्रकांत जैन एवं फारचयून बिल्डर्स एण्डवेलपर्स बाय प्रोपराईटर श्री अजय मोहगांवकर एवं श्री समीर गुप्ता के संयुक्त नामों पर आवंटित है। संयुक्त आवंटियों में से एक आवंटी श्रीमती चन्द्र कुमारी जैन का स्वर्गवास दिनांक 25/12/2025 को हो जाने के कारण एवं आवंटी श्रीमती चन्द्र कुमारी जैन द्वारा भूखण्ड में अपने हिस्से की संपत्ति की वर्स एवं नामांतरण पत्र में संपत्ति शॉप नं.-बी-3, बी-7, बी-8 का कुल क्षेत्रफल 60.14 वर्गमीटर भू-तल पर दुकान नं. जी-2, जी-3, जी-8, का कुल क्षेत्रफल 49.87 वर्गमीटर मेजनाईन तल का अर्ध भाग का कुल क्षेत्रफल 75.92 वर्गमीटर एवं प्रथम तल का कुल क्षेत्रफल 262.26 वर्गमीटर सम्पूर्ण भाग का वसीयत के आधार पर अपने पुत्र श्री सुनील जैन आत्मज स्व.श्री चंद्रकांत जैन के पक्ष में कर वसीयतनामा दिनांक: 08/11/2023 को पंजीकृत कराया गया। पंजीकृत वसीयतनामा एवं संयुक्त आवंटी श्री अजय मोहगांवकर एवं श्री समीर गुप्ता द्वारा भी भूखण्ड में श्रीमती चन्द्र कुमारी जैन के हिस्से की संपत्ति उनके वारिस श्री सुनील जैन के नाम पर करने की सहमति पत्र प्रस्तुत किया है। श्री सुनील जैन द्वारा आवेदन पत्र साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड एवं पंजीकृत वसीयत एवं सहमति / शपथ पत्र तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड क्रमांक 157 जोन-1 के हिस्से का अपने नाम पर नामांतरण चाहा गया है। नोट: उक्त आम सूचना 2 प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित करावें। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य / दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

आम सूचना

हाउसिंग बोर्ड कालोनी, (एडवोकेट कालोनी) ईदगाह हिल्स, भोपाल में स्थित भवन / भूखण्ड क्र. -57, मण्डल द्वारा श्री शहजाद खान आत्मज स्व. श्री मुराद खान के नाम पर आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख उप पंजीयक कार्यालय में दिनांक 09.08.1991 को पंजीकृत है। श्री शहजाद खान आत्मज स्व. श्री मुराद खान द्वारा लीज रिन्युवल दिनांक 25.08.2026 को मण्डल द्वारा हस्ताक्षर कर प्रदान किये थे, किन्तु लीज रिन्युवल रजिस्ट्रर्ड कराने के पूर्व ही श्री शहजाद खान आत्मज स्व.श्री मुराद खान का स्वर्गवास दिनांक 22.09.2026 को हो गया है। श्रीमती राबिया खान पत्नी स्व. श्री शहजाद खान द्वारा आवेदन पत्र, स्वयं का शपथ पत्र, पुत्र-पुत्री के अनापत्ति शपथ पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र इत्यादि दस्तावेज प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति का नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/ संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार नामांतरण की कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगी।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड, ई-7 अरेरा कॉलोनी, भोपाल में स्थित कार्यालय परिसर प्रथम तल (260.68 वर्गमीटर) मण्डल द्वारा श्रीमती रमिन्दर वालिया पत्नी श्री हरविन्दर सिंह वालिया के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 21/11/2006 को पंजीकृत है। श्रीमती रमिन्दर वालिया पत्नी श्री हरविन्दर सिंह वालिया द्वारा उक्त सम्पत्ति (1) श्री दीपेश जोशी आत्मज श्री डी. एन. जोशी (2) श्रीमती विवा जोशी पत्नी श्री दीपेश जोशी को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय किया गया, जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय में दिनांक 03/04/2024 को पंजीकृत किया गया है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति (1) श्री दीपेश जोशी आत्मज श्री डी. एन. जोशी (2) श्रीमती विवा जोशी पत्नी श्री दीपेश जोशी के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
PM7/25/MPHB/SHOP/21

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र.

प्र.क्र.–0245 / अपील / 2025–26
भोपाल दिनांक 06.10.2026

:: सूचना पत्र ::

प्रति,
01. श्री कृपानिधि लीगल सर्विस द्वारा पंकज श्रीवास्तव निवासी–कोलार
02. श्री राजकुमार पाटीदार आ. रामस्वरूप पाटीदार व अन्य निवासी ग्राम मिसरोद तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र.

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री खालिद मोहम्मद खान आ. स्व. श्री शाहिद सईद मोहम्मद खान निवासी ग्राम छान तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. द्वारा प्रकरण क्रमांक 4255 / अ–6 / 2025–26 में पारित आदेश दिनांक 17.09.2025 से दुखी एवं व्यथित होकर म.प्र. भूदृराजस्व संहिता 1959 की धारा 44(1) के तहत अभ्यावेदन प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है। उक्त में यदि आपको या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 22.10.2026 को इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष समर्थन / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है उपस्थित न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अनुविभागीय अधिकारी
तहसील हुजूर भोपाल

न्यायालय तहसीलदार, नजूल शहर वृत्त, भोपाल (म.प्र.)

प्र.क्र.– 0310 / अ–6 / 2026–27
भोपाल, दिनॉक 31.08.2026

:: सार्वजनिक इश्तेहार ::

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शहनाज खान पत्नी श्री सैयद नाजिर अली निवासी वार्ड नं. 09 प्रेमपुरा मंडीदीप तहसील गोहरगंज जिला रायसेन भोपाल द्वारा ई–पंजीयन संख्या एम.पी.43 आईजीआर 16962026ए 100065153 दिनांक 19.01.2026 के माध्यम खसरा नम्बर 788 / 2, 813 का अंशभाग होकर कुल क्षेत्रफल 800 वर्गफिट स्थित बाग रानी साहिबा सोनिया गाधी कॉलोनी गलियो में भोपाल नामांतरण किये जाने हेतु म.प्र. भू–राजस्व संहिता–1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि नामान्तरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर विज्ञप्ति / इश्तेहार प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय के पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 31.08.2026 को जारी किया गया।

तहसीलदार
नजूल शहर वृत्त, भोपाल











बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
अरेरा कालोनी शाखा : भोपाल

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के साथ पठित सेक्शन 13(12)सपठित नियम (3) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित उधारकर्ताओं/जमानतदारों को डिमांड नोटिस जारी किया तथा नोटिस में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया है।

उधारकर्ता/जमानतदार ऋण चुकाने में असफल रहे है, अतः उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/संपत्ति मालिकों एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का **कब्जा** निम्न वर्णित दिनांक को ले लिया है। ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**redeem** करने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है। उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/संपत्ति मालिकों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा अरेरा कालोनी शाखा, भोपाल** के अधीन होगा।

ऋणी / जमानतदार एवं खाते का नाम	कब्जा की गई संपत्ति का विवरण	मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि
ऋणी- **श्रीमती दर्शना शर्मा पत्नि अमित शर्मा**	बंधक संपत्ति एक रिहायशी फ्लैट नं. एचआईजी- 104, प्रथम तल, खसरा नं. 398/1/3 का भाग स्थित "आम्र रिट्रीट, दानिश गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, ग्राम- बंजारी तहसील कोलार, जिला- भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल 80.30 वर्गमीटर, संपत्ति मालिक- दर्शना शर्मा पत्नि अमित शर्मा चर्तुसीमाएं: पूर्व: खुली जगह, पश्चिम: सीढ़ियां और फ्लैट नंबर 103, उत्तर: खुली जगह, दक्षिण: फ्लैट नंबर 101	20-07-2026 / 13-10-2026 / दिनांक 08-06-2026 को ₹ 30,18,523/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे
ऋणी- **श्री अंकित गर्ग पुत्र श्री महेन्द्र कुमार गर्ग**	बंधक संपत्ति रिहायशी फ्रीहोल्ड डुप्लेक्स नं. 18, विराशा हाईट्स, फेस-2, प्लाट क्षेत्रफल- 104.68 वर्गमीटर रेवेन्यु सर्वे नं. 400/1, 400/2 401/1, 401/2, 401/3, 401/4/1/ख, 401/4/2/ख, 401/4/3ख, 401/4/3/ग, 401/4/3घ, 01/4क, का भाग स्थित ग्राम- बंजारी, वार्ड नं. 82, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल (म.प्र.) संपत्ति मालिक- श्री अंकित गर्ग पुत्र श्री महेन्द्र कुमार गर्ग चर्तुसीमाएं- पूर्व- रोड, पश्चिम- अन्य की भूमि, उत्तर- प्लाट एरिया/रोड, दक्षिण- डुप्लेक्स नं. 19	14-07-2026 / 13-10-2026 / as on 10.07.2026 ₹ 70,99,402/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे

दिनांक : 13.10.2026, स्थान: भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष — किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी। शिक्षा में व्यवधान आ सकते हैं।

वृष — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

मिथुन — चिकित्सीय खर्च और भवन के मरम्मत पर खर्च बढ़ सकते हैं। वाणी में कठोरता रहेगी। वाणी का प्रभाव भी बढ़ेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

कर्क — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

सिंह — न परेशान रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ सकता है। आत्मविश्वास रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

कन्या — शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मन में शान्ति का प्रभाव रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

तुला — बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के स्रोत भी विकसित होंगे। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है।

वृश्चिक — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार की स्थिति मजबूत होगी।

धनु — वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता रहेगी। नौकरी में बदलाव की स





हेल्थ क्वेस्ट

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

सिर की पुरानी चोट में जब फिर से उभरे दर्द



मेरी उम्र 27 वर्ष है। कुछ माह पहले मेरे सिर पर चोट लगी थी। पिछले कुछ समय से चोट वाली जगह पर दर्द हो रहा है। कभी-कभी दर्द तेज हो जाता है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?

-रोहन, रायपुर

आप तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और जो भी वे सजेस्ट करें, सिर की एमआरआई या सीटी स्कैन करवा लें। क्योंकि कई बार चोट लगने पर क्लॉटिंग हो जाती है और उसके कारण दर्द और आगे चलकर कई बार ज्यादा बड़ी परेशानी बन सकती है। इसलिए आप तुरंत डॉक्टर से संपर्क कर जांच कराएं।

मेरी उम्र 53 वर्ष है। कुछ समय पहले पेट के अल्ट्रासाउंड से पता चला कि किडनी के पास सिस्ट हैं। क्या इससे कोई नुकसान नहीं होता? इसका ट्रीटमेंट कैसे होगा?

-दीपक, राजनांदगांव

इस मामले में बगैर रिपोर्ट देखें कुछ भी कहना ठीक नहीं है। सिस्ट किस तरह की है, क्या पोजीशन है वह रिपोर्ट से तय होगा। रिपोर्ट देखकर तय होगा कि ऑपरेट करने की जरूरत है यह दवा से ही ठीक हो सकती है।

मेरी उम्र 38 वर्ष है। कुछ दिन पहले मेरी नाक से अचानक खून रिसने लगा, फिर कुछ समय बाद यह अपने-आप ही बंद हो गया। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हुआ? यह कोई चिंता की बात तो नहीं?

-सुजीत, बिलासपुर

इसको लेकर चिंता करने की कोई बात नहीं है। यह समस्या ज्यादातर गर्मियों में होती है। हालांकि कई बार दूसरे मौसम में भी हो सकती है। कोशिश करें कि जब ब्लड आ रहा हो तो उसे समय बगैर तकिए के लेट जाएं। कुछ देर में अपने आप ही ब्लड बंद हो जाएगा।

मेरी उम्र 62 वर्ष है। दो माह पहले प्रोस्टेट का ऑपरेशन हुआ था। कुछ दिनों से कमर में दर्द हो रहा है। दर्द का रिलेशन ऑपरेशन से तो नहीं है? मैं क्या करूं?

-हरीश, महेंद्रगढ़

चूंकि आपका ऑपरेशन हुआ है। इसलिए बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। हो सकता है कि दर्द की वजह ऑपरेशन हो, लेकिन आपको उस डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए, जिसने आपकी सर्जरी की थी। वह जांच कर इसकी वजह बताएंगे और जरूरत पड़ेगी तो उसका ट्रीटमेंट करेंगे। फिलहाल बगैर डॉक्टर से संपर्क के आप किसी भी तरह की मेडिसिन ना लें।

मेरी उम्र 45 वर्ष है। सर्दी शुरू होते ही हथेलियों में बार-बार रूखापन फील होता है। जेली, ऑयल लगाने के कुछ देर बाद फिर ड्रायनेस होती है, इसकी क्या वजह हो सकती है?

-कुलदीप, दुर्ग

